■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 297
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
1 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1582 :** फ्रांस में फूल्स डे की शुरूआत।
**1793 :** जापान में 'उनसेन' नाम का ज्वालामुखी फटने के वजह से तकरीबन 53000 लोगों की मौत।
**1839 :** कोलकाता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शुरू किया गया।
**1912 :** दिल्ली को भारत की राजधानी और एक प्रांत घोषित किया गया।
**1936 :** ओडिशा को बिहार से अलग करके एक नया राज्य बनाया गया।

**बुद्धि ईश्वर का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ वरदान है, इसका इस्तेमाल पूरी ईमानदारी और सच्ची लगन के साथ करना चाहिए।**

### न्यूयॉर्क टाइम्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट पर भारत की कड़ी प्रतिक्रिया

## हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स पर लगे आरोप भ्रामक

### विदेश मंत्रालय ने कहा- भारतीय छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने सोमवार को न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी, जिसमें दावा किया गया था कि हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने रूस को हथियारों की आपूर्ति करनेवाली एक ब्लैक लिस्टेड एजेंसी को संवेदनशील तकनीकी उपकरण बेचे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस रिपोर्ट को ''तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक'' बताते हुए इसे राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित बताया। मंत्रालय ने आरोप लगाया कि रिपोर्ट ने जान-बूझकर मुद्दों को विकृत किया और भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की। विदेश मंत्रालय ने बयान जारी करते हुए कहा, ''जो भारतीय कंपनी इस रिपोर्ट में उल्लेखित है, उसने अंतरराष्ट्रीय रणनीतिक व्यापार नियंत्रणों और एंडएं -यूजर प्रतिबद्धताओं का पूरी तरह से पालन किया है।'' मंत्रालय ने मीडिया संस्थानों से आग्रह किया कि वे किसी भी रिपोर्ट को प्रकाशित करने से पहले उचित जांच करें, जो इस मामले में नहीं की गई। यह विवाद उस समय उठ खड़ा हुआ जब न्यूयॉर्क टाइम्स ने 28 मार्च को अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि ब्रिटिश एयरोस्पेस निर्माता एचआर स्मिथ ग्रुपग्रु ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड के माध्यम से रूस को तकनीकी उपकरणों की आपूर्ति की थी। उनमें ट्रांसमिटर्स, कॉकपिट उपकरण और अन्य संवेदनशील हिस्से शामिल थे। यह दावा किया गया कि इन उपकरणों को ब्रिटेन और अमेरिका ने रूस को न बेचने के आदेश दिए थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने एचआर स्मिथ से प्राप्त उपकरणों को रूस की एक ब्लैक लिस्टेड एजेंसी रोसोबोरोन एक्सपोर्ट को भेजा था। भारत ने इस मामले को लेकर स्पष्ट किया कि हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड का व्यापारिक ढांचा पूरी तरह से कानूनी और पारदर्शी है और यह किसी भी तरह के अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन नहीं करता।

## दुनिया के सबसे ऊंचे रेल ब्रिज का उद्घाटन 19 को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर जाएंगे। सबसे पहले वे उधमपुर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज (चिनाब ब्रिज) का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वे कटरा (माता वैष्णो देवी) पहुंचकर जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने बताया कि फिलहाल जम्मू रेलवे स्टेशन पर मरम्मत का काम चल रहा है, इस वजह से ट्रेन



सेवा अस्थायी रूप से कटरा से शुरू की जा रही है। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद अगस्त से यह ट्रेन जम्मू से चलना शुरू करेगी। जम्मू से श्रीनगर की दूरी करीब 250 किमी है।25 जनवरी को कटरा-श्रीनगर रूट का सफल ट्रायल हुआ था।

## बिहार में अप्रैल से जून तक पड़ेगी झुलसाने वाली गर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि यहां अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी। पूरे प्रदेश में इस दौरान उच्चतम और न्यूनतम तापमान दोनों ही अधिक रहेगा। सोमवार को जारी आइएमडी की पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में खासतौर पर बिहार के उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में अप्रैल में लू (हीट वेव) के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की आशंका है। यहां करीब तीन से चार दिन लू रह सकती है। इस दौरान पश्चिमी बिहार को सबसे अधिक लू का दौर झेलना पड़ सकता है। शेष कुछ जगहों पर एक से दो दिन लू की स्थिति बन सकती है। आइएमडी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल से जून तक विशेष रूप से दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य में लू (हीट वेव) के दिन भी सामान्य से अधिक रहेंगे। चिंता की बात है कि बिहार का बिहार का ऐसा कोई हिस्सा नहीं है, जहां लू की पहुंच नहीं हो। पूर्वी बिहार में गर्म हवाएं तो चलेंगी, लेकिन यहां लू वाले दिन तुलनात्मक रूप में राज्य के अन्य हिस्सों से कम हो सकते हैं। आइएमडी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में प्री मानसून की बारिश सामान्य से कम ही रहने का पूर्वानुमान है। आइएमडी का पूर्वानुमान है कि अप्रैल में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है।

## मुख्यमंत्री ने गांधी मैदान पहुंचकर दी ईद की मुबारकबाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पूरे देश के साथ सोमवार को बिहार में भी ईद मनाई गई। राज्य के विभिन्न जिलों में सुबह ईद की नमाज अता की गई। राजधानी पटना के गांधी मैदान सहित कई जगहों पर ईद की नमाज अता की गई। इस मौके पर ईदगाहों और मस्जिदों में लोग जमा हुए। इस दौरान सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था की गई थी। खुद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना के गांधी मैदान आए और नमाजियों को ईद की मुबारकबाद दी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंत्री अशोक चौधरी और जमां खां भी गांधी मैदान गये थे। सबने एक-दूसरे को मुबारकबाद दी। मुख्यमंत्री ने ईद के मौके पर प्रदेश एवं देशवासियों को, विशेषकर मुस्लिम भाई बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि खुदा इस मुबारक दिन पर हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और राज्य में सुख शांति एवं समृद्धि आए। उन्होंने अपने शुभकामना संदेश में कहा



कि 'पवित्र रमजान के महीने में रोजेदारों के जरिए की गई इबादतों से उनके घर-परिवार के साथ-साथ प्रदेश और देश में शांति एवं समृद्धि आएगी। मेरी कामना है कि समाज में अमन-चैन, भाईचारा पूरे तौर पर कायम रहे। उन्होंने कहा कि 'ईद का दिन ईनाम का दिन है। खुदा इस मुबारक दिन पर अपने नेक बंदों को ईनाम से नवाजते हैं। खुदा हम सब पर अपनी रहमतों की बारिश करें और हम सबों का जीवन सुख, शांति और समृद्धि से भरा रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक महान देश है। यहां विभिन्न धर्मों, सम्प्रदायों एवं मतावलंबियों के बीच पारस्परिक सौहार्द्र, प्रेम और सहिष्णुता बेमिसाल है। यहां सभी लोग एक दूसरे के पर्व त्याहारों में शामिल होकर खुशियां बांटते हैं और एक दूसरे के धर्मों का सम्मान करते हैं। इसी से प्रदेश एवं देश को मजबूती मिलती है।

## इसीएल के दो क्लर्क रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**धनबाद।** सीबीआई की टीम ने कोल इंडिया की इकाई ईसीएल मुग्मा एरिया के खुदिया कोलियरी कार्यालय में दबिश दी। सीबीआई की टीम ने खुदिया कोलियरी के दो क्लर्क को 15 हजार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई की इस कार्रवाई से ईसीएल में हड़कंप मच गया है। सेवानिवृत कोलकर्मी रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली राशि का भुगतान के लिए रिश्वत की मांग की जा रही थी। पीड़ित कोलकर्मी ने मामले की लिखित शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई की टीम ने मामले की जांच पड़ताल की। जांच पड़ताल के दौरान सीबीआई ने मामला सही पाया। जिसके बाद सीबीआई की टीम ने जाल बिछाकर आज दोनों क्लर्क को रंगे हाथ रिश्वत के रुपए के साथ धर दबोचा। उमेश कुमार सिंह ईसीएल कोलियरी से रिटायर्ड हुए थे। वह रिटायरमेंट के बाद मिलने वाली पावना राशि के भुगतान के लिए लगातार कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। पावना राशि भुगतान के एवज खुदिया कोलियरी कार्यकाल में कार्यरत क्लर्क अरविंद कुमार राय से रिश्वत की मांग की जा रही थी। परेशान होकर उमेश कुमार सिंह ने मामले की लिखित शिकायत सीबीआई से की। शिकायत मिलने के बाद सीबीआई ने जांच पड़ताल की।



# राजद-कांग्रेस के शासनकाल में चीनी मिलों का कब्रगाह बना बिहार : मंगल पाण्डेय

## लालू-राबड़ी के राज में उत्तर बिहार की आधा दर्जन चीनी मिलों में लटक गया था ताला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि राजद-कांग्रेस के शासनकाल (1985-2005) के 20 वर्षों में उत्तर बिहार जो कभी चीनी का कटोरा कहलाता था यहां की आधा दर्जन चीनी मिलें एक-एक कर बंद हो गईं। जंगल राज के भय व दहशत से मिलरों व अन्य उद्योगपतियों का बड़ी संख्या में बिहार से पलायन हुआ। श्री पांडेय ने कहा कि एक जमाने में उत्तर बिहार में 16 चीनी मिलें चलती थीं, उनमें से 7 लालू-राबड़ी के राज में बंद हो चुकी थीं। मिलें बंद होने का असर न सिर्फ रोजगार पर पड़ा, बल्कि लाखों किसान नकदी फसल की खेती से अलग हो गए। पश्चिम चंपारण में नरकटियागंज, लौरिया, मझौलिया, चनपटिया, बगहा और रामनगर में कुल छह चीनी मिलें थीं। चनपटिया चीनी मिल वर्ष 1994 से बंद है। मधुबनी की लोहट चीनी मिल भी जंगल राज के दहशत के दौर में 1996 में जो बंद हुई, आज तक बंद है। मुजफ्फरपुर की मोतीपुर चीनी मिल में सन 1997 से पेराई ठप हो गई। समस्तीपुर जिला मुख्यालय स्थित चीनी मिल में 1985 (कांग्रेस के शासनकाल) से ताला बंद है। श्री पांडेय ने कहा कि लालू-राबड़ी राज में सबसे बुरी स्थिति मिथिलांचल की रही। कभी यहां की सकरी और रैयाम चीनी मिलों का नाम था। 1993 में सकरी और एक साल बाद 1994 में रैयाम में तालाबंदी हो गई। राजद को बताना चाहिए कि यह किसका कार्यकाल था? पूर्वी चंपारण में भी ऐसा ही देखने को मिला। सात चीनी मिलें लालू-राबड़ी और कांग्रेस के राज में तालाबंदी का शिकार हुईं। राजद के दहशत भरे राज में अपराध, भ्रष्टाचार, फिरौती के लिए अपहरण और लूट-खसोट से जहां बिहार के लोग तबाह थे वहीं चीनी मिलों की बंदी ने लाखों गन्ना किसानों व मिलों में कार्यरत करीब एक लाख कामगारों के परिजनों को भुखमरी के गर्त में धकेल दिया। आज उसी राजद, कांग्रेस को उद्योग, पलायन, रोजगार व किसानों की बातें करते हुए शर्म भी नहीं आ रही है।

# अनुमंडल टॉपर रजनीश को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बिहार बोर्ड की परीक्षा में 464 अंक लाकर मसौढ़ी के अनुमंडल टॉपर बना नसीरना चक निवासी मुन्ना प्रसाद का पुत्र रजनीश राज को गांव के स्थानीय लोगों ने सम्मानित किया। मौके पर सोनेलाल प्रसाद, दिनेश प्रसाद, सत्य प्रकाश, अशोक कुमार, वार्ड पार्षद शंभू सिंह, वार्ड पार्षद वीरू कुमार, सुरेंद्र कुमार, संजीत कुमार, अवधेश कुमार, रामजी प्रसाद, राम प्रकाश चौधरी, प्रोफेसर सी पी मंडल, शशि कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित होकर रजनीश कुमार को सम्मानित करने का काम किया। रजनीश कुमार, गिरिजा कुंवर हाई स्कूल से परीक्षा पास की है। चंदन कुमार के मार्गदर्शन में अध्ययन किया इन्होंने अपने माता-पिता अपने गुरु जनों का सहयोग का चर्चा किया। भविष्य में बीपीएससी करना इनका मूल मिशन है।

# सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने हिंदू नववर्ष की दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने समस्त बिहारवासियों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से हर वर्ष सनातनी नव वर्ष की शुरुआत होती है जिसे हिंदू समाज पूजा-पाठ के साथ हर्षोल्लास से मनाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने अपने संदेश में कहा कि हिंदू नव वर्ष के प्रथम दिन देवी-देवताओं की आराधना की जाती है। इस समय प्रकृति भी अपने नए स्वरूप में दिखती है–पेड़-पौधे फूलों और फलों से लद जाते हैं, चारों ओर हरियाली और बसंत की बहार होती है। इस पावन अवसर पर पर्वों का उल्लास हर ओर छाया रहता है। उन्होंने कहा कि हमें अपने कार्यों और संस्कारों पर गर्व है। हमारा नव वर्ष सबसे वैज्ञानिक, सबसे पौराणिक और सबसे सुंदर है। साथ ही उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए सतत प्रयास करने की अपील की। सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमें अपनी छोटी-छोटी सफलताओं का भी जश्न मनाना चाहिए और एक-दूसरे का सहयोग करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने नव वर्ष को एक नए अवसर के रूप में देखने का संदेश देते हुए कहा कि हर दिन हमें सीखने, बढ़ने और कुछ असाधारण करने का अवसर देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कामना की कि यह नव वर्ष बिहारवासियों के लिए आशा, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए। उन्होंने प्रार्थना की कि सभी के घरों में सुख-शांति बनी रहे और उनके सभी प्रयास सफल हों।

# बिहार में चारों ओर हो रहा विकास : नित्यानंद राय

## जंगलराज वाली पार्टी के लोगों को विकास से कोई मतलब नहीं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने सोमवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में चारों ओर विकास हो रहा है, लेकिन तेजस्वी को दिखाई नहीं देता है। अगर दिखाई नहीं देता तो आंखों का इलाज करा लें। नित्यानंद राय ने मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें जनता की आवाज सुनाई नहीं देती तो अपने कान ठीक करवा लें। उन्होंने कहा कि जंगलराज वाली पार्टी के लोगों को विकास से कोई मतलब नहीं है। उनमें लालू यादव, उनके पुत्र, कम्युनिस्ट पार्टी के लोग कहते हैं कि बिहार में विकास नहीं हो रहा है। मैं ऐसे नेताओं को कहना चाहता हूं कि आंख से चश्मा हटाइए और जनता की आवाज को अपने कानों से सुनिए। न वो लोग देखते हैं और न सुनते हैं, वे गूंगे-बहरे हैं। वहीं केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि 20 सालों में बिहार में हुए विकास कार्यों का हिसाब गृह मंत्री ने गोपालगंज की सभा में दिया। उनके (लालू यादव) जमाने में बिहार में सड़क नहीं थी, अब सड़क है। ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड, फोर लेन पटना-सासाराम और आरा होते हुए कॉरिडोर निर्माण की मंजूरी भी मिल गई है। पहले बिहार में स्कूल जर्जर थे, सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं थी, नलों में पानी नहीं था, गुंडाराज था, जंगलराज था, रोजगार नहीं था, पलायन हो रहा था। उन्होंने कहा कि देश की 25 करोड़ जनता गरीबी रेखा से बाहर निकल चुकी है और बिहार में भी लाखों लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठ चुके हैं। बिहार में रोजगार के कई नए अवसर खुले हैं।

# डालमिया भारत ने किया 49.5 एमटीपीए उत्पादन क्षमता का लक्ष्य हासिल

## पूर्व में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिहार के रोहतास प्लांट में अतिरिक्त क्षमता के साथ उत्पादन शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना/बंजारी।** भारत की प्रमुख सीमेंट उत्पादक और प्रमुख सीमेंट कंपनी, डालमिया भारत लिमिटेड (डीबीएल) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपना 49.5 एमटीपीए उत्पादन लक्ष्य हासिल कर लिया है। 30 मार्च, 2025 से बिहार स्थित रोहतास सीमेंट वर्क्स (आरसीडब्ल्यू) में 0.5 एमटीपीए की नई क्षमता के साथ व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो गया है। इस विस्तार के लिए 96 करोड़ रुपए का निवेश किया गया है जिससे इस संयंत्र की कुल क्षमता बढ़कर 1.6 एमटीपीए हो गई है। लाइन-2 की शुरुआत के साथ ही डीबीएल ने पूर्वी भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया है। कंपनी की दीर्घकालिक योजना वर्ष 2031 तक इसकी उत्पादन क्षमता को 110-130 एमटीपीए तक ले जाने की है। इस अवसर पर डालमिया भारत लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, पुनीत डालमिया ने कहा पूर्वी भारत में हमारी बढ़त इस क्षेत्र के विकास में हमारे भरोसे को दर्शाती है। इस विस्तार से हम बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को समर्थन देने और आर्थिक तरक्की में योगदान देने की अपनी क्षमता बढ़ा रहे हैं। यह उपलब्धि हमारे लंबे समय के विकास लक्ष्य को मजबूत करती है। मुझे खुशी है कि हमने वित्तीय वर्ष 2025 के लिए 49.5 मिलियन टन का लक्ष्य पूरा कर लिया है, जो हमारे विस्तार के सफर का एक और अहम पड़ाव है। डालमिया भारत का पूर्वी भारत में मजबूत नेटवर्क है जिसमें बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और ओडिशा की विनिर्माण इकाइयां शामिल हैं। इस विस्तार से कंपनी की सड़कों, रेलवे और हवाई अड्डों जैसे बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने की क्षमता और बढ़ेगी। यह पहल न सिर्फ नए रोजगार के मौके लाएगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक विकास को भी मजबूती देगी। डालमिया भारत नवाचार, सतत विकास और उच्च गुणवत्ता वाले सीमेंट समाधानों के जरिए देश की इंफ्रास्ट्रक्चर जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# रमेश चंद्र की कहानियों पर आधारित नाटक ब्लैक एंड व्हाइट का मंचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** माध्यम फाउंडेशन पटना द्वारा प्रेमचंद रंगशाला के मुख्य मंच पर रमेश चंद्र की कहानियों पर आधारित, विवेक कुमार द्वारा नाट्य रूपांतरित और धर्मेश मेहता द्वारा निर्देशित नाटक ब्लैक एंड व्हाइट का मंचन किया गया। इसके पूर्व रंगशाला के बाहरी परिसर में संस्था रस-रंग, पटना की ओर से सोनवां हाई स्कूल के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक 'मैं बिहार हूं' की प्रस्तुति की गई जिसके लेखक-श्रीकांत, निर्देशक - शिवचंद प्रसाद गुप्ता एवं सहयोग - राज कपूर का रहा। साथ ही पटना नगर निगम की ब्रांड एम्बेसडर नीतू नवगीत द्वारा स्वच्छता पर आधारित कार्यक्रम कर स्वच्छ रहने के लिए संदेश दिया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डिप्टी कलेक्टर कुमार अनुज, राज्य कर आयुक्त समीर परिमल, पटना नगर निगम की ब्रांड एम्बेसडर नीतू नवगीत, बिहार भाजपा के कला संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वरुण सिंह एवं माध्यम फाउंडेशन के सचिव धर्मेश मेहता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मुख्य मंच पर प्रस्तुत नाटक ब्लैक एंड व्हाइट ग्रामीण और शहरी परिवेश में रहने वाले दो स्वप्न जीवियों के स्वप्न वास्तविक जीवन में धराशायी होते दिखाई देते हैं। कोई अपने सपने को त्याग देता है तो कोई उसे लेकर आगे बढ़ता है। एक मोड़ पर दोनों हारते हैं, लेकिन उनके सपने की जीत होती है। सभी चरित्र बिल्कुल सात्विक हैं। यहां न तो कोई नायक है न खलनायक। खलनायक है तो केवल हमारा 'सामाजिक परिवेश'। हम सभी उसी परिवेश के अनुसार अपनी इच्छाओं को आकार देते हैं और बहुधा अपनी महत्वाकांक्षा का दमन करते हैं। आकांक्षा और महत्वाकांक्षाओं के द्वंद को लेकर प्रस्तुत रहा नाटक - 'ब्लैक एंड व्हाइट'। इस नाटक में काम करने वाले कलाकार हैं- होरील शर्मा- राजकपूर, मेहता साहब (प्रोड्यूसर)- धर्मेश मेहता, बाबूराव (डायरेक्टर) - आशीष पांडे, बाबुराम- देवेंद्र झा, अंग्रेज- आशीष पांडे, गार्ड एवं ग्रामीण- ऋतिक कुमार शर्मा, संवरी- सोनल सिन्हा, लक्ष्मी- अनिशा शर्मा, ग्रामीण महिला- मीना देवी एवं चित्र प्रिया, भोलू- विक्की पोद्दार, डाकिया - सुशील बिहारी, होरील का पिता- कंचन वर्मा, ग्रामीण- मोहम्मद सदरुद्दीन, राकेश कुमार। मंच परे - ध्वनि संगीत- सोनू कुमार, प्रोपटी - ऋतिक शर्मा, प्रकाश परिकल्पना- स्पर्श मिश्रा, वस्त्र विन्यास- मो सदरुद्दीन, सहायक निर्देशक- राज कपूर, प्रोडक्शन मैनेजर- राकेश कुमार, रूप सज्जा-मनोज मयंक, मंच सज्जा-सुनील शर्मा एवं विडियोग्राफी-टाइम टू टाइम मीडिया का रहा।

# रविशंकर प्रसाद और नितिन नवीन ने किया पटना एयरपोर्ट के निर्माणाधीन टर्मिनल भवन का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना साहिब के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पटना हवाई अड्डे का निर्माणाधीन नये टर्मिनल भवन का निरीक्षण किया। उनके साथ राज्य के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन भी थे। इस दौरान जीएम प्रोजेक्ट जॉयदीप गांगुली, एयरपोर्ट निदेशक उमाशंकर, टर्मिनल मैनेजर आनन्द सत्संगी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। रविशंकर प्रसाद ने सभी स्थानों पर घूमकर निर्माण कार्य का जायजा लिया और अधिकारियों से बाकी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से इस कार्य का पहला चरण अप्रैल महीना तक पूरा करने का आग्रह किया। ताकि यात्रियों को सुविधा मिलनी शुरू हो सके। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए रविशंकर प्रसाद ने बताया कि वे पटना एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आग्रह करेंगे। वह चाहेंगे कि पीएम आगामी बिहार दौरे पर इस नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के लिए सहमति प्रदान करें क्योंकि यह एयरपोर्ट बिहार के लिए बड़ी सौगात है। बिहार के लाखों यात्रियों को इस एयरपोर्ट के कायाकल्प से बेहतर सुविधा मिलेगी। अनुमानित 14 सौ करोड़ की लागत से नए टर्मिनल भवन एवं यात्री सुविधाओं का कार्य हो रहा है। साथ ही उड़ान स्कीम के अंतर्गत पटना के अलावा बिहटा, पूर्णिया, भागलपुर में भी नए एयरपोर्ट का निर्माण प्रस्तावित है तथा भागलपुर एवं राजगीर में दो नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट की घोषणा इस नए बजट में भी की जा चुकी है। उन्होंने प्रोजेक्ट मैनेजर से आग्रह किया कि कुछ नये भवन में कुछ ऐसी दृश्य को दर्शाया जाए जो बिहार के विरासत और परंपरा का प्रतिबिंब हो।

# अब कटरा से श्रीनगर की यात्रा होगी मात्र 3 घंटे में

## वंदे भारत से इस रूट पर अब यात्रा होगी आसान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** यूएसबीआरएल परियोजना के पश्चात अब कई सालों का इंतजार खत्म हो जाएगा। जम्मू से श्रीनगर के बीच वंदे भारत चलने से कई घंटों की समय बचत होगी। कटरा से श्रीनगर की यात्रा अब केवल 3 घण्टे में होगी। अभी सड़क से यात्रा में 6 से 7 घंटे लगते हैं। फिलहाल वंदेभारत को कटरा से श्रीनगर के बीच चलाने की योजना बनायी गयी है। अभी वैली में श्रीनगर से लेकर संगलदान तक ट्रेनों का आवागमन होता है। अब संगलदान से कटरा तक रेललाइन चालू होने के बाद इन ट्रेनों को कटरा तक चलाया जा सकता है।

**यूएसबीआरएल परियोजना :** वर्ष 2009 में काजीगुंड-बारामूला सेक्शन शुरू हो गया था। वर्ष 2013 में 18 किलोमीटर बनिहाल-काजीगुंड सेक्शन, वर्ष 2014 में 25 किलोमीटर ऊधमपुर-कटरा, वर्ष 2023 में बनिहाल से संगलदान और अब संगलदान से कटरा के बीच शुरू होने वाली है। दुनिया का सबसे ऊंचा रेल आर्च ब्रिज- चिनाब ब्रिज इस परियोजना का हिस्सा है। टनल, पुल और वैली से अब रेल सफर और आनंदमय होगा।

# सृजनोत्सव : छात्रों की प्रतिभा और नवाचार का अनूठा संगम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना के स्कूल ऑफ क्रिएटिव लर्निंग में आयोजित दस दिवसीय सृजनोत्सव का भव्य समापन वार्षिकोत्सव के रूप में संपन्न हुआ। इस आयोजन में छात्रों की अद्भुत प्रतिभा, नवाचार और रचनात्मकता का प्रदर्शन हुआ, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत रोबोटिक दीप प्रज्वलन और स्मार्ट इनॉगुरल लैंप से हुई जिसमें अतिथियों ने दीपगान के साथ दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर भारत सरकार के पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री संजय पासवान ने छात्रों को अपनी संस्कृति से जुड़ने और किसी भी कार्य को मनोयोग से करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय की शिक्षण पद्धति की सराहना करते हुए इसे 'वृहदारायण अवधारणा' का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। ए0 पी0 सी0 एल0 के अध्यक्ष भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्त) के अधिकारी विजय प्रकाश ने इसे एक क्रांतिकारी प्रयोग करार देते हुए कहा कि यह उत्सव विभिन्न प्रतिभाओं के बच्चों को उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान 'इनोफेस्ट' में छात्रों द्वारा निर्मित राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पुरस्कृत दस सर्वश्रेष्ठ नवाचार मॉडल प्रदर्शित किए गए। 'वर्ल्ड ऑफ रोबो' में विद्यार्थियों के तैयार किए गए रोबोट्स की कार्यक्षमता का प्रदर्शन हुआ जबकि 'कबाड़ से जुगाड़' प्रदर्शनी में 'हल चलाते नीलगाय' की कलाकृति ने पर्यावरण संरक्षण और संसाधनों के सदुपयोग का संदेश दिया। कार्यक्रम में भारतीय प्रशासनिक सेवा (सेवानिवृत्त) के अधिकारी आनंद बिहारी प्रसाद ने विद्यालय की गतिविधियों को अन्य शिक्षण संस्थानों तक ले जाने की जरूरत पर बल दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृदुला प्रकाश ने इस अवसर पर विद्यालय की विशिष्टताओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से समाज के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की। पटना जिला पार्षद गुड्डू देवी, जमसौत के मुखिया राजेंद्र बेलदार और हथियाकांड के मुखिया रवींद्र मुखिया ने भी शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और छात्रों की रचनात्मकता की सराहना की। समारोह में खेलकूद, क्रिएटिव ओलंपियाड और समर कैंप के विजेताओं को सम्मानित किया गया। साथ ही शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 'रोल ऑफ ऑनर' से नवाजा गया। इस दौरान नौ छात्रों को विभिन्न स्कॉलरशिप भी प्रदान की गईं। कार्यक्रम के सफल संचालन की जिम्मेदारी सजीली ने निभाई जबकि समापन में ए0 पी0 सी0 एल0 के उपाध्यक्ष अवधेश नारायण ने सभी का आभार व्यक्त किया। सृजनोत्सव 2025 सिर्फ एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बन गया, जिसने सीखने, सृजन करने और आनंद लेने का अनूठा अवसर प्रदान किया।

# गांधी मैदान में हुआ सामूहिक नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मसौढ़ी।** ईद उल फितर के मौके पर प्रदेश भर में हर्षोल्लास के साथ मुस्लिम भाइयों के बीच उत्साह का माहौल है। ऐसे में मसौढ़ी में भी ईद की धूम मची रही। गांधी मैदान में सामूहिक रूप से ईद की नमाज पढ़ी गई जहां मुल्क की सलामती और अमन चैन की दुआ मांगी। इस मौके पर गांधी मैदान में अनुमंडल प्रशासन की टीम मुस्तैद रही, सबसे पहले तारेगना ईदगाह पर 6:30 बजे नमाज अता की गई। उसके बाद पुरानी बाजार मस्जिद में भी नमाजियों ने नमाज पढ़ी और पूरे अनुमंडल में कुल 37 जगहों पर ईद के मौके पर पुलिस मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई थी। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि मसौढ़ी अनुमंडल में स्थापित नियंत्रण कक्ष से सभी जगहों पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। तीन पालियों में 20 कर्मचारियों की ड्यूटी मुस्तैद की गई है। शहर के चप्पे-चप्पे पर कैमरे लगाए गए हैं।

# रंगमंच व लोकसंस्कृति की शानदार प्रस्तुति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** सांस्कृतिक संस्था 'इमैजिनेशन' द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 'बिहार रंग महोत्सव : बिहारंगम-2025' बिहार पुलिस को समर्पित रहा और रंगमंच व लोकसंस्कृति की शानदार प्रस्तुतियों के साथ स्थानीय बीएमपी 5 सभागार में संपन्न हुआ। हर साल इस महोत्सव में कला से जुड़े लोगों को 'बिहार रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाता रहा है और इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष यह सम्मान नाट्य निर्देशन के क्षेत्र में दिया जा रहा है। बिहार रत्न सम्मान (सीनियर): वरिष्ठ रंगकर्मी विनोद राय (एनएसडी पासआउट) बिहार रत्न सम्मान (जूनियर) : युवा नाट्य निर्देशक अभिषेक राज (ड्रामेबाज) को दिया गया। इस महोत्सव के अंतिम दिन आलोक राज (डीजी, बिहार पुलिस) प्रिया प्रकाश, (ए.जी.एम. बैंकिंग डिपार्टमेंट, आर.बी.आई.) वीणा कुमारी, अभय नारायण सिंह, परवेज अख्तर (वरिष्ठ रंगकर्मी) राजेश शर्मा (डी.एस.पी. बी.एम.पी.-5, ज्योति परिहार (डायरेक्टर किलकारी बिहार बल भवन) मौजूद रहे। पहली प्रस्तुति में आरबीआई और आईओसीएल के लिए जागरूकता फैलाने हेतु नुक्कड़ नाटक किया गया। दूसरी प्रस्तुति पटना के 'आमद' समूह द्वारा प्रस्तुत 'सामा-चकवा'' लोक नृत्य ने बिहार की ग्रामीण संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। यह प्रस्तुति नारी प्रेम, समर्पण और लोक परंपरा को दर्शाने वाली रही जिसमें गीत, संगीत और नृत्य का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। तीसरी प्रस्तुति 'कुमार उदय सिंह' द्वारा निर्देशित 'लौंडा नाच' ने बिहार की पारंपरिक नृत्य शैली को जीवंत कर दिया। यह नृत्य रूप बिहार की रंगमंचीय विरासत का एक अहम हिस्सा है जिसे मंच पर देखना एक अनूठा अनुभव रहा। चौथी प्रस्तुति नाटक 'मानो ना' की प्रस्तुति हुई जिसे अभिषेक राज ने लिखा और निर्देशित किया। 'किलकारी बिहार बाल भवन' द्वारा प्रस्तुत यह नाटक सामाजिक संवेदनाओं और मानवीय रिश्तों की गहराइयों को छू गया।

# तीसरी आंख से हो रही शहर की निगरानी, अनुमंडल कार्यालय बना कंट्रोल रूम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** अब अपराधियों की खैर नहीं, अपराधी बचकर नहीं निकल सकते हैं। दरअसल पूरे मसौढ़ी शहर में चप्पे-चप्पे पर तीसरी आंख से निगरानी शुरू हो चुकी है। मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जहां एसडीएम अमित कुमार पटेल के निर्देशन में पूरे शहर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। फिलहाल 50 कैमरे लगाए जा चुके हैं, जो मसौढ़ी के स्टेशन रोड, मेन रोड, कैलूचक, ब्लॉक रोड, पटेल नगर, गांधी मैदान रोड, रजिस्ट्री कार्यालय रोड आदि जगहों पर कैमरे लगाए जा चुके हैं। सेकंड फेज में 125 कैमरे और लगाए जाएंगे। तकरीबन ढाई सौ कैमरे पूरे शहर के चारों तरफ लगाए जाएंगे। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने बताया कि अनुमंडल प्रशासन के द्वारा सबसे पहले क्राइम स्पॉट को चिन्हित किया गया है और पहले फेज में तकरीबन 125 कैमरे लगाए जा रहे हैं। खासकर मसौढ़ी में विधि व्यवस्था के संधारण के मद्देनजर सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। गांधी मैदान के आसपास सभी जगह पर कैमरे की निगरानी होगी। इसके अलावा मसौढ़ी मेन रोड, स्टेशन रोड, कर्पूरी चौक और रेलवे गुमटी चौराहा के पास कैमरे लगाए जा रहे हैं। पहले से भी मसौढ़ी शहर में कई जगहों पर कैमरे लगाए गए हैं। उसकी भी मॉनिटरिंग अब अनुमंडल कार्यालय कक्ष से होगी। अनुमंडल कार्यालय में नियंत्रण कक्ष में 20 कर्मचारियों की ड्यूटी मुस्तैद की गई है जो तीन पालियों में यह काम करेगी। एक पाली में तीन कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। अब शहर के चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है। ताकि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके।

# धूमधाम से मनाया गया श्री दादीजी का सिंधारा महोत्सव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शक्तिधाम सेवा न्यास द्वारा आज बैंक रोड स्थित शक्तिधाम मंदिर में श्री राणीसती दादीजी का सिंधारा महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि दादीजी की सेवा में विशेष श्रृंगार किया गया, मेहंदी लगाई गयी, चूड़ा पहनाया गया तथा पूरे मन्दिर को बहुत हीं आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा छप्पन भोग लगाया गया जो सभी के मन को मोह रहा था। अग्रवाल ने बताया कि दादी भक्तों के सहयोग से दादीजी के लिए स्वर्ण निर्मित हाथ के दो कंगन, हार, मुकुट एवं कुण्डल भेंट किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में महिलायें राजस्थानी वेश भूषा में सजकर लाल पीली साड़ी पहने दादीजी का आह्वान भी कर रही थी। शक्तिधाम महिला मंडल के द्वारा किये जा रहे इस भजन कीर्तन में भक्ति रस की धारा बह रही थी तथा सभी उपस्थित समुदाय भक्ति रस में डूबे जा रहे थे। भजन कीर्तन की समाप्ति के बाद सभी भक्तों के बीच फल एवं मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि में शयन आरती के समय श्री दादीजी की विशेष शयन आरती हुई। रात्रि आरती में काफी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने भाग लिया तथा माता से आशीर्वाद लिया। भजन कीर्तन एवं रात्रि आरती में शक्तिधाम महिला मंडल की शकुंतला अग्रवाल, सरिता बंका, इंदिरा खंडेलवाल, रेखा मोदी, चन्दा पोद्दार, प्रेम लता गोयल, सरोज बंका, अनसुया खेतान, रिमझिम सर्राफ सहित अन्य सदस्यों ने मुख्य रूप से भाग लिया। एम पी जैन ने बताया कि इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, रमेश अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, रौशन सर्राफ, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल सहित न्यास के अन्य लोगों ने मुख्य भूमिका निभाई।

# अकीदत के साथ मना ईद का त्योहार

## गंगा-यमुनी तहजीब का शहर है डिहरी : अख्तर अंसारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**डिहरी ऑन-सोन।** प्रेम व भाईचारा का त्योहार ईद काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जहां ईद को लेकर बड़े, बच्चे, बूढ़े सभी ने नए-नए कपड़े पहन कर मस्जिद पहुंचे। साथ ही डिहरी शहर क्षेत्र के नजदीकी ईदगाह मस्जिद ईदगाह मोहल्ला, मदनी मस्जिद जक्खी बिगहा, नूरानी मस्जिद तिरपाल कंपनी, गौसिया मस्जिद नील कोठी, मक्का मस्जिद जक्खी बिगहा, सागिरीया मस्जिद नीलकोठी, स्टेशन रोड मस्जिद, न्यू डिलीया मस्जिद, बेलाल मस्जिद मथूरी, कमरनगंज मस्जिद, रहमानिया मस्जिद न्यू सिधौली, मोती मस्जिद अंसारी टोला तारबंगला जामा मस्जिद बारह पत्थर में तमाम रोजेदारों ने जामा मस्जिद व ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले मिल प्रेम व भाईचारे के साथ शांति की कामना करते हुए मुबारकबाद दी।

लोगों ने दिन भर एक दूसरे के घर जाकर लजीज व्यंजनों एवं सेवई का लुफ्त उठाया। बच्चों में ईद पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। एएसपी सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कोटा किरण कुमार ने ईदगाह मुहल्ला स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने आए रोजेदारों से मुलाकात की और उन्हें ईद की दिली मुबारकबाद दी। वहीं पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेन्द्र कुमार ने बारह पत्थर जामा मस्जिद के समीप ईद मिलन के दौरान नमाजियों से कहा कि रमजान की इबादतों और सब्र के बाद आई यह ईद हमें भाईचारे, मोहब्बत और इंसानियत का संदेश देती है। दुआ है कि यह त्योहार सभी के जीवन में खुशहाली, अमन और बरकत लेकर आए। मौके पर बीडीओ अजीत कुमार, सीओ संजय कुमार, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि सह राजद के प्रदेश नेता गुड्डू चन्द्रवंशी, राजद नगर अध्यक्ष धनंजय यादव, मुन्ना लाल कसेरा, कुंवर सिंह, समाजसेवी अख्तर अंसारी, कुदूश कुरैशी, नसीम अख्तर, पंकज गुप्ता उर्फ गुड्डू, जोखन चंद्रवंशी, अर्जुन केशरी, धनंजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे। वरिष्ठ समाजसेवी पानी वाले के नाम से प्रसिद्ध अख्तर अंसारी ने नवाज अदा करने के बाद सभी अधिकारियों तथा मुस्लिम भाइयों के बीच पानी का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गंगा यमुनी तहजीब का शहर है डिहरी। उन्होंने कहा कि आज पूरे मुल्क के लोग एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दे रहे हैं।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने एसएफसी के सीएमआर गोदाम का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल पदाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने नौहट्टा प्रखण्ड मुख्यालय स्थित एसएफसीके सीएमआर गोदाम व जन वितरण प्रणाली दुकान का औचक निरीक्षण सोमवार को किया। इस क्रम में जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को स्पष्ट तौर पर निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान व ससमय खाद्यान्न का वितरण करना सुनिश्चित करेंगे। जांच में साफ-सफाई एवं अन्य त्रुटियों के सुधार हेतु सम्बंधित पर स्पष्टीकरण किये जाने के लिए सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रिंस कुमार को निदेशित किया। निरीक्षण के क्रम में नौहट्टा, उली बनाही समेत तीन पंचायतों में सात जन वितरण प्रणाली दुकान के पंजी और गोदाम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दो दुकानों के बाहर लगे बोर्ड नवीकृत नहीं था। उस पर तिथि, स्टोक समेत कई बिंदू अंकित नहीं थे जिसे अंकित करने का निर्देश दिया गया और सभी दुकानदारों को शिकायत पंजी रखने का निर्देश दिया गया जहां त्रुटि होने पर उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सकेंगे। स्टोक और पंजी का मिलान किया गया। एसएफसी गोदाम निरीक्षण में सब कुछ ठीक पाए गए। निरीक्षण के क्रम में कई गांवों में प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जोड़ने में गड़बड़ी की शिकायत भी मिली जिसका सत्यापन कर उचित कार्यवाही करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। मौके पर बीडीओ मेहनाज जबीं, जिला सहायक आपूर्ति पदाधिकारी समेत कई अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।

# रामोत्सव पखवाड़ा के तहत सरैया में कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अनुमंडल क्षेत्र के ग्राम सरैया के हनुमान मंदिर के प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद के द्वारा रामोत्सव पखवाड़े के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के आदर्श चरित्र पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें उपस्थित लोगों को श्री राम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार विभाग के क्षेत्र प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा के प्रेरक भाषण से हुई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि श्री राम का जीवन एक आदर्श है जिसमें भाईचारा, पुत्र धर्म, पति धर्म, पिता का प्रेम और मित्रता के सर्वोत्तम उदाहरण छुपे हुए हैं। हमें भी श्री राम के आदर्शों पर चलकर अपने जीवन को उपयोगी बनाना चाहिए। जिला मंत्री यश उपाध्याय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से आह्वान किया कि प्रभु श्रीराम के दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम परिवार और समाज में एक सुंदर और सकारात्मक वातावरण का निर्माण कर सकते हैं। इस पवित्र अवसर पर समाजसेवी हंसराज कुमार, मुखिया संजय चौधरी, उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता, अभय विजय, सोनू अभिषेक सहित दर्जनों महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे और इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने। कार्यक्रम के अंत में धार्मिक भजन-कविता और अर्पण के साथ प्रभु श्री राम के प्रति श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक उत्साह को बढ़ाया बल्कि समाज में श्री राम के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा भी दी।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए उमा नाथ गोस्वामी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के तारबंगला में पिरो प्रखंड के भाजपा के पूर्व अध्यक्ष, सेवानिवृत प्रधानाचार्य स्वर्गीय उमानाथ गोस्वामी की 10 वीं पुण्यतिथि पर उनके ज्येष्ठ पुत्र प्रतिनिधि सभापति बिहार विधानपरिषद प्रकाश गोस्वामी ने अपने भाई पंकज गोस्वामी एवं पूरे परिवार की उपस्थिति में उनके तैल-चित्र पर पुष्पांजलि के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही अपने पिता को याद करते हुये कहा कि उन्होंने सरकारी शिक्षक रहते हुये कई विद्यार्थियों के मन में शिक्षा की अलख जगाई और उन्हें जीवन को सफल बनाने के सही मार्ग दिखाए वही सामाजिक सरोकार से भी सदैव जुड़े रहे। उपस्थित लोगों ने उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह, महिला कॉलेज के प्राचार्य दिग्विजय सिंह, आरएसके पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर आनंद कुमार सिंह, मुखिया सह पैक्स अध्यक्ष कुमार रितेश सिंह, भाजपा नेता अमित पटेल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# नमाजियों को गुलाब की फूल भेंट कर पूर्व उप मुख्य पार्षद ने ईद की दी मुबारकबाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोचस।** नगर पंचायत कोचस के पूर्व मुख्य उप पार्षद रूबी देवी ने कोचस राष्ट्रीय उच्च मार्ग स्थित ईदगाह मैदान में नमाजियों को गुलदस्ता व गुलाम भेंट कर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर जलपान व टोपी की भी व्यवस्था की गयी थी। जैसे ही मुस्लिम भाइयों ने ईदगाह के मैदान से नमाज अता कर बाहर निकलते पूर्व उप मुख्य पार्षद द्वारा गुलदस्ता भेंट कर उन्हें मुबारकबाद दी गयी। इससे गंगा जमुनी तहजीब को बल मिला। वही मुस्लिम भाइयों ने अपने हिन्दू भाइयों को भी इस माहे रमजान पर्व की मुबारकबाद दी व दोनों समुदाय के लोग एक-दूसरे के साथ हंसी-खुशी गले भी मिले। इसके साथ ही पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण वातावरण में नमाजियों द्वारा नमाज अदा की गयी जिसमें कोचस सहित परसिया, शेख बहुअरा, परसथुआ, कपसिया, कुछिला, गारा, नौवा, नरवर, अन्हारी, बहोरनापुर आदि ईदगाहों में नमाज अदा कर देश में अमन-चैन खुशहाली कायम करने के लिए अल्लाह से दुआ की गयी।

# बिहार के भविष्य हैं मुकेश सहनी : लल्लू चौधरी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सोमवार को विकासशील इंसान पार्टी के जोनल कार्यालय में लाला कॉलोनी जगजीवन कॉलेज के पीछे वीआईपी सुप्रीमो पूर्व मंत्री बिहार के भविष्य गरीबों के आवाज मुकेश सहनी का 44वें जन्मदिन के शुभ अवसर पर केक काटकर मनाया गया। इस शुभ अवसर पर उनके दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष लल्लू चौधरी ने बताया कि बिहार के भविष्य हैं मुकेश साहनी। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष राजू चौधरी, नीरज यादव, पार्षद सोनू चौधरी, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी, पार्षद पतिनिधि राम लखन चौधरी, राजन चौधरी, संजय यादव, प्रदेश सचिव, राजेश चौधरी, विमल कुमार सिंह, देवराज चौधरी, मनोज कुमार सिंह, अमित चौधरी, बृजभूषण सिंह, सत्येंद्र चौधरी, भारत चौधरी, दिनेश निषाद, पप्पू नटराज, राजू चौधरी, लखन चौधरी, अमित कुमार, कुंदन चौधरी, संजय चौधरी, विकास कुशवाहा, अरुण चौधरी, बाबू चौधरी, उमेश चौधरी, शिव गांधी इत्यादि उपस्थित हुए।

# विद्यार्थियों की सफलता ने नया कीर्तिमान स्थापित किया : संतोष कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** संत जोसेफ स्कूल परिसर में रविवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा नौवीं के विद्यार्थियों हेतु सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत प्रत्येक कक्षा वर्ग से प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं तीनों वर्गों में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कार्यक्रम में आए अतिथि द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं अंक पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों में इस अवसर पर प्रसन्नता की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि एक्साइज इंस्पेक्टर कपिल देव कुमार, स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, भारत स्काउट एंड गाइड जिला संगठन आयुक्त संजीत कुमार, स्कूल प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि एक्साइज इंस्पेक्टर कपिल देव कुमार द्वारा इस अवसर पर विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। साथ ही यह भी बताया गया कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि एवं प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होती है और वह अध्ययन के क्षेत्र में बेहतर से और अधिक बेहतर करने हेतु अभिप्रेरित होते हैं। स्कूल निदेशक संतोष कुमार ने सभी क्लास टॉपर्स को उनकी मेहनत और उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और परिश्रम के साथ-साथ शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। कार्यक्रम में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र प्रतिक राज, स्मिता कुमारी, प्रिया कुमारी, श्रेया कुमारी, लकी सिंह, समृद्धि सिंह, आराध्या कुमारी, अनुष्का कुमारी, श्रीशा सिंह, तृषा सिंह, शुभम कुमार राकेश विभोर, सिद्धार्थ तिवारी, नवीन कुमार वर्मा, प्रांजल कुमार, ऋषभ कुमार, रोशनी प्रकाश, हरिओम कुमार, वेदांश कुमार, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं आकांक्षा कुमारी, आध्या तिवारी, श्री भगवान कुमार, रुचिता कुमारी, अनुष्का गुप्ता, अदिति कुमारी, अनिष्का कुमारी, दीपाली कुमारी, सौम्या कुमारी, आगा कावेरी, अंकुश कुमार, तृषा सिंह, आस्था सिंह, मानवी पांडे, शिवानी कुमारी, परी कुमारी, समानी मेहता, ध्रुव राज, अनुश्री सिंह, वंशिका कुमारी, अयांश प्रताप तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थी शिवानी कुमारी, सुहाना कुमारी, आदित्य कुमार, साक्षी प्रिया, प्रसून कुमार निराला, मानव कुमार, कीर्ति कुमारी, साक्षी कुमारी, आर्य, सूरज कुमार, कीर्ति कुमारी, दर्पण कुमारी, सार्थक सिंह, संभावि कुमारी, प्रीतेश जायसवाल, अपेक्षा कुमारी, आरोही राज, आयुष कुमार, अभी कुमार, सौम्या कुमारी, सौरभ कुमार इत्यादि सम्मानित हुए।

# ईद के खास मौके पर खानकाह-ए-मुजिबिया पहुंचे विधायक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** रमजान के पवित्र महीने के बाद आज देशभर में मुसलमानों ने ईद की खुशियां मनाई। इस मुबारक अवसर पर फुलवारीशरीफ खानकाह में पूर्व मंत्री श्याम रजक, पूर्व विधायक अरुण मांझी एवं भाकपा माले फुलवारी विधायक गोपाल रविदास खानकाह-ए-मुजिबिया पहुंचे जहां उन्होंने मुस्लिम समुदाय के भाई-बहनों को ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के बाद नेताओं ने सभी से मुलाकात की। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा सभी लोग ईद को खुशी और उल्लास के साथ मनाएं। ईद की नमाज के बाद खनकाह में लोगों से गले मिलकर उन्हें बधाई दिए।

## साढ़े तीन लाख की साइबर ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** साइबर थाना में सासाराम के गोरक्षणी निवासी सतेंद्र सिंहा ने डिजिटल मार्केटिंग के नाम पर तीन लाख 23 हजार 340 रुपए की साइबर ठगी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

# गर्म हवा व लू चलने से खड़ी फसलों में अगलगी की घटना से बचाव का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** कृषि सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि कुछ जिलों से अगलगी के कारण खड़ी फसलों के नुकसान की सूचना मिल रही है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर तक के पदाधिकारियों, प्रसार कार्यकर्ताओं को निदेश दिया गया है कि किसानों को अगलगी से फसलों के बचाव के लिए सम्मिलित प्रयास किया जाय। कृषि सचिव ने कहा कि तेज हवा के साथ गर्मी खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रही हैं। कही- कही गर्म हवा से बिजली के तार से निकली हुई चिंगारी तो कही फसल कटाई के लिए उपयोग होने वाले बड़े कृषि यंत्र विशेषकर कंबाईन हार्वेस्टिंग में घर्षण से निकली चिंगारी से फसलों में अगलगी की घटना हो रही हैं।

**अगलगी से बचाव के लिए किसानों को सलाह**

श्री अग्रवाल ने कहा कि अगर गेहूं की फसल तैयार है तो किसान जल्द से जल्द फसल की कटाई कर ले। फसल कटनी में विलम्ब की स्थिति में खेत के आसपास गड्ढा में पानी इकट्ठा करके रखें और पानी के साथ-साथ बालू भी रखें ताकि जल्द से जल्द आग बुझाई जा सके। कटाई के लिए उपयोग होने वाले यंत्रों की जांच और साफ सफाई कर लें ताकि घर्षण की घटना न हो। खेत के आसपास सूखे घास फूस का ढेर नहीं रहने दें।

# देशी शराब के साथ तस्कर चढ़ा आरपीएफ के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल डिहरी के सहायक उप निरीक्षक सरोज कुमार, प्रधान आरक्षी रंजीत कुमार, आरक्षी अभिमन्यु सिंह एवं आरक्षी बरुण कुमार सिंह ने डिहरी ऑन सोन स्टेशन से एक शराब तस्कर अयोध्या कुमार पिता-सुनील पासी, निवासी बांक वार्ड नंबर 4, थाना अकोढ़ी गोला, जिला रोहतास को 8,680 रुपया मूल्य के 24.800 लीटर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई हेतु रेल थाना डिहरी ऑन सोन को सुपुर्द किया गया।

# कादिरगंज में पुलिस हमले की जांच शुरू, उपद्रवियों को किया जा रहा चिन्हित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के पांडे बीघा गांव में बीते शनिवार की रात गंजा मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने गए पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने रोड़ेबाजी कर दी थी जिसमें तीन पुलिसकर्मी जख्मी हो गए थे। इस पूरे मामले में वरीय पुलिस के निर्देशन पर सभी उपद्रवियों की पहचान किया जा रहा है। मामले में 11 लोगों पर नामजद और 20 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। फिलहाल तीन महिला की गिरफ्तारी भी हुई है। बताया जाता है कि कादिरगंज थाना कांड संख्या 12/2025 में फरार अभियुक्त कॉलेश कुमार उर्फ अमित कुमार को पुलिस गिरफ्तार करने के लिए गई हुई थी और गिरफ्तार कर जैसे ही उसे गाड़ी में बिठाकर ले जाने लगे तभी स्थानीय लोगों ने चोर-चोर हल्ला मचा दिया और दो दर्जन से अधिक ग्रामीण वहां पर जुट गए और आरोपी को छुड़ा ले गये। इस पूरे मामले में थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया कि ग्रामीणों ने पुलिस के साथ हाथापाई की थी पिस्टल छिनने का प्रयास किया था जिसमें जख्मी अवर निरीक्षक रवीश कुमार के बयान पर 11 नामजद और 15-20 अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आरोपियों को चिन्हित किया जा रहा है, उपद्रवियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# राजेंद्र विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** शहर के महावीर स्थान स्थित जिले का प्रथम आई सी एस ई मान्यता प्राप्त राजेंद्र विद्यालय में रविवार को दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। हर साल की भांति इस साल भी बच्चों ने कई मनमोहक और नई प्रस्तुतियां दी। इन सभी कार्यक्रमों को लेकर विद्यालय में विगत महीने से काफी जोरो-शोरों से तैयारी चल रही थी। विद्यालय परिसर में विगत महीने से बच्चों की तैयारियां जोरों पर थी और सभी बच्चे मन लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्य कर रहे थे। बच्चों ने कई प्रकार के नृत्य, कई राज्यों के नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा बच्चों द्वारा कई प्रकार के नाटकों का आयोजन किया गया जिनमें द्रोपदी चीर हरण महाभारत, आर्मी स्किट, ओल्ड एज होम स्किट, आईएएस इंटरव्यू स्किट, सिंड्रेलाड्रामा, आदिवासी नृत्य, बिहू नृत्य, कथक, भरतनाट्यम, कांतारा थीम परफॉर्मेंस, जिम्नास्ट, कव्वाली, गीत, झांकी, बॉलीवुड रेट्रो डांस, घूमर नृत्य और बहुत सारे प्रेरणादायक और संदेशदायक प्रस्तुतियां आदि प्रस्तुत की। इस अवसर पर बच्चे कई रंग-बिरंगे परिधानों में सजे हुए विद्यालय परिषद में सुशोभित हो रहे थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। विद्यालय अध्यक्ष, प्राचार्य और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम को सफल बनाने में अपराजिता सिन्हा, आलोकित सिन्हा, गीता सिंह, किरण तिवारी, सरिता श्रीवास्तव, खुशी सिंह, ज्योति पांडेय, लावण्या, रितु, चांदनी कुमारी, जितेंद्र कुमार, फ्लोरीन फ्रांसिस आदि के महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके साथ-साथ विद्यालय के अन्य शिक्षा कर्मचारियों का भी अमूल्य योगदान रहा।

# राम-जानकी ठाकुरबाड़ी मंदिर में सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में श्री राम जानकी मंदिर न्यास कमेटी के द्वारा आयोजित सात दिवसीय रामलीला के छठे दिन सूर्पनखा कांड एवं सीता हरण का वर्णन देखकर श्रद्धालुओं काफी गदगद हुए। इस मौके पर सूर्पणखा के नाक काटने एवं सीता का हरण का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु रामलीला देखने के लिए पहुंचे हुए थे। महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मिर्जापुर काशी से आए कलाकारों के कला के प्रस्तुति से काफी गदगद नजर आए। मिर्जापुर उत्तर प्रदेश से चलकर रामलीला दिखा रहे कलाकारों ने लक्ष्मण शक्ति रामविलाप द्रोणागिरी पर्वत पर हनुमान जी जाकर संजीवनी बूटी लाने के लिए कहा और हनुमान जी ने राम जी के वचन का पालन करते हुए जड़ी बूटी से भर पहाड़ ले आये। इस मौके पर मंदिर न्यास कमेटी के कोषाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सोनू, अधिवक्ता चंद्रकेत सिंह चंदेल, मनोज गोस्वामी, पंकज कुमार सिंह, मंदिर के पुजारी गोपाल पांडेय, हरि बाबा मुकेश कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे। इस रामलीला का समापन मंगलवार को होना है। इस मौके पर मंदिर न्यास कमेटी के अध्यक्ष अनुमंडल पदाधिकारी के अलावा एससीडीपीओ मसौढ़ी, थानाध्यक्ष मसौढ़ी समेत कई लोग मौजूद रहे।

CMYK

# एशिया कप की मेजबानी करना अत्यंत गर्व की बात : मुख्यमंत्री

**टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**बिहारशरीफ।** ऐतिहासिक शहर राजगीर हीरो एशिया कप 2025 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है। आज हॉकी इंडिया और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के बीच हुए समझौता ज्ञापन के बाद इस आयोजन की आधिकारिक घोषणा की गई। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 29 अगस्त से 7 सितंबर तक हाल ही में विकसित राजगीर हॉकी स्टेडियम में आयोजित होगा, जो भारत के खेल बुनियादी ढांचे में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि और बिहार को वैश्विक खेल हब के रूप में उभरने का संकेत है। यह राजगीर द्वारा आयोजित दूसरा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन होगा। इससे पहले, नवंबर 2024 में महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी का सफल आयोजन हुआ था, जिसमें भारत ने विजेता का खिताब जीता था। महाद्वीपीय टूर्नामेंट के 12वें संस्करण में आठ टीमें भाग लेंगी, जिनमें भारत, पाकिस्तान, जापान, कोरिया, चीन और मलेशिया शामिल हैं। शेष दो टीमें क्वालिफाइंग टूर्नामेंट एएचएफ कप के माध्यम से अपनी जगह सुनिश्चित करेंगी। पुरुषों के एशिया कप के इतिहास में दक्षिण कोरिया सबसे सफल टीम रही है, जिसने पांच खिताब (1994, 1999, 2009, 2013 और 2022) जीते हैं। इसके बाद भारत (2003, 2007 और 2017) और पाकिस्तान (1982, 1985 और 1989) हैं, जिन्होंने तीन-तीन बार यह टूर्नामेंट जीता है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, राजगीर में हीरो एशिया कप राजगीर, बिहार 2025 की मेजबानी भारतीय हॉकी के लिए एक और महत्वपूर्ण कदम है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा हम राजगीर, बिहार में एशिया कप लाने को लेकर उत्साहित हैं। यह टूर्नामेंट न केवल एशियाई हॉकी के सर्वश्रेष्ठ खेल को प्रदर्शित करेगा बल्कि भारत और इस क्षेत्र में इस खेल को एक नई ऊंचाई देगा। राजगीर में प्रतिष्ठित आयोजन की मेजबानी पर बोलते हुए, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, ष्बिहार के लिए ऐतिहासिक शहर राजगीर में एशिया कप की मेजबानी करना अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है। यह केवल एक खेल आयोजन नहीं है, बल्कि राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने और विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचे के विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राजगीर, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है, अब अंतरराष्ट्रीय खेलों का एक जीवंत केंद्र बनने के लिए तैयार है।

# वृहद् आश्रय गृह की अधीक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा के वृहद आश्रय गृह की अधीक्षक प्रियंका कुमारी (35 वर्ष) ने सोमवार सुबह अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से विभागीय अधिकारियों में हड़कंप मच गया। मृतका उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली थीं और नवादा नगर थाना क्षेत्र के बुधौल गांव स्थित सरकारी आवास में रह रही थीं। आत्महत्या से पहले प्रियंका कुमारी ने अपने पति गणेश कुमार से व्हाट्सएप वीडियो कॉल पर बात की। उन्होंने पति को बताया कि वह आत्महत्या करने जा रही हैं, जिसके कुछ देर बाद यह घटना सामने आई।

घटना के बाद प्रियंका कुमारी का मोबाइल, लैपटॉप और अन्य सामान जब्त कर लिया गया है। आश्रय गृह में सन्नाटा पसरा हुआ है, और अधिकारी भी स्तब्ध हैं। आत्महत्या के पीछे के कारणों का अभी तक पता नहीं चला है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। गौरतलब है कि यह आश्रय गृह पहले गया में संचालित था, जिसे 24 फरवरी 2024 को नवादा में स्थानांतरित किया गया। इसके बाद प्रियंका कुमारी को अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया था। आश्रय गृह में सुरक्षा के लिए गेट पर दो होमगार्ड तैनात हैं और बिना अनुमति किसी का प्रवेश प्रतिबंधित है। यहां आने वाले हर व्यक्ति को प्रमाण पत्र जमा करना होता है और एंट्री रजिस्टर में नाम दर्ज होने के बाद ही प्रवेश की अनुमति दी जाती है। रविवार और सोमवार के बीच किसी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश नहीं हुआ, जिससे घटना को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं। मृतका के परिजन गोरखपुर से नवादा के लिए रवाना हो चुके हैं। उनके पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल शव नवादा सदर अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखा गया है। नवादा सदर डीएसपी हुलास कुमार ने बताया कि प्रियंका कुमारी के पति ने ही पुलिस को सूचना दी थी। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस सभी संभावित कारणों की जांच कर रही है।

# अनुमंडलीय अस्पताल से कूरियर डिलीवरी ब्वॉय की बाइक चोरी, प्राथमिकी

**बाइक चोरी की बढ़ती घटनाएं बनीं पुलिस के लिए चुनौती, अस्पताल और इंटर विद्यालय परिसर बना हॉटस्पॉट**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली।** अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में सोमवार सुबह करीब 10 बजे एक कुरियर डिलीवरी बॉय की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित युवक अपनी पत्नी का इलाज कराने अस्पताल पहुंचा था और उसने अपनी बाइक (हीरो स्प्लेंडर प्लस, रजिस्ट्रेशन नंबर - BR27R0720) अस्पताल के गेट के पास खड़ी की थी। जब वह इलाज के बाद बाहर आया, तो बाइक गायब थी। सिरदला थाना क्षेत्र के नवाबगंज निवासी सुनील कुमार (पीड़ित) ने बताया कि वह कुरियर डिलीवरी का काम करता है और अपनी बाइक से ही प्रतिमाह 12-14 हजार रुपये की कमाई करता है। सोमवार को उसकी पत्नी की तबीयत अचानक खराब हो गई थी, इसलिए वह सुबह 10 बजे उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर आया। अस्पताल में डॉक्टर ने चिकित्सकीय परामर्श देकर स्लाइन चढ़ाने की सलाह दी। जब नर्स सलाइन चढ़ाकर चली गई, तो सुनील बाहर आकर बाइक को देखने गया, लेकिन उसकी बाइक वहां नहीं थी। पीड़ित ने बताया कि हाल ही में अस्पताल परिसर से कई बार बाइक चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। उसने पहले अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उसे थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी गई। जब पीड़ित थाना पहुंचा, तो वहां मौजूद जूनियर पुलिस पदाधिकारी ने उससे कोर्ट से एफिडेविट के साथ आवेदन देने को कहा। इससे हताश होकर सुनील ने एसडीपीओ रजौली से शिकायत की। एसडीपीओ ने तुरंत रजौली थाने में फोन कर संबंधित पुलिसकर्मियों को फटकार लगाई। इसके बाद थाने में पीड़ित का आवेदन स्वीकार किया गया।

रजौली अनुमंडलीय अस्पताल, इंटर विद्यालय और प्रखंड परिसर बाइक चोरों के लिए सुरक्षित अड्डा बन चुके हैं। इन जगहों से अक्सर बाइक चोरी की घटनाएं हो रही हैं। गौर करने वाली बात यह है कि अस्पताल परिसर में सीसीटीवी कैमरे और गार्ड की तैनाती के बावजूद बाइक चोरी की घटनाएं रुक नहीं रही हैं।

अगर पुलिस चोरी के इन मामलों में त्वरित कार्रवाई कर अपराधियों को गिरफ्तार करे, तो बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश हो सकता है। आमजन को रजौली पुलिस से काफी उम्मीदें हैं कि वे इस अपराध पर अंकुश लगाएंगे।

# गांव से लेकर शहर भक्ति गीतों से हो रहा गुंजायमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज प्रखंड में कलशयात्रा के साथ रविवार को चैत्र नवरात्र का पाठ आरंभ हो गया। इस दौरान वारिसलीगंज शहर के उत्तर बाजार स्थित चैती दुर्गा पूजा समिति और चकवाय पंचायत स्थित मीरबिगहा गांव के दुर्गा मंदिर से कलश भव्य कलशयात्रा स्थापना के निकाली गयी। इसमें साथ चैती सैकड़ों महिलाओं व नवरात्र शुरू पुरुषों के अलावा ढोल-बाजा आदि पर नाचते-गाते युवा जलभरी के लिए पैदल जलाशयों तक पहुंचे। वहां विधि-विधान से मंत्रोच्चारण व पूजा-अर्चना के बाद कलश में जलभर दुर्गा पाठ के लिए लाया गया। इस दौरान कलशयात्रा में शामिल महिला और पुरुष श्रद्धालुओं ने श्रद्धा व भक्ति के साथ कलश को वापस मंदिर परिसर पहुंचाया।

# ईद की मची धूम, अदा की गई नमाज, अमन-चैन की मांगी दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हिलसा (नालंदा)।** सोमवार को ईद-उल-फितर के मौके पर हिलसा शहर में तीन स्थानों पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आपसी भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ ईद का पर्व मनाया। सुबह 7:30 बजे योगीपुर रोड स्थित ईदगाह में नमाज अदा की गई, जहां देश की सलामती और अमन-चैन की दुआ मांगी गई। ईद पर्व को लेकर प्रशासन ने पहले से सभी तैयारियां पूरी कर ली थीं। डीएसपी सुमित कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के तहत भारी संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। इसके अलावा, शहर के विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। ईदगाह पर मुस्लिम समुदाय के अलावा अन्य समुदायों के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की बधाई दी। इसके बाद, सुबह 8:30 बजे परवलपुर स्थित मस्जिद और दरगाह मोहल्ला में भी नमाज अदा की गई। इस मौके पर डीएसपी सुमित कुमार, एसडीओ प्रवीण कुमार, बीडीओ अमर कुमार, थाना अध्यक्ष अभिजीत कुमार समेत प्रशासनिक अधिकारी लगातार गश्त करते रहे। कार्यक्रम में राजद नगर अध्यक्ष मोहम्मद परवेज आलम, नरेश प्रसाद अकेला, मुख्य पार्षद धनंजय कुमार, मोहम्मद जहांगीर, मोहम्मद फिरोज नयन समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ईद के मौके पर हेल्पिंग हैंडस ने सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**डॉ पंकज कुमार सिन्हा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** ईद के मौके पर जिला मुख्यालय के भदौनी फुलवारी शरीफ वार्ड नंबर 34 में हेल्पिंग हैंड्स के तरफ से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुछ दिनों पूर्व आयोजित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें सफल बच्चे-बच्चियों को हेल्पिंग हैंड्स के तरफ से अवार्ड प्रदान दिया गया। प्रथम विजेता को मेमेंटो सर्टिफिकेट और धनराशि भी प्रदान किया गया। संस्था के सदस्य ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया था, जिसमें मरियम प्रवीण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मरियम को 2000, सर्टिफिकेट और शील्ड प्रदान किया गया जबकि दूसरे स्थान पर रही निखत अंजुम को 1500 की राशि मोमेंटो और सर्टिफिकेट दिए गए। दूसरे ही स्थान पर शाफिया नाज रही, जिसे 1500 और मोमेंटो सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। तीसरे स्थान पर बिलकिस परवीन, अमीना सेराज को 1000 की राशि, मोमेंटो और सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। जबकि चौथे नंबर पर सानिया परवीन को 500, मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया। पांचवे नंबर पर शगुफ्ता आरजू को भी 500, मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले सना परवीन, इकरा परवीन, मुबाशिर आलम, मो फरहान आलम, मरियम खातून और बुसरा प्रवीण को भी मेडल सर्टिफिकेट और 500 देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हेल्पिंग हैंड्स के सचिव इकवाल रजा खान, सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद साबिर आलम अंसारी, जिया अहमद जिलानी, कोषाध्यक्ष मो औरंगजेब, विधि सलाहकार मो अफजल के साथ-साथ एजाज आलम, ताज हसन, मुमताज अत्री, बद्दू आलम, मुमताज आलम, सरफराज आलम, मोहम्मद औरंगजेब आलम, साबिर आलम, मुमताज तथा मुख्य अतिथि के रूप में हाजी मोहम्मद अलाउद्दीन हबीबी, हाजी मोहम्मद चांद हसन, अब्दुल्लाह आजम, मास्टर मोहम्मद मकसूद आलम, मास्टर मो मोइनुद्दीन भी शामिल हुए।

# हथियार के साथ नाबालिग समेत तीन आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेसकौर(नवादा)।** मेसकौर प्रखंड के सीतामढ़ी थाना अंतर्गत इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करना तीन आरोपितों को महंगा पड़ा। आपको बता दे कि इसमें एक नाबालिग है उनके पास से पुलिस ने दो बाइकों के साथ एक देसी कट्टा के साथ सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपलोड किया था, जिसे सीतामढ़ी थाना के पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए एक नाबालिग़ सहित तीन व्यक्ति को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। सीतामढ़ी थाना अध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताई कि इंस्टाग्राम पर वीडियो रिवाल्वर के साथ बनाया गया था, जिसे संज्ञान में लेते हुए करवाई किया गया। जिसमें गिरफ्तार आरोपितों की पहचान शंकर बिगहा निवासी किरण चौधरी के 19 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार, धनगावां गांव निवासी प्रेमन प्रसाद के 19 वर्षीय पुत्र कुंदन कुमार के रूप में हुई है। एक नाबालिग जरहीया गांव का रहने वाला है, जिसे विधि विरुद्ध किया गया है।

थानाध्यक्ष रश्मि कुमारी ने बताई कि दो दिन पूर्व एक रिवाल्वर के साथ सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा था। पुलिस गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के लखौरा मोड़ के समीप से दो बाइकों पर सवार दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

# चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व चैती छठ नहाय-खाय के साथ आज से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के कई गांवों में मंगलवार से लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व विधि-विधान और पवित्रता के साथ नहाय-खाय के साथ आरंभ हो गया है।चैती छठ मान्यता और मनोकामना का पर्व माना जाता है।मनोकामना पूरी होने तक चैती छठ का अनुष्ठान करते हैं।चैती छठ को लेकर बाजारों में उपलब्ध होने वाले फलों, ठेकुआ, बतासा, ईख, केला जैसे पकवानों से छठी माई की पूजा होती है। चैती छठ 2025 का महापर्व 1 अप्रैल से शुरू होकर 4 अप्रैल तक चलेगा। इस छठ पर्व में सरकार की तरफ से छुट्टी नहीं दी जाती है। 1 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को छठ महापर्व के पहले दिन यानी नहाय-खाय से शुरुआत होगी।इस दिन व्रती पवित्र नदी या तालाब में स्नान करते हैं और शुद्ध भोजन ग्रहण करते हैं। विशेष रूप से कद्दू की सब्जी,चने की दाल और चावल बनाया जाता है।

2 अप्रैल 2025 (बुधवार) को व्रती पूरे दिन निर्जला उपवास रखेंगी। शाम को सूर्य देव की पूजा के बाद गुड़ से बनी खीर, रोटी और फल का सेवन करते हैं। इसके बाद व्रतियों का 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत शुरू होगा। 3 अप्रैल 2025 (गुरुवार) को व्रती शाम के समय किसी पवित्र नदी या तालाब के किनारे सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगे। 4 अप्रैल 2025 (शुक्रवार)को व्रती उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। इसके बाद वे अपने व्रत का पारण करेंगी और प्रसाद का वितरण करेंगी।

इस प्रकार, चैती छठ पूजा चार दिनों तक चलती है,जिसमें विभिन्न अनुष्ठान किए जाते हैं जो सूर्य देवता और छठी मैया की आराधना के लिए समर्पित होते हैं। बहरहाल कार्तिक छठ की तुलना में चैती छठ को कम लोग करते हैं, लेकिन इसका धार्मिक महत्व बहुत ज्यादा है। इसमें व्रती 36 घंटे का कठिन उपवास रखते हैं और डूबते और उगते सूर्य को अर्घ्य देकर छठी मईया की पूजा करते हैं।

# उड़ीसा से आ रहा कंटेनर काराखूंट में दुर्घटनाग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रजौली (नवादा)।** थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत के काराखुट मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर 3 बजे उड़ीसा से डिजिटल जेनरेटर लेकर आ रहा कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं कंटेनर में रखा डिजिटल जेनरेटर सुरक्षित रहा किंतु वाहन पूरी जल गया। सड़क दुर्घटना की खबर थानाध्यक्ष को मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच घायल कंटेनर चालक को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रही चिकित्सक डॉ. स्नेहल ने बताया कि घायल चालक की पहचान कुंदन कुमार के रूप में हुई है। कंटेनर चालक को मामूली चोटें आई थी, जिसका प्राथमिक इलाज कर जरूरी सुई व दवाई दिया गया है। वहीं थाना के पुलिस बलों ने अग्निशमन कार्यालय को इसकी सूचना दी कि दुर्घटनाग्रस्त कंटेनर में आग लग गया है।सूचना पाकर फायर ऑफिसर राम अवध सिंह अग्निशमन वाहन लेकर घटनास्थल पर पहुंचे, किंतु अग्निशमन वाहन में पानी बहुत था। जिसके कारण दूसरे अग्निशमन वाहन को बुलाया गया, तब जाकर कंटेनर में लगी आग पर काबू पाया गया। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्रों में लगी सड़क के नजदीक पहुंच गई है।वहीं कंटेनर के पलटने से डीजल टैंक फट गया था और आग के कारण कंटेनर वाहन पूरी तरह जल गया है।आग बुझने के बाद पुलिस बल दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क के किनारे करने में जुट गए, ताकि वाहनों के आवागमन सुचारू रूप से हो।

# खाजा दुकानदार को मिला बिहारी हीरो अवार्ड




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** स्थानीय बाजार का बामन प्रत कुरकुरे खाजा देश दूनिया मे पहचान बनाने बाले पुनः एक और अवार्ड लेकर पहचान को बढाया है। इस आशय की जानकारी देते हुए काली खाजा दूकानदार के संचालक संजीव कुमार ने बताया की बिहारी हीरो अवार्ड दिया गया, यह अवार्ड बॉलीवुड के अभिनेत्री जयाप्रदा के हाथों दिया गया, इन्हें पहले भी अंतर्राष्ट्रीय सागर महोत्सव में भी अवार्ड मिल चुका है। अवार्ड मिलने से खाजा दूकानदारो के बीच खुशी है। गणमान्य व बुद्धिजीवियो ने खुशी जाहिर की है।

# स्वयंसेवकों ने धूमधाम से मनाया वर्ष प्रतिपदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने रविवार को नगर के माफी गली में वर्ष प्रतिपदा उत्सव धूमधाम से मनाया। संघ के संस्थापक परम डा केशव बलिराम हेडगेवार का स्मरण किया गया। जिला संघ चालक डा रंजीत कुमार ने कहा कि चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन करीब दो अरब वर्ष पूर्व ब्रह्म द्वारा सृष्टि का प्रारंभ हुआ था। इस दिन राजा विक्रमादित्य द्वारा काल गणना का प्रारंभ किया गया। यह काल गणना अंग्रेजी वर्ष से 57 वर्ष आगे अर्थात 2082 वर्तमान में चलता है। चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन ही 1889 में संघ के संस्थापक डा केशव बलिराम हेडगेवार का जन्म हुआ था। चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा वसंत ऋतु में आती है। जिसमें वृक्ष व लता फूलों से लदकर आह्लादित होते हैं। जिसे मधुमास भी कहते हैं। यह बसंत ऋतु सम्पूर्ण धरती को विभिन्न प्रकार के फूलों से अलंकृत कर जनमानस में नववर्ष की उल्लास, उमंग तथा मादकता का संचार करती है। डा कुमार ने स्वयंसेवकों को आज अपने-अपने घरों को दीपक जलाकर सजाने, छतों पर भगवा ध्वज लगाने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का आवाहन किया। इस अवसर पर खंड संचालक श्रवण कुमार, नगर कार्यवाह शंभू प्रसाद, मुख्य शिक्षक लक्ष्मण प्रसाद, व्यवस्था प्रमुख उमेश प्रसाद, अधिवक्ता चंद्रमौली शर्मा, दीनानाथ प्रसाद एवं पप्पू प्रसाद समेत अन्य स्वयं सेवक उपस्थित होकर भारत माता को परम वैभव के शिखर पर पहुंचाने का संकल्प लिया।

# ईद मिलन समारोह में शामिल हुए जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित दोस्तलीबीघा में समाजसेवी मो. इस्माइल अंसारी एवं थाना तालाब स्थित पूर्व पंचायत समिति सदस्य मो.मनोव्वर आलम के आवास पर आयोजित ईद मिलन समारोह में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ मंटन सिंह शामिल हुए। उन्होंने लोगों को ईद की शुभकामनाएं दी। कहा कि ईद आपसी प्रेम और भाईचारे का त्योहार है। लोग इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाते हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद शर्मा, डिम्पल सिंह, निलेश सिंह, मो. पप्पू, मो. शमशाद, मनोज यादव, पुटुस यादव सहित अन्य उपस्थित थे।

# गोविंदपुर में जय भीम जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर विनोवनगर स्थित मध्य विद्यालय परिसर में सोमवार को जय भीम जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू प्रखंड अध्यक्ष शोभा कुमारी ने की। इस अवसर पर अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी बाबा साहब जनसंवाद यात्रा रथ के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने भाग लिया।

जदयू जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने कहा कि बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य का सर्वांगीण विकास किया है। वे पिछले 19 वर्षों से न्याय के साथ विकास की नीति पर चलते हुए बाबा साहब अंबेडकर द्वारा बनाए गए कानूनों को धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं। खासतौर पर अनुसूचित जाति और जनजाति समुदायों के सर्वांगीण विकास के लिए विशेष अवसर प्रदान कर उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अनुसूचित जाति जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश त्यागी ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया, जिसमें सभी नागरिकों को समानता का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संविधान के अनुरूप अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के लोगों के घरों में खुशहाली लाने का कार्य किया है। उन्होंने आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति और जनजाति समुदाय के लोगों से अपने मताधिकार का सही प्रयोग कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को फिर से सत्ता में लाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ नेता जयशंकर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार, राजीव रंजन, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवनंदन मांझी, विनोद चौधरी, प्रवीण कुमार दांगी, विकास कुमार, जयराम प्रसाद कुशवाहा, विनय शाह, शिवबालक कुशवाहा, विजय राम, दिलीप राम, दिनेश राम, रामबालक कुशवाहा, अरुण डांगी, धीरू यादव, सीमा देवी, रश्मि कुमारी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पुलिस प्रशासन को अंगूठा दिखा नाबालिग चला रहा ई-रिक्शा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** प्रखंड क्षेत्र के आस पास के इलाको में कुछ नाबालिग ई-रिक्शा का स्टेयरिंग पकड़ खुद के साथ दूसरे की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। इससे आमलोगों की जान खतरे में है। नाबालिग सड़क पर ई-रिक्शा को लेकर मार्गों पर तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। इनके पास न तो लाइसेंस है और न ही वाहन चलाने की परिपक्वता, ऐसे में दुर्घटना होने का भय लगा रहता है। नियम-कानून को ताक पर रखकर जिस तरह से सड़कों पर धड़ल्ले से ई-रिक्शा दौड़ रहे हैं। उससे यात्रियों की जान पर कभी भी संकट आ सकता है। नियमों का उल्लंघन होने से यातायात व्यवस्था भी प्रभावित होते रहता है। नाबालिगों के हाथों में ई-रिक्शा की कमान होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। फिर भी इसपर किसी पदाधिकारी का ध्यान नही जाता है। जिसके कारण कभी भी अप्रिय घटना घटने से इंकार नही किया जा सकता है।

# शॉर्ट सर्किट से फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के न्यू मगध कॉलोनी, न्यू शिव मंदिर वार्ड नंबर 23 स्थित प्रिया पटेल फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस घटना में फैक्ट्री की तीन मशीनें व लाखों का मटेरियल जलकर राख हो गया। फैक्ट्री संचालक पीड़ित सुमित्रा देवी व उनके पति पवन कुमार ने बताया कि उन्होंने बैंक से लोन लेकर फैक्ट्री शुरू की थी। घटना के समय पवन कुमार बाजार गए थे, तभी उनकी पत्नी ने आग लगने की सूचना दी। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पीड़ितों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद दमकल वाहन करीब एक घंटे की देरी से पहुंचा। पीड़ित दंपति ने प्रशासन से मुआवजे और उचित कार्रवाई की मांग की है।

**आग लगने से लाखों रुपए का फसल राख**

राजगीर थाना अंतर्गत नेकपुर गांव की खंधा में सोमवार को हुई अगलगी की घटना में करीबन एक दर्जन किसान के 9 बीघा गेहूं का फसल खेत में जलकर राख हो गया है। इस अगलगी की घटना की खबर मिलते ही अग्निशामक वाहन खेत में आग बुझाने पहुंची। इसके बाद अगलगी की घटना पर काबू पाया गया। इस अगलगी की घटना में स्वर्गीय जगदीश प्रसाद के पुत्र बिनोद प्रसाद के 17 कट्ठा, सुनील प्रसाद के बटायेदार विनोद प्रसाद के 26 कट्ठा, अवधेश प्रसाद बटायेदार विनोद प्रसाद के 18 कट्ठा, रामा देवी के बटायेदार जितेंद्र कुमार के 45 कट्ठा, हरिप्रसाद के बटायेदार अर्जुन प्रसाद के 32 डिसमिल, बालचंद महतो के 12 कट्ठा, वीरेंद्र प्रसाद के 9 कट्ठा, रमेश कुमार बटायेदार वीरेंद्र प्रसाद के 6 कट्ठा, वीरमणि कुमार के 20 कट्ठा, बृजनंदन प्रसाद बटायेदार अनुज कुमार के 10 कट्ठा, रामादेवी बटायेदार कुंदन कुमार के 4 कट्ठा गेहूं का फसल जलने के संबंध में जानकारी मिली है।

CMYK

# मां तारा महोत्सव का शुभारंभ

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी और सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार रहे मौजूद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार सरकार के पर्यटन विभाग और गया जिला प्रशासन के तत्वावधान में ग्राम केसपा में मां तारा महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और इसे ऐतिहासिक क्षण बताया।




अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि ग्राम केसपा की यह भूमि महर्षि कश्यप की तपोभूमि रही है और यहां स्थित मां तारा शक्ति पीठ देवी दुर्गा एवं मां पार्वती का स्वरूप है। उन्होंने कहा कि यह आदमकद प्रतिमा भारत में अपने आप में अनूठी है और इसे आधिकारिक महोत्सव के रूप में मान्यता दिलाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि टिकारी क्षेत्र के लोगों की यह मांग थी कि मां तारा महोत्सव को सरकारी स्तर पर आयोजित किया जाए, ठीक वैसे ही जैसे कोटेश्वर नाथ महादेव महोत्सव मनाया जाता है। हमारी सरकार ने इस मांग को स्वीकार किया और आज यह आयोजन संभव हो पाया है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने हिमांशु शेखर के नेतृत्व में हस्ताक्षर एवं पोस्टकार्ड अभियान चलाकर सरकार तक अपनी मांग पहुंचाई थी। इसके अलावा बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने भी सरकार से इस आयोजन की मांग की थी जिसके बाद इसे स्वीकृति दी गई। पर्यटन मंत्री के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद डॉ. प्रेम कुमार ने पर्यटन सचिव अभय सिंह को इस महोत्सव के आयोजन का प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया था। अपने संबोधन में मंत्री ने कहा कि भारत ऋषि-मुनियों, देवी-देवताओं और पर्व-त्योहारों की भूमि है। यहां हर दिन पूजा-पाठ और उत्सवों से जुड़ा होता है। उन्होंने कहा 'हम भारतीय कण-कण में ईश्वर का वास मानते हैं और यही हमारी संस्कृति की खूबसूरती है।' उन्होंने मां तारा देवी की महिमा बताते हुए कहा कि मां तारा दस महाविद्याओं में से एक हैं और इनका अर्थ है 'तारने वाली' या 'संकट से उबारने वाली'। उन्होंने सभी बिहारवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के मंत्री जीतन राम मांझी रहे जिन्होंने इस आयोजन को ऐतिहासिक बताया और स्थानीय संस्कृति को संजोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम करार दिया। इसके अलावा टिकारी विधायक अनिल शर्मा, वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह, एडीएम परितोष, केसपा पंचायत मुखिया इंद्रमणि देवी, एसडीओ टेकारी सुजीत कुमार, डीएसपी टेकारी सुशांत कुमार चंचल सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। भाजपा जिला महामंत्री अशोक शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष करुणा देवी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान, लोजपा जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, शंभू केशरी, हिमांशु शेखर समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय लोग इस भव्य आयोजन के साक्षी बने। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां तारा देवी के दर्शन के लिए पहुंचे और भव्य आयोजन का हिस्सा बने। इस महोत्सव के तहत विशेष पूजा-अर्चना, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। गया के केसपा में इस महोत्सव की शुरुआत के साथ ही यह बिहार के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर एक नई पहचान बनाने की ओर अग्रसर हो चुका है।

# एक लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पुलिस ने एक लाख रुपए का इनामी नक्सली को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया और सोमवार को जेल भेज दिया। बताया गया है कि वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार गया के निर्देशानुसार कुख्यात नक्सलियों को चिन्हित कर उनकी गिरफ्तारी हेतु लगातार विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उसी कड़ी में जिले के कुख्यात नक्सली में शामिल राजेश यादव उर्फ बिहड़ यादव की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं एसटीएफ गया के पुलिस अधिकारी को शामिल कर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। उक्त गठित विशेष टीम को सूचना प्राप्त हुआ कि इनामी नक्सली राजेश यादव उर्फ बिहड़ यादव जो वर्तमान में कई कांडों में फरार चल रहा है वह अभी महाराष्ट्र में छिपकर रह रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन के बाद टीम ने महाराष्ट्र के रायगढ़ जिला अंतर्गत महाड़ थाना क्षेत्र के एमआईडीसी एरिया में पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम राजेश यादव उर्फ बिहड़ यादव पिता तिलकधारी यादव ग्राम-नेवधी थाना-कोंच जिला-गया बताया। उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार कर कोंच थाना लाया गया और कोंच थाना कांड संख्या 5/14, 91/14, 98/14 एवं 41/14 के अभियुक्त को जेल भेजा गया।

# सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग द्वारा सामाजिक कार्य शिक्षकों के लिए सामाजिक सुरक्षा मुद्दों पर आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया। राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रायोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में सोशियोलॉजिकल स्टडीज विभाग के अध्यक्ष प्रो. एम विजय कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत प्रो. एम विजय कुमार शर्मा के स्वागत भाषण से हुई जिसमें उन्होंने कहा कि समकालीन सामाजिक सुरक्षा मुद्दों को संभालने के लिए सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों तरह का ज्ञान आवश्यक है। आगे कार्यक्रम संयोजक डॉ. हरेश नारायण पांडे ने विषय का संक्षिप्त परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रवेन्द्र सिंह जादौन, वरिष्ठ अधिवक्ता, उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय ने सामाजिक रक्षा के लिए व्यावहारिक ज्ञान की प्रासंगिकता के बारे में बात की और साथ ही भारत में कमजोर वर्गों जैसे बच्चों के बारे में बताया जो सबसे कमजोर हैं, उसके बाद तीसरे लिंग, बुजुर्ग व्यक्ति, महिलाएं और पुरुष हैं। मुख्य अतिथि के रूप में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रो. अरविंद कुमार जोशी ने कहा कि वैश्वीकरण के साथ हमें निरंतर खुद को विकसित करना होगा। उन्होंने उम्र बढ़ने से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनसे निपटने के तरीकों के बारे में बताया। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि समाज के बिना कोई नहीं रह सकता क्योंकि यह हमें नाम, पहचान और लोगों का समर्थन देता है।

# दो शराबी गिरफ्तार, गए जेल

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाने की पुलिस ने दो शराबी को शराब के नशे में शनिवार को सरफराज पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया और मेडिकल जांच उपरांत जेल भेजा है। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों शराबी एक फाइनेंसर व्यक्ति से तू-तू, मैं-मैं कर रहा था। उसी समय दोनों शराबी को फाइनेंसर व्यक्ति के सूचना पर थाना लाया गया जहां ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जांच किया तो दोनों शराबी को शराब पीने की पुष्टि हुई। कोंच थाना कांड संख्या 210/25 दर्ज कर चंदन कुमार एवं पिंटू कुमार दोनों के ग्राम कुंई को एएसआई रमेश कुमार सिंह ने जेल भेज दिया।

# डीएम-एसएसपी ने नमाज अता कर रहे लोगों को दी शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार के गया में ईद-उल-फितर की नमाज अता की गई। गया के गांधी मैदान स्थित स्टेडियम में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी जुटे और ईद की नमाज अता की। इस दौरान मुल्क में शांति अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। सुबह के 8 बजे नमाज अदा की गई। इसमें शामिल होने के लिए सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग गांधी मैदान पहुंचने लगे थे। ईद की नमाज के बाद एक दूसरे से गले मिलकर बधाईयां दी गई। छोटे-छोटे बच्चों ने भी एक - दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाईयां दी। हमारे मुल्क में शांति कायम हो। शांति- अमन बना रहे, वहीं भाईचारे का जो माहौल है, वह



कायम रहे इसकी दुआ ईद-उल-फितर की नमाज में मांगी गई है। जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम ने बताया कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में ईद का पर्व मनाया जा रहा है। पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के द्वारा ईद पर्व को लेकर व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन एवं पुलिस की काफी संख्या में प्रतिनियुक्ति हुई है। डीएम ने भी लोगों को ईद की बधाई दी है। डीएम ने लोगों से हाथों से हाथ मिलाकर बधाई दिया। डीएम ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि ईद पर्व जिले के सभी जगह शांतिपूर्वक मनाया जा रहा है। प्रशासन एवं पुलिस काफी सक्रिय है, प्रशासन एवं पुलिस के वरीय अधिकारियों को प्रतिनियुक्त रखी गई है। सभी लोग लगातार फील्ड में रहकर निगरानी बरते हुए हैं। इस पर्व के अवसर पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दिया साथ ही उन्होंने कहा कि शांति माहौल व्यवस्था के साथ इस पर्व को मनाएं। इस पर प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी मुक्कमल व्यवस्था रखी गई है। पूरी शांति वातावरण में यह पर्व संपन्न हो। कंट्रोल रूम के माध्यम से भी निरंतर सभी स्थानों से जानकारियां ली जा रही है। इस अवसर पर गांधी मैदान में एसएसपी आनंद कुमार, सिटी एसपी, एडीएम राजस्व/ विशेष कार्यक्रम / विधि व्यवस्था, सदर एसडीओ, एएसपी नगर सहित अन्य जिला प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ईद उल फितर का त्योहार शांतिपूर्ण संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को ईद उल फितर का पावन पवित्र, त्याग और समर्पण का पर्व ईद उल फितर शांति व सौहार्द के साथ मनाया गया। मुस्लिम सामुदाय के लोग अपने निर्धारित समय पर सुबह में विधिवत ईदगाहों, मस्जिदों में सामूहिक रुप से नमाज अता किए। इसके बाद ईदगाह से निकलते ही एक-दूसरे से गले मिले और मुबारकबाद दिए। एक-दूसरे को सेवइयां खिलाए जिससे प्रेम भाईचारा और सौहार्द का वातावरण बना रहा। ईद उल फितर शान्ति पूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहे। आंती थानाध्यक्ष रंजीत कुमार तथा कोंच थानाध्यक्ष धनंजय सिंह के नेतृत्व में पुलिस जवानों की तैनाती की गई थी और पुलिस गश्त दल भ्रमणशील रहें। ग्राम करमाइन में मो. आकिब आलम, भाम में मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, मड़ूका में सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहीद उर्फ साहू, नेहोरा में पैक्स अध्यक्ष अशरफ अंसारी आदि के आवास पर हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर एकता का संदेश दिया। साथ में बैठकर मीठा पकवान का लुत्फ उठाया। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, कांग्रेस नेता सुमंत कुमार, राजद प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार, जिला पार्षद सत्येंद्र प्रजापति, चबूरा मुखिया संजय यादव, खजुरी मुखिया प्रतिनिधि राम विजय विश्वकर्मा, दारा सिंह, पुण्यदेव यादव, सुभाष चंद्र कुमार, उमेश यादव, सुजीत यादव, तपेश्वर यादव, मो. जीशान, मो.मन्नू, मो.अरशद, नंदू यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



# करंट से बालक की मौत

**बांकेबाजार (नबिटा सं.)।** बिजली के करंट से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। घटना शेरघाटी थाना क्षेत्र के घाघर गांव की है। मृतक बालक की पहचान चैतन्य कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार चैतन्य अपने नानी के घर दो दिन पूर्व घूमने के लिए आया हुआ था जो कि मूल रूप से बांके बाजार का रहने वाला है। उसके पिता रवि रंजन प्रसाद दवा व्यवसायी हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बालक अपने नाना-नानी एवं परिवार वालों के साथ खेत की ओर गया था। इसी दौरान वह विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया. आनन-फानन में उसे अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# वर्ष प्रतिपदा पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की युवा इकाई मगध युवा प्रकोष्ठ द्वारा संचालित हरितिमा स्वास्थ्य संवर्धन के नेतृत्व में सोमवार को मानपुर के भूसूंडा वाला पर स्थित गया गजाधर श्री नंदी गौ सेवा श्रम ट्रस्ट में वर्ष प्रतिपदा के पावन अवसर पर पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व हरितिमा स्वास्थ्य संवर्धन के मनीष गुप्ता ने किया। मनीष गुप्ता ने कहा कि इन दिनों प्रकृति अपना विकराल रूप धारण कर रही है उससे बचने का सिर्फ और सिर्फ एक ही उपाय है पौधारोपण। गौ सेवाश्रम की संचालिका संगीता सिंहा ने कहा कि श्री नंदी गौ सेवा में सभी को सहभागिता निश्चित है।




उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी लोग अपने-अपने माध्यम से गौ माता की सेवा करें और अनाथ गौ की देखभाल करें। पीयूष मिश्रा उर्फ मासूम ने गौ सेवा को लेकर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गौ माता हमारी माता है और हमें उनकी सेवा करनी चाहिए। गौ माता की सेवा करने से हमें आध्यात्मिक और नैतिक लाभ होता है। हमें गौ माता की देखभाल करनी चाहिए और उनके लिए अच्छा करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष मिश्रा, पीयूष मिश्रा उर्फ मासूम, मधुसूदन प्रसाद और गौ सेवाश्रम के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह जानकारी मगध युवा प्रकोष्ठ के संचालक सह मीडिया प्रभारी अमित कुमार ने दी।

# मंत्री को शॉल एवं चित्र देकर डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया सम्मानित, सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बोधगया निरीक्षण भवन में केंद्रीय राज्य मंत्री सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राम दास आठवले से जिला जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुसूचित जाति/ जनजाति अत्याचार निवारण के सदस्य डॉ. जितेंद्र कुमार ने मिलकर केंद्रीय राज्य मंत्री को शॉल एवं संत रैदास का चित्र देकर सम्मानित किया और एक ज्ञापन सौंपा जिसमें मुख्य मांग में कहा कि हत्या के मामले में पीड़ित विधवा को पुराने पेंशन को महंगाई के ध्यान में रखते हुए इन्हें भी नए पेंशन की सुविधा दी जाय। एसटी/एसटी के मामले में तत्काल 41 के लाभ देना बंद किया जाय, दर्ज मामलों में 60 दिनों के अंदर चार्ज शीट दाखिल किया जाए। ताकि त्वरित कार्रवाई हो, हत्या के मामलों में तृतीय श्रेणी में नौकरी दी जाय। डॉ. कुमार ने कहा कि अन्य बातों को गंभीर होकर सुना और कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# 60 वर्षीय डोमन यादव की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के मैगरा थाना क्षेत्र की नारायणपुर पंचायत अंतर्गत तरवाडीह गांव में रहनेवाले 60 वर्षीय डोमन यादव की हत्या कर दी गई है। रविवार की सुबह मैगरा थाने की पुलिस ने उनके शव को बरामद किया और छानबीन कर पोस्टमार्टम कराने को लेकर मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस ने डोमन यादव के शव को उनके घर से मात्र 20 फीट की दूरी से बरामद किया है। उनके परिजन इसे जमीन विवाद को लेकर हत्या बता रहे हैं। परिजनों का कहना है कि गोतिया के साथ लंबे समय से जमीन विवाद का मामला चलता आ रहा है। उसी मामले में उनकी हत्या की दी गयी। पुलिस टीम हर बिंदू पर जांच कर रही है।

मैगरा थाना क्षेत्र की नारायणपुर पंचायत अंतर्गत तरवाडीह गांव में रहनेवाले 60 वर्षीय डोमन यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस मामले में परिजनों से आवेदन मांगा गया है। साथ ही तकनीकी इनवेस्टिगेशन जारी है। डोमन यादव के बेटे रामलाल यादव ने बताया कि उनके पिता शनिवार की देर रात करीब 2:30 बजे घर से शौच के लिए निकले थे। उसी दौरान घात लगाये बैठे लोगों ने मिलकर गला दबा कर उनकी हत्या कर दी। डोमन यादव के बेटे रामरूप यादव की पत्नी कविता देवी ने बताया है कि मवेशियों के चिल्लाने की आवाज पर बाहर निकली तो देखा कि 10-15 लोग घर के समीप से भाग रहे हैं। साथ ही समीप के खेत में एक व्यक्ति गिरा हुआ दिखा जब नजदीक जाकर देखा तो पाया कि जमीन पर गिरा व्यक्ति उनका ससुर है। हो-हल्ला किया तो घर के अन्य सदस्य जागे और वहां पहुंचे तो पाया कि उनके ससुर की मौत हो चुकी है। इसके बाद स्थानीय थाने को सूचना दी गयी। मैगरा प्रभारी थानाध्यक्ष कैलाश मणि तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय अधिकारियों को जानकारी दी गयी और एएसआइ सुभाष मंडल, राजेश कुमार सहित दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे व आगे की कार्रवाई शुरू की। परिजनों की मांग पर इमामगंज डीएसपी के साथ सर्किल इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुमार पासवान, भदवर थाना प्रभारी अमित कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा-बुझा कर शांत कराया।

# बीडीओ ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गया)।** प्रखंड क्षेत्र के जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा पास करने वाले 24 छात्र-छात्राओं को बीडीओ प्रभाकर सिंह ने मेडल देकर सम्मानित किया। इसके लिये निजी विद्यालय परिसर में रविवार को प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि प्रतिभाएं भौतिक सुख की इच्छा नहीं रखती, इतिहास गवाह है कि अर्थाभाव में पढ़े लिखे लोगों ने सर्वोच्च पद पर रहकर देश और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनायी है। इसलिये आप केवल पढ़ने की इच्छा रखें, शिक्षक एवं माता-पिता के सहयोग तथा सरकारी योजनाओं के माध्यम से आपको कोई परेशानी नहीं आयेगी। मौके पर आवासीय नवोदित विद्यालय के सभी कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को भी सम्मानित किया गया। निदेशक रामाश्रय सिंह ने कहा कि विद्यालय प्रशासन बेसहारा व गरीब परिवार के बच्चों हमेशा सहायता प्रदान की है।

# ईद-उल-फितर का त्योहार भाईचारे और प्रेम का प्रतीक : डॉ मनीष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** रमजान का पाक महीना इस्लाम धर्म में विशेष महत्व रखता है। यह माह त्याग, संयम, आत्मशुद्धि और इबादत का समय होता है जिसमें मुस्लिम समाज रोजा रखता है और अल्लाह से रहमत की दुआ करता है। इस पवित्र महीने की समाप्ति पर ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जो भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। इस शुभ अवसर पर सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अल्पसंख्यक परिवारों को ईद की बधाइयां दीं और उनके सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि ईद का त्योहार आपसी सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है। यह



हमें प्रेम, एकता और सौहार्द की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। डॉ. मिश्रा ने विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ मिलकर ईद का जश्न मनाया और गले मिलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी। अपने संदेश में कहा कि भारत विविधताओं का देश है जहां सभी धर्मों के लोग मिलजुल कर रहते हैं। ऐसे त्योहार हमें एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सम्मान बढ़ाने का अवसर प्रदान करते हैं। बधाई शुभकामनाएं देने वालों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता, पूर्व मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर, चितरंजन प्रसाद वर्मा, निरंजन कुमार वर्मा, डॉ अभिषेक वर्मा, प्रांशु वर्मा, दीप रंजन प्रसाद वर्मा, महेश यादव, कुंदन सिंह आदि लोग उल्लेखनीय हैं।

# प्रथम वर्षगांठ पर शब्दवीणा द्वारा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** राष्ट्रीय साहित्यिक-सह-सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर शब्दवीणा की राष्ट्रीय समिति की ओर से शब्दवीणा वार्षिकोत्सव 2025 के तहत शब्दवीणा राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शब्दवीणा की बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, झारखंड एवं गोवा प्रदेश समितियों से शब्दवीणा रचनाकारों ने भाग लिया एवं नववर्ष, नवरात्रि, मातृशक्ति, देशप्रेम एवं हिन्दी को समर्पित रचनाएं प्रस्तुत कीं एवं अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन एवं सरस्वती वंदना की सुमधुर प्रस्तुतीकरण राष्ट्रीय साहित्य मंत्री वंदना चौधरी द्वारा किया गया। शब्दवीणा की संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने शब्दवीणा गीत प्रस्तुत करने के उपरांत, नये वर्ष में शब्दवीणा परिवार की ओर से साहित्य, संगीत, कला एवं समाज के हित में और भी बेहतर ढंग से कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहने के संकल्प को दुहराया। डॉ रश्मि ने शब्दवीणा के राष्ट्रीय संरक्षक व पश्चिम बंगाल के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता महावीर बजाज एवं राष्ट्रीय परामर्शदाता प्रख्यात साहित्यकार डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी द्वारा शब्दवीणा के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेषित शुभकामनाएं साझा कीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित कोलकाता, पश्चिम बंगाल से जुड़े शब्दवीणा के राष्ट्रीय परामर्शदाता मंडल के सदस्य पुरुषोत्तम तिवारी ने भी शब्दवीणा की उत्तरोत्तर बेहतर होती सांगठनिक सुदृढ़ता एवं साहित्यिक सक्रियता हेतु शुभकामनाएं दीं। कहा कि साहित्य और संगीत के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में उत्तराखंड से जुड़े मुक्तक सम्राट राष्ट्रीय सचिव महावीर सिंह वीर, पटना से राष्ट्रीय उप सचिव राजमणि मिश्र, नेपाल से डॉ आनंद कुमार त्रिपाठी, हरियाणा से डॉ संतोष संप्रीति, सरोज कुमार एवं विकास शुक्ला, मध्य प्रदेश से कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ कवि अनंगपाल सिंह भदौरिया एवं अरुण अपेक्षित, बिहार से जैनेन्द्र कुमार मालवीय, डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी, अनामिका अनु, अजय कुमार वैद्य, डॉ रवि प्रकाश एवं पंकज मिश्र, बेगूसराय से गोविंद कुमार एवं हिमांशु कुमार, महाराष्ट्र से डॉ कनक लता तिवारी, कर्नाटक से सुनीता सैनी गुड्डी, विजयेन्द्र सैनी, निगम राज़, मथुरा, गोवा से वंदना चौधरी, दिल्ली से शिव चाहर, उत्तर प्रदेश से फतेहपाल सिंह सारंग, फरुखाबाद, उत्तर प्रदेश से अनुराग दीक्षित, गुजरात से सुमित मानधना, राजस्थान से अशोक राय वत्स, राम पंचाल भारतीय, पश्चिम बंगाल से पुरुषोत्तम तिवारी, छत्तीसगढ़ से आशा मेहर किरण एवं झारखंड से प्रतिभा प्रसाद एवं पूनम शर्मा स्नेहिल ने एक से बढ़कर एक स्वरचित ग़ज़ल, दोहे, कुंडलिया छंद, गीत एवं मुक्तक रचनाएं पढ़ीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता शब्दवीणा मध्य प्रदेश अध्यक्ष वरिष्ठ कवि अनंग पाल सिंह भदौरिया अनंग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में काठमांडू, नेपाल से जुड़े शब्दवीणा के राष्ट्रीय उप साहित्य मंत्री डॉ. आनंद कुमार त्रिपाठी एवं महाराष्ट्र प्रदेश संरक्षक डॉ कनक लता तिवारी की उपस्थिति रही। चार घंटे से अधिक देर तक चले शब्दवीणा वार्षिकोत्सव 2025 का सीधा प्रसारण फेसबुक पर शब्दवीणा केन्द्रीय पेज से किया गया जिससे प्रो. सुबोध कुमार झा, डॉ वीरेन्द्र कुमार, डॉ विभा जोशी, प्रदीप शुक्ल, अजीत अग्रवाल, डॉ रामसिंहासन सिंह, रजनीबाला, डॉ रवि प्रकाश, पी के मोहन, डॉ गोपाल निर्दोष, ललित शंकर, डॉ रविशंकर राकेश, मणिलाल बारिक, दिनेश कुमार, सुरेश विद्यार्थी, टुन्नू दांगी, प्रो.सुनील कुमार उपाध्याय, अरुण अपेक्षित सहित सैकड़ों दर्शक एवं श्रोताओं ने प्रतिभागी रचनाकारों का अपनी टिप्पणियों द्वारा उत्साहवर्द्धन किया। अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में कुंडलिया छंद विशेषज्ञ कार्यक्रम अध्यक्ष अनंग पाल सिंह भदौरिया ने नये वर्ष में शब्दवीणा के श्रेष्ठतर प्रचार, प्रसार, विस्तार एवं प्रशंसनीय आयोजनों के अंबार हेतु आशा जताते हुए शुभकामनाएं दीं। धन्यवाद ज्ञापन निगम राज ने किया।

CMYK

संपादकीय

# न्याय व्यवस्था की शुचिता बनाए रखना जरूरी

मुझे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा मामले में उनके 'सुरक्षित और संरक्षित' घर में भारी मात्रा में नगदी रखने वाले की हिम्मत की सराहना करनी चाहिए। हमें इस कांड का इसलिए भी शुक्रिया अदा करना चाहिए कि इसके बहाने लोगों का न्यायपालिका के कामकाज पर ध्यान केंद्रित हुआ है, जिसके बारे में बहुत कम लिखा गया है, हालांकि लोग कठोर वास्तविकता जानते हैं। मुझे प्रधान न्यायाधीश जी को भी धन्यवाद देना है कि उन्होंने जल्द कार्रवाई शुरू कर दी। यह बात सर्वविदित है कि भारतीय राजनेता भयंकर रूप से भ्रष्ट हैं और देश का कोई भी कानून उन्हें पर्याप्त रूप से दंडित करने में सक्षम नहीं है। सभी प्रकार के नौकरशाह - विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं से लेकर राज्य सेवाओं तक, और उससे भी नीचे - और पुलिस भी अपवाद नहीं हैं। पत्रकार, समाजशास्त्री और राजनीतिक टिप्पणीकार अक्सर उन्हें उजागर करने की कोशिश करते हैं, लेकिन वे काफी हद तक व्यर्थ रह जाती हैं। हमारे कानूनी प्रावधान उन्हें पकड़ पाने में बहुत कमजोर हैं। राजनेताओं और नौकरशाहों के बीच गठजोड़ इतना मजबूत है कि वे आसानी से एक-दूसरे की रक्षा कर सकते हैं और 'आम लोगों' यानी भोले-भाले मतदाताओं पर शासन करना बदस्तूर जारी रख सकते हैं। हमारे लोकतांत्रिक परिदृश्य में मतदाताओं को बार-बार बताया जाता है कि वे लोकतंत्र में 'सर्वाधिक' महत्वपूर्ण अंग हैं और उनका एक मत व्यवस्था को बदल सकता है। वास्तव में यह बात कितनी भ्रामक है, हम सब समझते हैं। बहरहाल, लोकतंत्र का तीसरा स्तंभ (न्यायपालिका), जो हमारे संविधान द्वारा पूरी तरह संरक्षित है, विधायिका और कार्यपालिका की तुलना में बहुत कम जवाबदेह है। इसके कई कारण हैं। जस्टिस वर्मा प्रकरण-जिसकी अनेक परतें अभी भी सार्वजनिक होनी बाकी हैं-ने निश्चित रूप से भारतीय न्यायपालिका को झकझोर कर रख दिया है और अगर वरिष्ठ न्यायाधीश, जिनमें नेकनीयत प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना भी शामिल हैं, इस सड़े-गले तंत्र को साफ करना चाहते हैं, तो जस्टिस वर्मा के दिल्ली स्थित घर में लगी इस 'आग' को बुझने नहीं दिया जाना चाहिए। चौंकाने वाले खुलासे के बाद खन्ना साहब कानून व्यवस्था की विश्वसनीयता को बहाल करने में मदद करने के लिए तुरंत गंभीर काम करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जवाबदेही पर बहस, कॉलेजियम प्रणाली की कार्यप्रणाली, न्यायाधीशों के लिए नैतिक मानदंड, न्यायपालिका की स्वतंत्रता आदि पर तार्किक रूप से पहले से कहीं अधिक उत्साह के साथ सार्वजनिक रूप से चर्चा की जा रही है और बदलाव के संकेत हैं। बेशक, तीन दशक पहले संसद में सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश वी। रामास्वामी के असफल महाभियोग ने तब बहुत ज्यादा चर्चा बटोरी थी। उन पर वित्तीय कदाचार का आरोप था, लेकिन दुर्भाग्य से उन पर महाभियोग नहीं लगाया जा सका था। सोशल मीडिया की शक्तिशाली मौजूदगी के इस दौर में हुई यह ताजा घटना सभी संबंधित पक्षों पर काफी दबाव डालने वाली है। न्यायमूर्ति के घर पर 'नगदी के ढेर' के इस विचित्र मामले के सभी पहलुओं की जांच के लिए जांच समिति गठित करने के साथ ही तुरंत कार्रवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश जस्टिस खन्ना की सराहना की जानी चाहिए। उम्मीद है कि न्यायिक प्रणाली में अधिक पारदर्शिता लाने के लिए कई बदलाव होंगे और कानूनी प्राधिकारियों को न्यायाधीश के आधिकारिक आवास में लगी आग की वास्तविक 'जलन' महसूस होगी। माननीय न्यायाधीशों को लाखों लोग न्याय पाने की आखिरी उम्मीद के रूप में देखते हैं। जो लोग मुकदमेबाज नहीं भी हैं, वे भी अदालतों का सम्मान करते हैं। मैं यह जरूर कहना चाहूंगा कि न्याय प्रदान करने वाली प्रणाली की विश्वसनीयता अभी भी काफी हद तक बरकरार है, हालांकि अक्सर इसमें कुछ खामियां सामने आती रहती हैं।

# अंगदान बढ़ाने को मध्य प्रदेश का रास्ता अपनाएं

**मध्य प्रदेश सरकार ने अंगदान करने वालों को सम्मानित करने के साथ उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने जा रही है। इसमें अंगदान करने वाले के परिवार को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिलेगा। जागरूकता बढ़ाने के लिए 18 लाख रुपये की डॉक्यूमेंट्री बनाई जा रही है। राज्य का स्टेट आर्गन एवं टिश्यू ट्रांसप्लांट पोर्टल भी तैयार हो रहा है। मध्य प्रदेश चिकित्सा विभाग के संचालक डॉ. एके श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही इस संबंध में शासन स्तर पर निर्णय हो जाएगा। निश्चय ही यह निर्णय भारत की महर्षि दधीचि की देहदान की परम्परा को आगे बढ़ाएगा। मध्य प्रदेश सरकार का यह निर्णय लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा। वैसे जो कार्य मध्य प्रदेश सरकार करने जा रही है, उसे प्रत्येक प्रदेश को लागू करना चाहिए। अच्छा हो कि ये केंद्र की ओर से लागू हो। इस कार्य के लिए जागरूकता अभियान भी चलाने की जरूरत है। इसके लिए लोगों को प्रेरित करने के साथ प्रोत्साहित भी करना होगा।**

अशोक मधुप

भारत में प्रतिवर्ष पांच लाख से ज्यादा लोग वक्त पर अंग न मिलने से मौत का शिकार हो जाते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इनमें से दो लाख के आसपास लोगों की मौत लिवर नहीं मिलने की वजह से होती है। इन मरने वालो में अधिकतर वे लोग होते हैं जो पैसा देकर अंग नहीं खरीद सकते। पैसे वाले तो मन मांगा मोल देकर अंग खरीद लेते हैं। इसी कारण मानव अंगों के अवैध कारोबार को बढ़ावा मिलता है। भारत में प्रतिवर्ष दस लाख व्यक्तियों में अंगदान करने वालों की संख्या 0.16 है। विकसित देशों जैसे अमेरिका, ब्रिटेन, नीदरलैंड और जर्मनी में यह संख्या 10 से 30 के मध्य है। हमारे देश में इस संख्या के कम होने के कारण हैं- सही जानकारी का अभाव, धार्मिक मान्यता, सांस्कृतिक भ्रांतियां और पूर्वाग्रह। कई देशों में अंगदान ऐच्छिक न होकर अनिवार्य है। भारत में ऐसा कर पाना संभव नहीं है, लेकिन जागरूकता पैदाकर इस संख्या को बढ़ाया जा सकता है।

लोगों में अंधविश्वास है कि यदि मृत व्यक्ति की आंखों को दान दिया जाता है तो उसे मरने के उपरांत स्वर्ग नहीं मिलता या अगले जन्म में वह आंख या उस अंग के बिना पैदा होगा, जबकि अंगों को शरीर से निकालने से परंपरागत अंत्येष्टि क्रिया या दफन क्रियाओं में कोई बाधा नहीं आती। इससे शरीर के रंग-रूप में भी कोई परिवर्तन नहीं होता।अपने अंगों को मृत प्राय-रोगियों को बहुमूल्य उपहार के रूप में दान देकर अपनी मृत्यु को जीवन समान सार्थक बनाया जा सकता है।

एक मृत व्यक्ति के अंगदान से नौ लोगों को नया जीवन मिल सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में 1,04999 पुरुष, महिला और बच्चे आज भी इस इंतज़ार में हैं कि कोई अंगदान करेगा और वे अपना जीवन जी सकेंगे। राष्ट्रीय अंग प्रत्यारोपण प्रतीक्षा सूची में अकेले किडनी के जरूरतमंद व्यक्ति ही 88551 है। भारत में प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख मौतें सड़क हादसों से होती हैं। वर्ष 2022 में ही 168491 मौत हुईं। इसका मतलब औसतन हर रोज सड़कों




पर 1000 से ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं और 400 से ज्यादा लोग दम तोड़ देते हैं।

इनमें सबसे पहले मस्तिष्क पूरी तरह से कार्य करना बंद कर देता है, ऐसा शरीर अंगदान के लिए उपयुक्त होता है। फिर भी बमुश्किल दो-तीन प्रतिशत भाग्यशाली लोगों को नए अंग मिलते हैं। हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी, आंत, पैंक्रियाज ऐसे अंग हैं, जो मृत व्यक्ति के परिजनों द्वारा दान किए जा सकते हैं। आंख का कॉर्निया, हड्?डी, त्वचा, नस, मांसपेशियां, टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज, हृदय वाल्व भी मृत्यु के बाद किसी अन्य व्यक्ति के काम आ सकते हैं। जीवित व्यक्ति एक पूरी किडनी व लिवर का कुछ हिस्सा दान में दे सकता है। शेष एक किडनी से दानदाता का जीवन व्यतीत हो सकता है। लिवर समय के साथ बढ़ जाता है और पुन- अपनी पुरानी अवस्था में लौट आता है इसलिए दाता को किसी प्रकार की कोई दिक़्क़त नहीं होती है। भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं महान संस्कृति है। दान, धर्म एवं उच्च संस्कार प्राचीन काल से ही हमारे समाज में वरिष्ठ स्थान रखते रहे हैं। महर्षि दधीचि ने दान की पराकाष्ठा का उदाहरण समाज के समक्ष रखा। वह भारतीय संस्कृति के प्रथम अंगदानी कहे जाते हैं। देवता और दानव में युद्ध चल रहा था! दानव देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। देवताओं को समझ नहीं आ रहा था कि युद्ध में कैसे विजय पाई जाए। इसके लिए वे ब्रह्मा जी के पास गए। ब्रह्मा जी ने सुझाव दिया कि महर्षि दधीचि की अस्थियों से बने अस्त्र से दानवों को पराजित किया जा सकता है। देवता महर्षि दधीचि के पास गए। याचना की। महर्षि दधीचि द्वारा दी गई अस्थियों से बने वज्र से राक्षास ब्रजासुर का बद्ध हुआ। दानव पराजित हुए।

आर्यव्रत की हजारों साल पुरानी देहदान और अंगदान की इस परंपरा में आज भी लोगों की रुचि नहीं है। मुझे याद है कि लगभग 40 साल पहले उत्तर प्रदेश के बिजनौर के स्टेडियम में खेल प्रतियोगिता के दौरान भाला लगने से एक कर्मचारी घायल हो गया था। उसे खून की जरूरत थी। कहे जाने पर भी उसके परिवारजनों ने खून नहीं दिया था। उसकी मदद के लिए स्टेडियम के खिलाड़ी आगे आये। उनके रक्त देने से कर्मचारी की जान बची। अच्छा यह है कि अब रक्तदान के प्रति तो लोगों में जागरूकता बढ़ी है, किंतु अंगदान के प्रति अभी चेतना नही है। अंगदान के प्रेरित करने वाले चिकित्सकों की भी कमी है। यदि बड़े और सरकारी अस्पताल के चिकित्सक मृतक के परिजनों को अंगदान के लिए प्रेरित करने लगे तो बड़ा काम हो सकता है।

हालांकि हेल्थ प्रोफेश्नल आमतौर पर अंगदान के विषय पर मृतक के परिजनों से बात करने में अटपटा महसूस करते हैं। नई दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ समीरन नंदी ने डीडब्लू को बताया, ÷डॉक्टर मृतक के अंगों को दान देने के बारे में पूछने से कतराते हैं, कोई इस बारे में प्रोत्साहन भी नहीं है और बदले की कार्रवाई का डर भी रहता है।÷ एक बात ओर अंगदान करने के इच्छुक लोग बढ़ भी जाएं तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी साजो सामान या उपकरण मौजूद नहीं हैं।

भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन (नोटो) से पंजीकृत हैं। ये संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण कार्यक्रम का समन्वय करता है। यानी देश में प्रत्येक 43 लाख नागरिकों के लिए, तमाम सुविधाओं और उपकरणों वाला सिर्फ एक अस्पताल है। भारत के देहाती इलाकों में तो ट्रांसप्लांट सेंटर कमोबेश हैं भी नहीं। अंगदान की प्रक्रिया बहुत लाभकर है पर जिस तेजी से बढ़नी चाहिए, उस तेजी से नहीं अंगदान के नाम पर आंख देना ही शुरू हुआ है। यह भी न के बराबर। जबकि मानव कल्याण के लिये अंगदान का प्रचार प्रसार बहुत जरूरी है। रक्तदान में जरूर तेजी आई है।

प्रत्येक वर्ष तीन अगस्त को अंगदान दिवस मनाया जाता है। एक दिवस में इस महत्वपूर्ण कार्य की इतिश्री कर दी जाती है। जबकि प्रत्येक पल अंगदान के लिए प्रेरित करने की जरूरत है। अंगदान के लिए जनजागरण की जरूरत है। स्कूली शिक्षा से छात्रों में जनजागरण के लिए जागरूकता विकसित की जानी चाहिए। अन्य अभियानों की तरह अंगदान के लिए भी अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए विभिन्न धर्मगुरूओं से संपर्क कर उनसे अनुरोध किया जाए कि वह अंगदान के लिए अपने समर्थकों को प्रेरित करें। मध्य प्रदेश की तरह अंगदान करने वालों परिवारों के सममानित करने के साथ उन्हें प्रोत्साहित करने आयुष्मान योजना जैसी सरकारी योजना का लाभ दिलाने की भी जरूरत है।

वैसे हाल में अंगदान के लिए कई अच्छे स्लोगन सामने आए हैं। मरने के बाद भी यदि दुनिया की खूबसूरती देखते रहना चाहते हों तो आंखे दान करो। मरने के बाद भी दिल की धड़कन महसूस करनी हों, तो दिल दान करों। इस तरह के और रोचक नारे और स्लोगन बनाकर बढ़िया कर प्रचार करने महर्षि दधीचि की देहदान की परम्परा को ओर आगे बढ़ाया जा सकता है और ज्यादा लोगों की जान बचायी जा सकती हैं।

अध्यात्म

## आचरण बड़ा या ज्ञान!,क्या आपके पास है इसका समाधान

एक बार एक राज्य के राजा अपने राज्य के राजा पुरोहित का बहुत सम्मान करते थे। जब भी वह आते राजा स्वयं अपने सिंहासन से उठकर उनका सम्मान करते थे। एक दिन राजा कहने लगे कि मेरे मन में एक प्रश्न है गुरु देव मुझे बताएं कि किसी व्यक्ति का आचरण बड़ा होता है या फिर उसका ज्ञान बड़ा होता है।

राज पुरोहित कहने लगे कि राजन् मुझे कुछ दिनों का समय दे फिर मैं आपको इस प्रश्न का उत्तर दूंगा। राजा बोला गुरुदेव ठीक है। राज पुरोहित अगले दिन राजा के कोषागार में गए और वहां से कुछ सोने की मोहरें उठा कर अपनी पोटली में रख ली। कोषाध्यक्ष चुपचाप सब कुछ देख रहा था लेकिन वह राजा के पुरोहित है ऐसा सोच मौन रहे। राज पुरोहित कुछ दिन तक लगातार ऐसा करते रहे। कोषागार में जाते सोने की मोहरें पोटली में रखते और वापिस आ जाते।

कोषाध्यक्ष ने सारा वृत्तांत राजा को सुना दिया। राज पुरोहित एक दिन राजा महल में पहुंचे आज ना तो राजा स्वयं उन्हें लेने गया और ना ही सम्मान में सिंहासन से उठा। राज पुरोहित समझ गए कि मेरी स्वर्ण मुद्राएं चोरी करने की बात राजा तक पहुंच गई है।

राजा ने भौंहें तान कर पूछा क्या आपने कोषागार से स्वर्ण मुद्राएं चोरी की है ? राज पुरोहित ने कहा कि हां राजन् यह बात सत्य है। राजा ने क्रोधित होकर पूछा आपने ऐसा क्यों किया?

राज पुरोहित कहने लगे कि मैंने जानबूझ कर स्वर्ण मुद्राएं चुराई थी क्योंकि मैं आप को प्रत्यक्ष दिखाना चाहता था कि किसी व्यक्ति का आचरण बड़ा होता है या फिर ज्ञान।

राजन् जब आपको पता चला कि मैंने स्वर्ण मुद्राएं चोरी की है आप मेरे सम्मान में खड़े नहीं हुए उल्टा क्रोध से आपकी भौंहें मुझ पर तन गई। मेरा ज्ञान तो स्वर्ण मुद्राएं उठाने से पहले भी मेरे पास था और उठाने के बाद भी मेरे साथ ही था। लेकिन जैसे ही मेरे चोर होने की बात आपको ज्ञात हुई मेरे प्रति आपका जो सम्मान था वह लगभग समाप्त हो गया।

राजन् अब शायद आपको अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया होगा। मेरा जो आप सम्मान करते हैं वो मेरे आचरण के कारण करते थे जैसे ही मेरा आचरण बदला आपने मेरा सम्मान नहीं किया।

इसलिए हमें सदैव अपना आचरण अच्छा रखना चाहिए। क्योंकि अगर हमारा आचरण अच्छा नहीं है तो हमारी शिक्षा,पद और धन भी हमें सम्मान नहीं दिला सकती है।

# अगले साल तक कैसे खत्म हो पाएगा लाल आतंक

**इसे संयोग कहें या कुछ और, बीते 21 मार्च को जब छत्तीसगढ़ के बीजापुर और कांकेर में सुरक्षा बलों के हाथों तीस नक्सली मारे गए, उसी वक्त केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संसद में नक्सलवाद के सफाए का ऐलान कर रहे थे। अमित शाह का कहना था कि अगले 375 दिनों में नक्सलवाद का सफाया हो जाएगा। अगर तारीखों के हिसाब से कहें तो केंद्र सरकार ने 31 मार्च 2026 तक कभी लाल आतंक के नाम से कुख्यात रहे नक्सलवाद के सफाए का लक्ष्य रखा है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि क्या सचमुच नक्सलवाद आखिरी सांसे ले रहा है और जल्द ही आतंक का पर्याय रही ये विचारधारा अतीत बन जाएगी।**

उमेश चतुर्वेदी

साल 2025 के अभी तीन महीने ही गुजरे हैं, लेकिन इस बीच नक्सलवाद को लेकर जो आंकड़े सामने हैं, उनसे तो लगता यही है कि नक्सलवाद अब गिने-चुने दिनों की ही बात है। केंद्रीय गृहमंत्रालय के आंकड़ों पर भरोसा करें तो बीते तीन महीनों में ही सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 119 नक्सली मारे जा चुके हैं। नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों को यह कामयाबी सिर्फ 10 मुठभेड़ों में ही मिली हैं। बीते साल यानी 2024 में मुठभेड़ों में 239 नक्सली मारे गए थे। यानी सिर्फ सवा साल की अवधि में ही 358 नक्सली मारे जा चुके हैं। इतने नक्सलियों का मारे जाने और भारी संख्या में नक्सलियों के आत्म समर्पण करने का संकेत साफ है कि अब नक्सलियों की कमर टूटती जा रही है। शायद यही वजह है कि अमित शाह संसद में पूरे आत्मविश्वास के साथ ऐलान कर रहे हैं कि नक्सलवाद देश में आखिरी सांसे गिन रहा है।

साल 2010 के आंकड़ों के हिसाब से देश के तकरीबन छठवें हिस्से में नक्सलवाद का प्रभाव था। झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश तक नक्सलवाद फैला हुआ था। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के हिसाब से तब देश के 96 जिलों में आतंकवाद का खूनी पंजा फैला हुआ था। यूं तो हर सरकार नक्सलियों के खिलाफ अभियान चलाती रही है, लेकिन इसमें तेजी केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद आई। नक्सलवाद को ज्यादातर सरकारें कानून और व्यवस्था का मामला मानती रहीं, उसके जिम्मेदार सामाजिक कार्यों को किनारे रखा जाता रहा। मोदी सरकार ने इसे कानून और व्यवस्था का मामला तो माना, लेकिन उसके साथ ही इसे सामाजिक नजरिए से भी देखना शुरू किया।

नक्सलवाद को लेकर कहा जाता रहा है कि जहां विकास नहीं पहुंचा, जहां शोषण की अर्थव्यवस्था रही, वहीं नक्सलवाद को पनपने का ज्यादा मौका मिला। शायद इसी वजह से नक्सल प्रभावित इलाकों में विकास के पहिये को तेजी से दौड़ाने की तैयारी हुई। सड़कों और रेल लाइन की पहुंच नक्सल प्रभावित इलाकों में बढ़ाने की शुरूआत हुई। बीते आठ वर्षों में 10718 करोड़ की लागत से नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 9356 किमी सड़कों का निर्माण किया गया। इन इलाकों में तैनात केंद्रीय बलों तैनात केंद्रीय बलों द्वारा स्थानीय आबादी के लिए जहां स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने शुरू हुए, वहीं उन्हें मुफ्त में जरूरी दवाएं दी जाने लगीं। इसी तरह उन इलाकों में पेयजल सुविधा बढ़ाने, सोलर लाइट की सुविधा देने के साथ ही खेती के उपकरण और बेहतर बीच आदि देने की कोशिश तेज हुई। गृहमंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, साल 2014 से अब तक इन मदों में नक्सल प्रभावित इलाकों में करीब 140 करोड़ रुपये के काम किए जा चुके हैं। डाक विभाग ने 90 नक्सलप्रभावत प्रभावित जिलों में, तकरीबन हर तीन किलोमीटर पर सिर्फ आठ वर्षों में ही 4903 नए डाकघर खोले हैं। इसी तरह



अप्रैल-2015 से लेकर अब तक 30 सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में 1258 नई बैंक शाखाएं और 1348 एटीएम लगाए गए हैं। नक्सल प्रभावित इलाकों में संचार की सुविधा बढ़ाने के लिए पहले चरण में 4080 करोड़ रूपये की लागत से 2343 मोबाइल टावर लगाए गए तो दूसरे चरण में 2210 करोड़ से 2542 मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं। इन इलाकों में 245 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बनाने की तैयारी है,जिनमें 121 काम शुरू कर चुके हैं।

इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि नक्सल उग्रवाद ऐसे क्षेत्रो में तेजी से पनपा, जहां गरीबी ने जड़ें जमा रखी थी। नक्सली विचार प्रभवित समूहों ने इन इलाकों के लोगों के असंतोष को खाद पानी के रूप में इस्तेमाल किया और इस तरह उग्रवाद को बढ़ावा मिला। इन समूहों को स्थानीय समर्थन मिलने के कारण सुरक्षा संस्थाओ को अपना काम करने में कई समस्याओं का सामना करना पड़ता था, परन्तु 2014 के बाद हालात बदले।

दूसरी तरफ उग्रवादी समूहों को हो रही फंडिंग पर रोक लगाने के लिए चौकसी बढ़ाई गई। इसके तहत नक्सल प्रभावित राज्यों ने जहां 22 करोड़ की संपत्ति जब्त की,वहीं प्रवर्तन निदेशालय ने तीन और एनआईए ने पांच करोड़ की संपत्ति जब्त की। नक्सली हिंसा की जांच के लिए एनआईए में अलग से एक सेक्शन बनाया गया। जिसे अब तक 55 मामलों की जांच सौंपी जा चुकी है। इसी तरह विशेष कार्रवाई के लिए विशेषज्ञ सुरक्षा बलों पर जोर दिया गया और सूचनाओं को साझा करने का नेटवर्क विकसित किया गया। नक्सलरोधी ऑपरेशन के लिए केंद्रीय और राज्यों विशेष ऑपरेशन टीमें बनाई गईं। सुरक्षा बलों और नक्सलियों पर निगाह के लिए तकनीक को बढ़ावा भी दिया गया। इसके तहत लोकेशन मोबाइल फोन और दूसरी तकनीक सुरक्षा बलों को मुहैया कराई गई। द्रोण कैमरों से नक्सलियों पर निगाहबानी शुरू हुई और कैजुअल्टी या विशेष ऑपरेशन के लिए हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई।

शायद यही वजह रही कि संसद में नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री अमित शाह बेहद आत्मविश्वास में नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में प्रमुख जगहों पर सीआरपीएफ और इसकी विशेष इकाई %कोबरा% ही माओवादियों से लोहा ले रही है। इन बलों ने ऐसी रणनीति बनाई है, जिसमें नक्सलियों के पास दो ही विकल्प, %सरेंडर% करो या %गोली% खाओ, बचे हैं। अब ऐसा कोई इलाका नहीं बचा है, जहां सुरक्षा बलों की पहुंच न हो। वे महज 48 घंटे में %फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस% स्थापित कर आगे बढ़ रहे हैं। अब नक्सलियों के लिए जंगलों में अधिक दूरी तक पीछे भागना भी संभव नहीं हो रहा। उनकी सप्लाई चेन कट चुकी है। नक्सलियों की नई भर्ती तो पूरी तरह बंद हो चुकी है। इतना ही नहीं, घने जंगलों में स्थित नक्सलियों के ट्रेनिंग सेंटर भी तबाह किए जा रहे हैं।

नक्सल प्रभावित इलाकों में अमन-चैन हो और बिना खून बहाए ही लोग अपनी शिकायत लोकतांत्रिक ढंग से रख सकें। इसका विरोध शायद ही कोई करेगा। नक्सलवाद का आतंक खत्म हो, इसका स्वागत ही होना चाहिए। लेकिन व्यवस्था को यह भी देखना होगा कि भविष्य में ऐसे हालात फिर ना बनें, जिससे फिर से नक्सलवाद को बढ़ने को मौका मिले। क्योंकि विचार केंद्रित एक्शन भले ही रूक जाए, विचार कभी नहीं मरते।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आज आपको अपने कामों पर थोड़ा ध्यान देना होगा, नहीं तो कोई नुकसान हो सकता है। किसी काम को आप भाग्य के भरोसे ना छोड़े।

**वृषभ**
किसी काम को लेकर ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से धन उधार लेंगे, तो वह आसानी से मिल जाएगा। बिजनेस के काम को लेकर यात्रा पर जा सकते हैं।

**मिथुन**
दिन आपके लिए अनुकूल है। कारोबार में आपको अच्छी उन्नति मिलेगी। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों के कामों से आज उनकी एक नई पहचान बनेगी।

**कर्क**
आज का दिन मेहनत से कार्य करने के लिए रहेगा। जो लोग विदेशो से व्यापार करते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए किसी नई संपत्ति की प्राप्ति के लिए रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां भरपूर रहेगी। आप अपनी वाणी की सौम्यता बनाए रखें।

**कन्या**
आज का दिन आपके किसी लंबे समय से रुके हुए काम को पूरा करने के लिए रहेगा। बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत लोग किसी अच्छी स्कीम में धन लगा सकते हैं।

**तुला**
बाहर के खान-पान से परहेज रखने की आवश्यकता है। आप अपनी संतान के करियर को लेकर कोई अच्छा इंश्योरेंस प्लान दे सकते हैं।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। कोई पैतृक समस्या भी लंबे समय से आपको परेशान कर रही थी, तो वह भी दूर होगी।

**धनु**
आज का दिन दानपुण्य के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए रहेगा। परोपकार की भावना आपके मन में बनी रहेगी। बिजनेस में कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**मकर**
मकर राशि के जातकों के लिए आज का दिन आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याग्रता बढ़ेंगी।

**कुंभ**
अपनी जिम्मेदारी से कामों को आसानी से पूरा करेंगे। बिना वजह किसी काम को लेकर यात्रा पर ना जाएं। आप सामाजिक कार्यक्रमों में भी सम्मिलित होंगे।

**मीन**
चारों ओर का वातावरण आपके लिए अनुकूल रहेगा। संतान पक्ष की ओर से भी कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। वैवाहिक जीवन में चल रही समस्याएं दूर होंगी।

# हिंदू नव वर्ष उत्सव में झूमे भोजपुरिया सितारे

## सभी कलाकारों को मेमेंटों और शॉल देकर किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा/भोजपुर।** जिले के बड़हरा प्रखंड के बखोरापुर गांव में रविवार की रात भोजपुरी के मशहूर कलाकारों ने सांस्कृतिक संध्या में धमाकेदार प्रस्तुतियां दीं। भाजपा नेता सह उद्योगपति अजय कुमार सिंह के द्वारा आयोजित हिंदू नव वर्ष उत्सव में भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री के कई नामचीन चेहरे पहुंचे थे।




कार्यक्रम में ये प्रयागराज है गीत से सुर्खियों में आए गायक आलोक कुमार ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोजपुरी सिनेमा की प्रसिद्ध अभिनेत्री व गायिका अक्षरा सिंह, शिल्पी राज, राकेश मिश्रा और मास्टर विकास ने भी अपने बेहतरीन गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सांस्कृतिक संध्या के दूसरे चरण में चैता के प्रसिद्ध कलाकार कमलबास कुंवर और अरविंद सिंह अभियंता के बीच दुगोला मुकाबला हुआ, जिसने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। मंच संचालन की जिम्मेदारी रविरंजन राय और विक्की तिवारी ने बखूबी निभाई। संगीत की प्रस्तुति के लिए मुन्ना बर्मन, छोटू बाबा सहित उनकी पूरी टीम मौजूद रही। कार्यक्रम के दौरान आयोजक सह उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने सभी कलाकारों को मोमेंटो और शाल देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि के इस शुभ अवसर पर इस तरह के आयोजनों का मुख्य उद्देश्य लोगों के बीच सांस्कृतिक चेतना को जाग्रत करना है और भोजपुरी की समृद्ध परंपरा को बढ़ावा देना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि हर साल हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में इस तरह के भव्य आयोजनों का सिलसिला जारी रहेगा।

# बैरही के होनहार छात्रों ने किया प्रखंड का नाम रोशन





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/भोजपुर।** बलिगांव पंचायत के बैरही गांव निवासी विवेक कुमार और सृष्टि कुमारी ने उच्च अंक प्राप्त कर प्रखंड व गांव का मान बढ़ाया है। विवेक कुमार ने 94% और सृष्टि कुमारी ने 93.6% अंक प्राप्त किए हैं। दोनों छात्र-छात्रा जगदीशपुर प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरही में पढ़ते थे।

विवेक कुमार श्रीनगर निवासी रामबाबू यादव के पुत्र हैं, जबकि सृष्टि कुमारी श्रीनगर निवासी कन्हैया सिंह की पुत्री हैं। दोनों का लक्ष्य सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण कर देश, प्रखंड और गांव का नाम रोशन करना है।

इसी के साथ, प्रखंड के काऊप विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। पीयूष मिश्र ने 88%, सीमा कुमारी ने 83% और कृष्णा शर्मा ने 82% अंक प्राप्त किए। विशेष रूप से सीमा कुमारी और कृष्णा शर्मा, जो खेतिहर मजदूर परिवार से आते हैं, ने अपनी मेहनत से यह सफलता प्राप्त की है।

सीमा और कृष्णा का सपना है कि वे उच्च पदाधिकारी बनकर अपने परिवार की गरीबी दूर करें। उन्होंने बताया कि उनके पिता मजदूरी कर किसी तरह उन्हें पढ़ा रहे हैं और वे अपने पिता के सपनों को पूरा करना चाहते हैं।

प्रखंड के इन होनहार छात्रों की सफलता से पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

## एक नजर

### मैट्रिक परीक्षा में जिले में सेकंड टॉपर रही क्षमा मिश्रा



**बक्सर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उत्क्रमित हाई स्कूल बैकुंठपुर बड़कागांव इटाढी के छात्रा क्षमा मिश्रा ने 466 अंक प्राप्त कर जिले में सेकंड टॉपर बनी है। जिसको लेकर सरैया गांव में खुशी का माहौल है। परीक्षा के परिणाम आते हैं क्षमा मिश्रा और उनके पिता विनय कुमार मिश्रा को ग्रामीणों व अन्य रिश्तेदारों के द्वारा बधाई देने के लिए तांता लगा रहा। क्षमा मिश्रा ने अपने सफलता को लेकर बताया कि हमारे माता-पिता के साथ हमारे शिक्षक एस क्लासेस के सत्येंद्र कुमार द्वारा हमेशा से गाइडलाइन दिया जा जाता रहा ऐसे में यह सारा श्रेय हमारे माता-पिता और सत्येन्द्र सर को जाता है। क्योंकि जिस तरह से उनका तैयारी करने का तरीका था उससे इस तरीके से मैं तैयारी की और आज जिले में दूसरे स्थान तक का अंक हासिल किया है हालांकि गुरुजनों को मेरे इस इस अंक से संतुष्ट नहीं हैं। चुकी उन्होंने अपने आप पर कमी निकालते हुए बताया कि तुम्हारा अंक कम लाना कहीं ना कहीं मेरे कमी रही है। मैं कोशिश करूंगा किसी से बेहतर आने वाले बच्चों के लिए और कर सकूं।

### स्कार्पियो की ठोकर से ट्रांसफार्मर लगा पोल टूटा

**बिहारशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थानाध्यक्ष पप्पु कुमार सिंह ने बताया रविवार करीब ग्यारह बजे रात्रि में विहार शरीफ की ओर से तेज गति में आ रही स्कार्पियो ने मुख्य सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर वाले पोल में तेज ठोकर मार मार दिया। जिसके कारण पोल टूट गया और वाहन पर हीं गिर गया। जिसके कारण बिजली बाधित रहा। उन्होंने कहा कि वाहन को जब्त कर लिया गया है। कनीय अभियंता धर्मबीर कुमार ने बताया कि ठोकर के कारण बाजार के आधे भाग में करीब छह से सात घण्टे तक बिजली बाधित रही। जिसे पुनः चालू कर दिया गया।

### बिहार में अप्रैल से जून तक पड़ेगी झुलसाने वाली गर्मी

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के लोग अप्रैल से जून तक भीषण गर्मी की मार झेलेंगे. भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने अपडेट में बताया कि अगले दो महीने बिहार के लोगों को सावधान रहने की जरुरत है। बिहार को लेकर भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि यहां अप्रैल से जून तक सामान्य से अधिक झुलसाने वाली गर्मी पड़ेगी. पूरे प्रदेश में इस दौरान उच्चतम और न्यूनतम तापमान दोनों ही अधिक रहेगा. सोमवार को जारी ऋब्रककी पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में खासतौर पर बिहार के उत्तर-पश्चिम और दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में अप्रैल में लू (हीट वेव) के दिनों की संख्या सामान्य से अधिक रहने की आशंका है. यहां करीब तीन से चार दिन लू रह सकती है. इस दौरान पश्चिमी बिहार को सबसे अधिक लू का दौर झेलना पड़ सकता है. शेष कुछ जगहों पर एक से दो दिन लू की स्थिति बन सकती है। आइएमडी के आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल से जून तक विशेष रूप से दक्षिण-मध्य, दक्षिण-पश्चिम, उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य में लू (हीट वेव) के दिन भी सामान्य से अधिक रहेंगे. चिंता की बात है कि बिहार का बिहार का ऐसा कोई हिस्सा नहीं है, जहां लू की पहुंच नहीं हो. पूर्वी बिहार में गर्म हवाएं तो चलेंगी, लेकिन यहां लू वाले दिन तुलनात्मक रूप में राज्य के अन्य हिस्सों से कम हो सकते हैं। आइएमडी रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में प्री मानसून की बारिश सामान्य से कम ही रहने का पूर्वानुमान है. आइएमडी का पूर्वानुमान है कि अप्रैल में रात का तापमान सामान्य से काफी अधिक रह सकता है. इधर, आइएमडी पटना ने पूर्वानुमान जारी किया है कि एक अप्रैल से अगले तीन दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक के इजाफा होने की आशंका है।

# खबर का असर : सड़क पर फैले कचरे को कराया गया साफ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोइलवर/भोजपुर।** ग्रामीणों की शिकायत पर नवबिहार टाइम्स में छपी खबर पर असर हुआ है। सोमवार को एनएचआई के निरीक्षण अधिकारी मंटू कुमार ने अपने टीम के साथ जेसीबी की सहायता से कायमनगर बाजार अवस्थित सड़क के दोनों साइड फैले कचरे को साफ कराया गया। बता दूं कि सड़क पर कचरा फैला था। जिसे नवबिहार टाइम्स अख़बार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस संबंध में एनएचआई के निरीक्षण अधिकारी ने बताया कि सड़क पर फैले कचरे को साफ कराने के बाद कचरा फेंकने वाले लोगों को सख्त हिदायत दिया गया कि सड़क पर कचरा फेंकने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी साथ उन्होंने बताया कि सड़क के बीचो-बीच डिवाइडर पर मछली, चिकेन इत्यादि सड़ा गला कचरा फेंका हुआ था। जिसे जेसीबी की सहायता से साफ कराया गया।

# शाही जमा मस्जिद में अता की गई ईद की नमाज, मांगी अमन-चैन की दुआ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गड़हनी/भोजपुर।** नगर पंचायत स्थित शाही जमा मस्जिद में सोमवार सुबह ईद की नमाज अदा कर अमन-चैन की दुआ मांगी गई। रमजान के समापन की खुशी में मुस्लिम समुदाय ने हर्षोल्लास के साथ ईद-उल-फितर का पर्व मनाया। शाही जमा मस्जिद में सुबह 7:15 बजे मौलाना की इमामत में नमाज अदा की गई।

गड़हनी के विभिन्न क्षेत्रों से आए अकीदतमंदों ने नमाज में भाग लिया। नमाज के बाद खुतबा हुआ और फिर मौलाना ने दुआ कराई। नमाज पूरी होने के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। घरों में अजीज और मेहमानों के लिए खीर व सेवइयां बनाई गईं। महिलाओं ने घरों में नमाज अदा की। ईद के मौके पर शाही जमा मस्जिद के पास सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। मौके पर चरपोखरी थानाध्यक्ष संतोष सिंह, गड़हनी थानाध्यक्ष रणवीर कुमार, डॉ. अकबर अली, श्रीनिवास यादव, मो. रमीज़, राजू वारसी, असलम अंसारी, मो. अलाउद्दीन, कौसर, मो. गुड्डू, असगर अली सहित सभी समुदायों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे और एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी।




## हर्षोल्लास के साथ ईद की नमाज अदा

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने गाँव की मस्जिदों में नमाज अदा की और गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की बधाई दी। इस अवसर पर सभी ने परिवार, समाज और देश में अमन-चैन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। ईद को लेकर क्षेत्र की समीरा सुन्नी जमा मस्जिद, परशुराम, रहटौली और नूरगंज मस्जिद में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर नमाज अदा की।

# ईद पर दी गई एक-दूसरे को बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** ईद के अवसर पर नवादा के शिक्षाविद, समाजसेवी , गरीबों का हमदर्द, मॉडर्न शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह ने इस्लाम धर्मालंबियों से मिलकर ईद -उल- फितर की मुबारकबाद दीं।इस कड़ी में उन्होंने नवादा के अलग-अलग जगह पर जाकर लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। साथ ही साथ क्षेत्र के अमन चैन की दुआ भी किया। जहां उन्होंने अंसार नगर के जामा मस्जिद में लोगों से मिलकर कहा कि यह त्योहार समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाता है। उन्होंने ईद मना रहे लोगों के सभी प्रयासों में खुशी और सफलता की कामना भी की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना हाजी जोमान अख्तर जमाली से गले मिलकर अमन चैन की दुआ मांगी। इमाम ने डॉ अनुज सिंह को ईद की मुबारकबाद दिया। साथ चल रहे लोगों में से नौशाद आलम ने कहा कि यह त्योहार हमारे समाज में आशा, सद्भाव और दयालुता की भावना को बढ़ाएं। अंसार नगर के मुन्ना कैसर ने डॉ अनुज सिंह को भी ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि आपका सद्भाव हम सभी लोगों के लिए प्रेरणा है। अल्लाह आपकी दुआ को कबूल करेंगे। गोंदापुर के ईदगाह में लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दिया। लोगों से गले मिलते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन का असली उद्देश्य सिर्फ खुशी मनाना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करना और अपने आस-पास प्यार और भाईचारे का माहौल बनाना भी है। आपके सभी प्रयासों में खुशी और सफलता मिले। भदौनी में मोहम्मद फैयाज अहमद उर्फ प्यार जी, नौशाद आलम अंसार नगर, शकील खान, जावेद खान आंती, मोहम्मद सलीम अंसारी, अजहर साबरी कव्वाल आदि से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस्लामनगर, मोगलाखांर आदि प्रमुख स्थान पर जाकर लोगों से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।



# मस्जिदों और ईदगाहों में अता की गई ईद की नमाज, अल्लाह से मांगी गई अमन-चैन की दुआ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रमजान के 30 रोजे के बाद सोमवार को देशभर में मुस्लिम समुदाय के लोग ईद धूमधाम से मनाए। इस कड़ी में रांची में भी ईद की धूम दिखी। सुबह के समय नए-नए कपड़े पहनकर बच्चे, बुजुर्ग और युवाओं ने अपने-अपने घरों के पास के ईदगाहों और मस्जिदों में सामूहिक रूप से ईद की नमाज अता की। नमाजियों की सुविधा के लिए अलग-अलग ईदगाहों और मस्जिदों में ''ईद की नमाज'' का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया था।

**मौलाना ने मोहब्बत का दिया पैगाम**

ईद की नमाज के बाद मौलाना असगर मिस्बाही ने अपने संदेश में कहा कि ईद और इस्लाम मोहब्बत का पैगाम देता है। इस्लाम इंसान से इंसान के बीच मोहब्बत का पैगाम देता है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में विभिन्न धर्मों के लोग प्रेम और भाईचारे से रहते हैं। मजहब की आजादी ही यहां की खूबसूरती है। कुछ लोग इस खूबसूरती को खत्म करना चाहते हैं। ऐसे में मुल्क की हिफाजत की जिम्मेवारी हमारी है। मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि जो लोग नफरत फैलाना चाहते हैं उनके मंसूबों को हमें प्रेम और भाईचारे से नाकाम करना है। उन्होंने कहा कि इंसानियत ही सबसे बड़ा धर्म है। जो उनका फर्ज है वह अहले सियासत जानें। इस्लाम धर्मावलंबियों के सबसे बड़े त्योहार ईद-उल-फितर को लेकर खासा उत्साह देखा गया। ईद की नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे को ईद की शुभकामनाएं दी। कई लोग ऐसे हैं जो अपने परिवार के साथ ईद मनाने के लिए दूसरे राज्य या शहर से रांची पहुंचे हैं। ईद के अवसर पर सभी के घरों में सेवईयां, खट्टा-मीठा चाट, दही बड़ा, मोती पुलाव सहित कई खास व्यंजन बनाए गए हैं। इस दौरान मौलाना असगर मिस्बाही ने कहा कि ईद के मौके पर वह केंद्र की सरकार से आग्रह करते हैं कि वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक को वापस ले ले। ईद की नमाज के दौरान कुछ लोगों ने पीएम मोदी से वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक वापस लेने का बैनर लिए हुए भी नजर आए। जिसमें ईद की सौगात के रूप में संशोधन विधेयक वापस लेने की अपील की गई थी।

# मुजफ्फरपुर में इस बार शाही लीची की पैदावार बहुत अच्छी होने की उम्मीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में इस बार शाही लीची की पैदावार बहुत अच्छी होने की उम्मीद जताई जा रही है, जिससे जिले के किसान उत्साहित हैं. विदेशी बाजारों में इस लीची के निर्यात को लेकर बातचीत शुरू हो चुकी है और बागों का चयन भी किया जा रहा है. लखनऊ से आई माही ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिनिधि दीपक कुमार मिश्रा ने कांटी, बंदरा और मुशहरी के लीची बागों का निरीक्षण किया है. उनकी कंपनी खाड़ी देशों में लीची निर्यात करेगी।



**बागों का चयन और विशेष तैयारी**

सभी बागों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है. माही ट्रेडिंग कंपनी के प्रतिनिधि इस महीने के अंत में फिर से बागों का निरीक्षण करेंगे और उन्हीं बागों का चयन करेंगे, जिन्हें विदेश भेजा जाएगा. इसके अलावा लुलु मॉल के प्रतिनिधि भी इस महीने में बागों का निरीक्षण करने आएंगे. ताकि लीची लंबे समय तक सुरक्षित रहे, इसे कूल वैन के जरिए लखनऊ एयरपोर्ट तक भेजा जाएगा, जहां से इसे खाड़ी देशों और यूरोप के विभिन्न बाजारों में निर्यात किया जाएगा।

**किसान बागों में कर रहे विशेष तैयारी**

इस समय लीची बागों में सिंचाई का काम तेजी से चल रहा है, ताकि बागों की नमी बनाए रखी जा सके. किसानों का कहना है कि इस बार शाही लीची की फसल अच्छी होगी. बागों में कीटनाशकों का छिड़काव अप्रैल के अंत में किया जाएगा और मधुमक्खी के बक्से भी रखे गए हैं. किसान बबलू शाही ने कहा कि मौसम भी इस बार साथ दे रहा है, इसलिए उम्मीद है कि लीची की फसल अच्छी होगी।

**लीची का उत्पादन और निर्यात में वृद्धि**

लीची उत्पादक संघ के अध्यक्ष बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि जिले में करीब एक लाख टन लीची का उत्पादन होता है, जो 12 हजार हेक्टेयर में फैला हुआ है. पिछले साल के मुकाबले इस बार लीची की मांग विदेशों में काफी बढ़ी है. हालांकि, पिछले साल किसानों को पूरी आपूर्ति नहीं कर पाने के कारण मांग और आपूर्ति में अंतर था, लेकिन इस बार किसानों ने पूरी तैयारी कर ली है और पहले से ही खरीदार आकर बागों का निरीक्षण कर रहे हैं।

मुजफ्फरपुर के शाही लीची का निर्यात इस बार भारी मात्रा में होने की संभावना है, जिससे किसानों को अच्छे लाभ की उम्मीद है. इसके लिए निर्यातकों के साथ बागों का चयन और निर्यात प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

# 2 अप्रैल को होगा सुंदरकांड हनुमान चालीसा महोत्सव का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बड़हरा/भोजपुर।** लगातार 25 वर्ष पूर्व से जय मां काली बखोरापुर वाली का दरबार भक्तों से 2 अप्रैल को सजते आ रहा है। भक्तों में प्रधानमंत्री, केबिनेट मंत्री, सिने जगत के कलाकार, राज नेता, जूडिसियरी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी, मेडिकल टीम समेत अन्य की भागीदारी होती रही है। मंदिर परिसर में सालोभर कार्यक्रम होना आम बात है। लेकिन खास तिथि को वृहद रुप में कार्यक्रम में लाखों लोगों की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष काली मंदिर के प्रांगण में सांस्कृतिक मंच पर 2 अप्रैल को दिन के 10 बजे से विशाल वार्षिक एवं सुन्दरकांड-हनुमान चालीसा महोत्सव-2025 आयोजित होगा। भारत प्रसिद्ध ख्यातिप्राप्त सुन्दरकांड एवं हनुमान चालीसा गायन में प्रथम स्थान प्राप्त 14 सदस्यों की सुसज्जित मंडली एवं म्यूजिकल टीम के सम्मानित सदस्य मां के दरबार में हाजरी लगायेंगे। बयासों में रिंकु तिवारी, ओम प्रकाश तिवारी, अम्बिका ठाकुर, महेन्द्र तिवारी, तारकेश्वर शर्मा, कमलेश यादव, बबलू चौबे, रामजी चौबे, सत्यम ओझा, लाल जी यादव व अमित तिवारी, कलाकारों सत्येन्द्र शर्मा (बैन्जों) केशो यादव (नाल), अक्षय शर्मा (तबला) व शाहाबाद प्रक्षेत्र के विख्यात डेकोरेशन एवं साउण्ड व्यवस्थापक कर्ता धर्मेन्द्र कुमार महुली का एक साथ भव्य संगम मंत्रमुग्ध करने वाली पवित्र प्रस्तुति लगातार दस 10 घंटे लाखों भक्तों के जमघट में धार्मिक ऊर्जा का रसास्वादन करेंगे।



**मां काली के भक्तों पर है कृपा**

जय मां काली मंदिर बखोरापुर वाली की महिमा अपरम्पार है। 25 वर्षों से लगातार बड़े-बड़े आयोजन मां के कृपा से सम्पन्न होता है। मंदिर के पुजारी व भक्तों ने बताया कि मां दरबार कभी खाली नही रहता है। वर्तमान में मंदिर के मुख्य संरक्षक सुनील सिंह गोपाल, अध्यक्ष सह मोर्या होटल के डायरेक्टर बीडी सिंह, मन्दिर ट्रस्ट सह चेयरमैन, आकाश ग्रुप ऑफ इंश्युसन बक्सर, भोजपुर एवं पटना के मुख्य सलाहकार डॉ लक्ष्मण तिवारी, डॉ. विजय गुप्ता, डॉ संगीता गुप्ता, कमल किशोर सिंह, रविशंकर सिंह, कंचन जी, पूर्व कर्नल राणा प्रताप सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह (जमीरा कोठी,आरा), अमित कुमार दुबे, मंगल सिंह समेत अन्य माता रानी की कृपा से वृहद कार्यक्रम सम्पन्न करा रहे है।

**आयोजन में जुटते है देशी-विदेशी**

मां काली मंदिर में भोजपुर, सारण, वैशाली, जहानाबाद, पटना, गया समेत बिहार के अन्य जिले, झारखंड, यूपी, बंगाल, मुम्बई, दिल्ली समेत अन्य राज्यों से श्रद्धालू के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। पुजारी विष्णु बाबा व श्यामजी उपाध्याय ने बताया कि नेपाल, मॉरीशस, त्रिनिदाद, टूबैको से भक्त माता रानी के दरबार में पहुचने का सिलसिला लगा रहता है।

CMYK

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मना ईद -उल -फितर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी/मेहसी/फेनहारा/चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** जिले भर में ईद -उल -फितर का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । इस अवसर पर लोग एक दूसरे के गले मिल कर ईद की बधाईयां दी। लोग गांव में घूम घूम कर सेवइयां खाने के परम्परा को जारी रखा। वही मेहसी से हमारे संवाददाता के अनुसार, नमाज के वक्त नमाजियों की भारी भीड़ के सामने ऐतिहासिक 110 वर्ष पुरानी मिर्ज़ापुर ईदगाह सायरा मस्जिद छोटी पड़ गई। सड़को पर ही मेहसी के करीब दो दर्जन से ऊपर गांवों से पहुंची नमाजियों की भारी भीड़ ने नमाज अदा किया। मिर्जापुर ईदगाह के अलावे हरपुरनाग, मैन मेहसी, कोठियां देवाजित परसौनी, ढरगावां, बथना, सराय बनवारी,आदि जगहों पर भी कड़ी सुरक्षा में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के वक्त ईदगाह के निकट अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतेन्द्र कुमार सिंह, थाना अध्यक्ष रणधीर कुमार भट्ट व कुमारी पूजा सहित सशस्त्र बल के जवान बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस मौके पर विभिन्न ईदगाहों में पिपरा विधान सभा के प्रत्याशी राज मंगल प्रसाद राजद प्रखंड अध्यक्ष शत्रुघ्न प्रसाद यादव सहित राजनीतिक पार्टी के लोग पहुंचे। नेताओ ने मुस्लिम भाईयो से गले मिल ईद की मुबारक बाद दी।मिर्ज़ापुर ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज कारी मोनाजिर हुसैन ने पढ़ाया। वही दूसरी जमाअत कारी इरशाद रौशन ने इमामत की। नमाज़ के बाद दुआ मांगी गई । जिसमें पूरी दुनिया के लिए अल्लाह से अमन व चैन की दुआ मांगी गई। वहीं नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पति एखलाक अहमद, हाजी गयासुद्दीन, ताजुल हक़ ताज भी मौजूद थे। मौके पर इमाम हसन कुरैशी, अबुलकलाम आज़ाद, परिवर्तनकारी शिक्षक संघ के अध्यक्ष शाहिद रज़ा, वकील अंसारी, फैज अहमद टीपू सुल्तान, रिजवान अहमद नन्हे, मास्टर लतिफुर रहमान, हाजी करमुल्लाह अंसारी, अतीकुर्रहमान, मोहम्मद शहाबुद्दीन, कलाम खान, मोहम्मद सहिम, मोहम्मद असलम, सहायक निदेशक बागवानी नेयाज अहमद सहित अन्य गण्यमान लोग मौजूद थे।

**फ़ेनहारा से हमारे संवाददाता के अनुसार,** प्रखंड क्षेत्र में बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारगी के माहौल में ईद उल फितर की नमाज सोमवार को मुस्लिम समुदाय के हजारो लोगों ने अदा किया. इस दौरान सुबह में फ़ेनहार, इजोरबाड़ा, जमुनिया, मनकरवा के ईदगाह में पहुंच कर नमाज अदा किया। नमाज अदा करने के बाद देश के अमन चैन व तरक्की के लिए दुआ किया जिसके बाद सभी एक दूसरे के गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दिया। सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार के कोई अप्रिय घटना ना हो इसको लेकर थाना अध्यक्ष सानू गौरव और अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार सहित पुलिस बल मौजूद थे।

**चकिया से हमारे संवाददाता के अनुसार,**

प्रखण्ड क्षेत्र अन्तर्गत शहर से लेकर गांव कस्बों मे ईद-उल-फितर पर्व हर्षोल्लास व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। पर्व को लेकर सुबह से हीं लोगो में उत्साह का माहौल था। इस अवसर पर शहर के मधुबन रोड स्थित जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद समेत ईमाद पट्टी, शैखी चकिया, कुअवां, अहिरौलिया, हरपुरकिशुनी आदि के ईदगाहों तथा मस्जिदों में पूर्व निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। इस दौरान देश दुनिया में शांति के लिए दुआएं मांगी गई। नमाज समापन के बाद लोगो ने पुराने सभी गिले शिकवे भुलाकर एक दूसरे के गले से गले लग कर ईद पर्व की मुबारकबाद दी। ईद के अवसर पर लोगो ने नए- नए कपड़े पहनें व सेवईयां खाएं।

# मंदिर परिसर में अधेड़ की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के लालाभदसारा गांव में सोमवार की सुबह अज्ञात अपराधियों ने एक अधेड़ व्यक्ति की शिव मंदिर परिसर में सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। सुबह-सुबह हत्या की खबर फैलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक हाल ही में एक पुराने हत्या मामले में सजा काटकर कुछ महीने पहले जेल से घर लौटा था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र के लालाभदसारा गांव निवासी महेंद्र सिंह के 50 वर्षीय पुत्र संतोष उर्फ फुदन सिंह एक पुराने आपसी विवाद के चलते हुए हत्या के मामले में 16 साल की सजा काटकर लगभग आठ महीने पहले जेल से छूटकर



घर आया था। सोमवार की सुबह वह मंदिर गया था, तभी अपराधियों ने मंदिर परिसर में पहुंचकर उसके सिर में गोली मार दी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही दुल्हिनबाजार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और अपने वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी। पालीगंज डीएसपी-2 उमेश्वर चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। जांच के लिए फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया, जहां साक्ष्य एकत्र किए गए। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

इस मामले में पालीगंज डीएसपी-2 उमेश्वर चौधरी ने बताया, ‟शिव मंदिर परिसर में संतोष उर्फ फुदन सिंह का शव मिला है। प्रथम दृष्टया उसके सिर में गोली लगने के निशान दिखाई दे रहे हैं। वह कुछ समय पहले एक पुराने हत्या मामले में सजा काटकर जेल से लौटा था। हत्या के कारणों और अपराधियों की पहचान जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# व्यवसायियों के हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर : अंगद सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की 26वीं कार्यकारिणी की तीसरी बैठक होटल रामसन प्लाजा के सभागार में चैंबर अध्यक्ष अंगद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत में विशेष आमंत्रित सदस्य, पूर्व अध्यक्ष डॉ. विवेक गौरव और पूर्व महासचिव हेमंत कुमार का तालियों के साथ स्वागत किया गया तथा उनका परिचय कराया गया। महासचिव आलोक कुमार ने पिछली बैठक की कार्यवाही और गतिविधियों की रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत की।

सभा की शुरुआत होली मिलन समारोह और जिला प्रशासन-व्यवसायी संवाद की समीक्षा के साथ हुई। सदस्यों ने अध्यक्ष अंगद सिंह को बधाई दी, जिन्होंने अपने स्तर पर होली मिलन समारोह का सफल आयोजन किया था। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला प्रशासन-व्यवसायी संवाद में उठाए गए विभिन्न मुद्दों की समीक्षा हर तीन महीने में की जाएगी।अध्यक्ष अंगद सिंह ने कहा, व्यवसायियों के हित में मोतिहारी चैंबर सदैव तत्पर है। व्यावसायिक हितों के लिए साल भर कार्य किया जाएगा। चैंबर में सदस्यों की रुचि बढ़ाने के लिए संपर्क कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने अपने कार्यकाल की प्राथमिकता चैंबर भवन का निर्माण बताया। सत्र 2025 के सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा की गई और संतोष व्यक्त किया गया। संस्थापक अध्यक्ष बीरेंद्र जालान ने कहा कि आगामी महीनों में उन सभी क्षेत्रीय चैंबर्स में चुनाव कराने को प्राथमिकता दी जाएगी, जहां पिछले तीन साल से चुनाव नहीं हुए हैं। बैठक में पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, अनुपम जायसवाल, राजीव विजडम, संयोजक मनीष कुमार, उपाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, सुधीर गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य चंदू मिश्रा, सत्यव्रत जायसवाल, रवि शेखर और राहुल शर्मा उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष अरविंद सर्राफ ने किया। राष्ट्रगान के साथ सभा की समाप्ति की घोषणा की गई। यह जानकारी महासचिव सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार ने दी।

# मीडिया कॉन्टेंट का सामाजिक मनोविज्ञान पर गहरा प्रभाव: प्रो. देवव्रत सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के मीडिया अध्ययन विभाग में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर), नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दस दिवसीय शोध प्रविधि कार्यशाला का आज समापन हुआ। कार्यशाला के संरक्षक कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. देवव्रत सिंह, डीन, स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी, झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय, झारखंड थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष सह कार्यशाला निदेशक डॉ. अंजनी कुमार झा ने की, जबकि संचालन कार्यशाला उप निदेशक डॉ. सुनील दीपक घोड़के ने किया।

**तकनीकी सत्रों में शोध और नवाचार पर चर्चा**

पहले तकनीकी सत्र में समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार चौधरी ने सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हाल के रुझानों में डेटा विज्ञान, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल मानविकी की बढ़ती भूमिका देखी जा रही है। साथ ही, सामाजिक असमानता, जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसे वैश्विक मुद्दों पर शोध कार्य अधिक केंद्रित हो रहा है। दूसरे और तीसरे तकनीकी सत्र में प्रो. देवव्रत सिंह ने कॉन्टेंट विश्लेषण की आवश्यकता और प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि मीडिया का समाज पर हमेशा से गहरा प्रभाव रहा है, लेकिन वर्तमान समय में मीडिया कॉन्टेंट व्यक्ति के मनोविज्ञान को अप्रत्याशित रूप से प्रभावित कर रहा है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध और नवाचार विषय पर व्याख्यान देते हुए वैदिक साहित्य, दर्शनशास्त्र और प्राचीन भारतीय विज्ञान से प्रेरित शोध पद्धतियों पर प्रकाश डाला।

**कार्यशाला के सफल आयोजन पर धन्यवाद ज्ञापन**

कार्यशाला निदेशक डॉ. अंजनी कुमार झा ने सभी अतिथियों और वक्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला न केवल शोधार्थियों के तकनीकी कौशल को बढ़ाने के लिए थी, बल्कि उन्हें नैतिक, सार्थक और प्रासंगिक शोध कार्य के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से भी आयोजित की गई थी। कार्यशाला का संचालन विभाग के सहायक आचार्य एवं सह निदेशक डॉ. सुनील दीपक घोड़के ने किया। समापन समारोह में सभी शोधार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। शोधार्थियों ने आयोजकों से आग्रह किया कि भविष्य में भारतीय ज्ञान परंपरा पर केंद्रित संगोष्ठी एवं कार्यशाला आयोजित की जाए। कार्यशाला में विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमन, डॉ. उमा यादव, डॉ. मयंक भारद्वाज और डॉ. आयुष आनंद सहित अनेक शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने देशी कट्टा और खोखा के साथ तीन लोगों को किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पालीगंज (पटना)।** पालीगंज थाना क्षेत्र के बुधु बिगहा गांव में पुराने जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट और गोलीबारी की घटना के बाद पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक देशी कट्टा और दो खोखा बरामद किए हैं। इस संबंध में जानकारी सोमवार को पालीगंज डीएसपी प्रीतम कुमार ने दी। डीएसपी के अनुसार, रविवार शाम को सूचना मिली कि अशोक यादव और रामलखन यादव के बीच जमीनी विवाद को लेकर विवाद बढ़ गया और गोलीबारी होने लगी। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पालीगंज इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष विनय कुमार, दयानंद पासवान, धनंजय कुमार, विशाल कुमार, बृजनंदन प्रसाद गुप्ता, राजीव कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी और गृह रक्षक धीरज कुमार, आजाद कुमार, रामबाबू सिंह के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही दोनों पक्षों के लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तीन लोगों को खदेड़कर पकड़ लिया।

**गिरफ्तार आरोपितों में शामिल है**

**अशोक यादव (45 वर्ष), पुत्र रामगोविंद यादव**
**विनोद यादव (30 वर्ष), पुत्र रामलखन यादव।**

पुलिस ने दोनों पक्षों के घरों की तलाशी ली। इस दौरान अशोक यादव के घर से एक देशी कट्टा और केएफ-8 एमएम लिखा फायर किया हुआ दो खोखा बरामद किया गया। पालीगंज थाना में दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मेडिकल जांच के बाद आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# ईद उल-फितर की नमाज अता कर गले मिले, मनाया सौहार्द का पर्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज (पटना)।** सोमवार को नगर बाजार समेत सुदूर देहात क्षेत्रों में ईद उल-फितर (ईद) शांतिपूर्वक मनाया गया। नए कपड़ों में सजे लोग मस्जिदों में पहुंचे और सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। नगर बाजार सहित सिगोड़ी, चिक्सी, कटका, बनौली के विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। इस दौरान देश में अमन-चैन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने ‟ईद मुबारक” कहते हुए गले मिलकर बधाइयां दीं। यह पर्व आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक माना जाता है।पालीगंज और सिगोड़ी समेत सभी इलाकों में पुलिस प्रशासन ने नमाज के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई ताकि ईद का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हो सके। सिगोड़ी के सलामुद्दीन अंसारी ने कहा कि ईद का पर्व सभी की खुशियों के लिए मनाया जाता है। इस दिन अल्लाह से देश की तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ की जाती है। ईद संपन्न और जरूरतमंद सभी को एक साथ जोड़ने का संदेश देता है। ऐसी मान्यता है कि पैगंबर हजरत मुहम्मद ने बद्र की लड़ाई में विजय प्राप्त की थी, जिसकी खुशी में सभी का मुंह मीठा कराया गया था। उसी दिन की याद में ईद उल-फितर का मनाया जाता है।

## एक नजर

### अज्ञात चोरों ने नकदी, मोबाइल और कीमती सामान उड़ाए

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** थाना क्षेत्र के पनसलवा गांव में रविवार देर रात अज्ञात चोरों ने एक घर के पीछे से दरवाजे का ताला तोड़कर सीढ़ी के सहारे अंदर घुसकर नकदी और कीमती सामान चोरी कर लिया। पीड़ित अमित कुमार (पिता स्व. भूषण सिंह) ने थाना में लिखित आवेदन देकर बताया कि रात 10 बजे परिवार के सभी सदस्य सो गए थे। रात करीब 3 बजे जब नींद खुली, तो ट्रंक का ताला टूटा हुआ था और घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने 13 हजार रुपये नकद, चांदी की पायल और दो मोबाइल चोरी कर लिए। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

### छापेमारी कर शराब किया बरामद

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** पुलिस ने तिवारी टोला के समीप रोहुआ चवर से 90 लीटर देशी और मिश्रग्राम से चार लीटर विदेशी शराब बरामद की है। थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि रोहुआ चवर में छापेमारी के दौरान 90 लीटर देशी शराब जब्त की गई, लेकिन कारोबारी नीरज मुखिया (निवासी–कोइरगंवा विंदटोली) फरार होने में सफल रहा। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। इसी तरह, मिश्रग्राम में भीम यादव के घर से चार लीटर विदेशी शराब बरामद की गई, हालांकि वह भी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने जब्त शराब को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कुमकुम ने 439 अंक लाकर विद्यालय और परिजनों का मान बढ़ाया



**मोतिहारी।** जिला मुख्यालय स्थित उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय बरियारपुर की छात्रा कुमकुम कुमारी ने मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 439 अंक हासिल किए हैं। कुमकुम चंद्रहिया निवासी विशिष्ट शिक्षक दीपक कुमार और पूनम देवी की पुत्री हैं। यह विद्यालय में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा बनी हैं। कुमकुम का सपना वायुसेना में अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को दिया। कुमकुम की इस उपलब्धि पर परिजनों और शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

### भटका बच्चा आदापुर सैनिक रोड में मिला

**आदापुर (पूर्वी चंपारण)।** सैनिक रोड में भटके हुए दो बच्चों को देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना प्रभारी ने पहल करते हुए बच्चों को सकुशल उनके घर पहुंचवाया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों बच्चे नाम-पता बताने में असमर्थ थे, लेकिन काफी मशक्कत के बाद जानकारी मिली कि वे सितामढ़ी स्टेशन के पास के निवासी हैं। गलती से ट्रेन में चढ़ने के कारण वे आदापुर स्टेशन उतरकर सैनिक रोड पहुंच गए थे। थाना को सूचना मिलते ही बच्चों को थाना लाया गया और सितामढ़ी थाना से संपर्क कर चौकीदार के माध्यम से सत्यापन कराया गया। बच्चों की पहचान श्रीकृष्ण नगर निवासी संतोष कुमार और नथुनी राम के पुत्रों के रूप में हुई, जिन्हें सुरक्षित उनके परिजनों को सौंप दिया गया।

### अगलगी की घटना में चार घर जलकर राख

**कल्याणपुर (पूर्वी चम्पारण)।** गरीबा पंचायत के खटोलवा गांव के वार्ड संख्या 11 में रविवार की दोपहर हुई आगलगी की घटना में चार घर जलकर राख हो गया। आगलगी में रामचन्द्र दास की तीन बकरी व एक बछड़ा जलकर मर गया। रामचन्द्र दास की लड़की आरती कुमारी घायल हो गई। इसके अलावा अशर्फी दास, उसमें दास, दीपक दास का कपड़ा, अनाज, फर्नीचर, नकदी सहित लाखों की सम्पत्ति जलकर नष्ट होने का अनुमान है। ग्रामीणों व अग्निशामक की गाड़ी से आग पर काबू पाया गया। आग लगने का कारण अज्ञात है। अंचलाधिकारी ने बताया कि क्षतिपूर्ति का आकलन कर मुआवजा दिया जाएगा।

### पूरे धूमधाम से मनाई जाएगी बाबा साहेब की जयंती

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** आज स्थानीय केसीटीसी कॉलेज कैंपस में अंबेडकर ज्ञान मंच की केंद्रीय कमिटी की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने की। इस दौरान संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती (14 अप्रैल) को पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मंच के संयोजक मुनेश राम ने सभी लोगों से अपील की कि वे दलितों, पिछड़ों और महिलाओं के सच्चे हितैषी बाबा साहेब के जन्मदिन पर अपने घरों में उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण करें और शाम के समय दीप प्रज्ज्वलित करें।

# रेलवे स्टेशन पर किन्नरों का हंगामा गिरफ्तार साथियों को छुड़ाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ थाने में सोमवार को किन्नरों ने जमकर हंगामा किया और अपने गिरफ्तार दो साथियों को जबरन छुड़ाकर ले गए। दरअसल, पटना-गया रेलखंड पर ट्रेन में अवैध वसूली करते हुए दो किन्नरों को आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद बड़ी संख्या में किन्नर आरपीएफ थाने पहुंचे और विरोध प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शन के दौरान किन्नरों ने जोरदार शोर-शराबा किया और कपड़े उतारकर विरोध जताया, जिससे पुलिस असहज हो गई और पीछे हट गई। इसी दौरान किन्नरों ने अपने गिरफ्तार साथियों को छुड़ाकर थाने से बाहर निकाल लिया। मीडिया से बातचीत में किन्नर काजल, लाजो और नंदनी ने आरपीएफ और जीआरपी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे ट्रेन में खुशी से यात्रियों से 10-5 रुपये मांग रहे थे, लेकिन आरपीएफ ने उन्हें जबरन पकड़ लिया और अश्लील हरकतें करने लगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि आरपीएफ और जीआरपी पुलिस किन्नरों से हर महीने 10 से 20 हजार रुपये की अवैध वसूली करती है। इस मामले पर आरपीएफ इंस्पेक्टर प्रदीप यादव ने कहा कि ट्रेन में यात्रियों से अवैध वसूली की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए दो किन्नरों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तार किन्नरों को कोर्ट ले जाया जा रहा था, तभी किन्नरों का एक बड़ा समूह थाने पहुंचा और हंगामा करने लगा। उन्होंने बताया कि हंगामा करने वाले किन्नरों की पहचान कर ली गई है और उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने इस घटना को गंभीरता से लिया है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही है।

# 30 बेड के अस्पताल में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं, मरीज को हो रही है परेशानी

पचबिहसा टाइम्स ब्यूरो



**संग्रामपुर (पूर्वी चम्पारण)।** संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में 14 पंचायतों के बीच अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक एमबीबीएस डॉक्टर के बिना बेकार पड़ा हुआ है। 30 बेड का यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 14 पंचायत के अलावे भी दूर-दूर से आने वाले मरीज का इलाज करने के लिए तत्पर रहता है। साथ ही एस एच 74 के किनारे अवस्थित होने के कारण सड़क दुर्घटना से संबंधित मरीज को तत्काल इलाज के लिए यहां लाया जाता है लेकिन दुर्भाग्य कि इस अस्पताल में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है। कुछ दिन पहले यहां अरेराज में पदस्थापित महिला चिकित्सक एमबीबीएस डॉक्टर शीतल नरूला को संग्रामपुर का प्रभारी बनाया गया था इनके अलावे एक और एमबीबीएस डॉक्टर नरेश कुमार की प्रतिनियुक्ति की गई थी लेकिन पुनः विभागीय आदेश के अनुसार इन दोनों को यहां से दूसरे जगह प्रतिनियुक्ति कर दिया गया जिसके कारण संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है। 30 बेड वाले इस स्वास्थ्य केंद्र में तीन आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ महेंद्र कुमार, डॉ रवि कुमार, एवं डॉक्टर धीरज कुमार पदस्थापित है जबकि एक दंत चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार यहां कार्यरत हैं। स्वास्थ्य केंद्र में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं होने के कारण अब मरीजों के इलाज की सारी जिम्मेवारी इन चार चिकित्सकों के ऊपर है। अब सवाल यह उठता है कि जब स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस डॉक्टर ही नहीं होंगे तो क्या उनका सही से इलाज हो पाएगा। इसको लेकर यहां के ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति काफी आक्रोश देखा जा रहा है। प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नितेश कुमार सिंह, मुखिया सुदिष्ट कुमार, समाजसेवी विनोद सिंह, एमएलसी प्रखंड प्रतिनिधि सुशील कुमार दुबे, मुखिया कुमार धनंजय, पूर्व मुखिया मुनानी शर्मा, शंभू प्रसाद गुप्ता, अनुपम कुमार सहित कई लोगों ने स्वास्थ्य केंद्र में एमबीबीएस चिकित्सक की प्रतिनियुक्ति करने की मांग की है। वही इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शीतल नरूला ने बताया कि वह अरेराज रेफरल अस्पताल में प्रतिनियुक्त है वहीं से संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अतिरिक्त प्रभार मिला था लेकिन स्वास्थ्य विभाग के द्वारा उन्हें पुनः अरेराज वापस भेज दिया गया है। डॉ शीतल नरूला और डॉक्टर नरेश कुमार के चले जाने से इस स्वास्थ्य केंद्र में एक भी एमबीबीएस डॉक्टर नहीं है जिसके कारण यहां आने वाले मरीज को इलाज के लिए भगवान भरोसे रहना पड़ेगा।

# यूजीसी समिति ने एमजीसीयू का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी), दिल्ली की निरीक्षण समिति ने महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (एमजीसीयू) में राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण समिति के सदस्य विनोद सिंह यादव, उप सचिव, और डॉ. अंजू मोहन गलहोत्रा, अवर सचिव, थे।

निरीक्षण के दौरान विश्वविद्यालय स्तरीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के विशेष कार्य अधिकारी (प्रशासन) सच्चिदानंद सिंह ने की। बैठक का आयोजन कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव के संरक्षकत्व में हुआ।

**बैठक में गणमान्य अधिकारियों की उपस्थिति**

बैठक में विशेष कार्य अधिकारी (वित्त) प्रो. विकास पारीक, परीक्षा नियंत्रक कृष्णकांत उपाध्याय, निदेशक, शोध एवं विकास प्रकोष्ठ प्रो. सुनील कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव, राजभाषा प्रकोष्ठ की सदस्य डॉ. गरिमा तिवारी तथा हिंदी अधिकारी श्री श्रद्धानंद पांडेय उपस्थित रहे।

**राजभाषा कार्यों की प्रस्तुति एवं निरीक्षण समिति के सुझाव**

निरीक्षण समिति के औपचारिक स्वागत के उपरांत, हिंदी अधिकारी श्रद्धानंद पांडेय ने राजभाषा संबंधी कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। निरीक्षण समिति के सदस्यों ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे हिंदी भाषा प्रचार-प्रसार और कार्यान्वयन प्रयासों की सराहना की तथा हिंदी में और अधिक कार्य करने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

**निरीक्षण समिति का भ्रमण एवं समापन**

बैठक के अध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने अपने संबोधन में निरीक्षण समिति के सुझावों को गंभीरता से लागू करने पर जोर दिया। बैठक के अंत में डॉ. अंजनी कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष, राजभाषा प्रकोष्ठ, ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इसके बाद, निरीक्षण समिति ने विश्वविद्यालय के पुस्तकालय, परीक्षा नियंत्रक कार्यालय, प्रशासनिक कार्यालय तथा विभिन्न परिसरों का भ्रमण किया और राजभाषा कार्यान्वयन की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया।

# आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को लेकर प्रशिक्षण का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आधुनिक उद्यम आधारित एकीकृत कृषि प्रणाली द्वारा आजीविका सुरक्षा का स्थानीय महात्मा गाँधी समेकित कृषि अनुसन्धान संस्थान द्वारा अनुसूचित जाति उपयोजना के तहत क्षेत्र के हरपुर गांव में आयोजित किया गया। जिसमें 46 पुरुष एवं 37 महिलाएं सहित कुल 83 किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का समन्वय फल वैज्ञानिक डॉ. जाधव अमोल कैलास, पादप रोग वैज्ञानिक हरिता मोहन एम व कृषि के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डॉ. एसके पूर्वे द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से अवगत कराकर उनकी उत्पादकता एवं आय बढ़ाना था। विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों ने एकीकृत कृषि प्रणाली के महत्व पर गहन जानकारी प्रदान की, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव हो सके। प्रशिक्षण में डॉ. एसके सिंह द्वारा गेहूं, धान एवं मक्का की उन्नत खेती से संबंधित आधुनिक तकनीकों को विस्तार से समझाया गया, जिससे फसल उत्पादन एवं मृदा स्वास्थ्य में सुधार हो सके।

# विद्युत तार की चपेट में आने से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** बधार में गिरे विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के सलैया थाना क्षेत्र के सोनारचक गांव की हैं। मृतक युवक की पहचान मदाडपुर गांव निवासी स्व.रामदास राम के 35 वर्षीय पुत्र रामानंद राम के रूप में की गई है। खिरियावां पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव एवं ग्रामीणों ने बताया कि रामानंद राम रविवार की शाम किसी काम से बधार में गए थे। जहां पहले से गिरे विद्युत तार की चपेट में आ गए जिसमें घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पास में ही खेत में गेहूं फसल काट रहे किसानों ने आनन-फानन में युवक विद्युत तार से अलग किया और घटना की सूचना परिजनों तथा पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इसके उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है। मृतक अपने पीछे तीन बेटा और एक बेटी छोड़ गया। मुखिया प्रतिनिधि रंजीत कुमार यादव ने बताया कि मृतक बेहद गरीब व्यक्ति हैं। मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक को निजी तौर पर आर्थिक मदद करने के अलावा सरकारी प्रावधान व जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस घटना पर बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह ने शोक संवेदना व्यक्त की है। थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया कि विद्युत करेंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।

### अज्ञात महिला का शव बरामद, सनसनी

**समस्तीपुर/उजियारपुर/नबिटा ब्यूरो।** जिले के अंगारघाट थाना अन्तर्गत ग्राम चैता रेवाड़ी वार्ड नं0-01 दसहरजा चैर में एक महिला का शव बरामद होने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना के बारे में मिली जानकारी के मुताबिक उक्त चौर के रामबली राम के गेहूं लगे खेत में उधर से गुजर रहे लोगों ने अज्ञात महिला का शव देखा तो शोर मचाया। शोर सुन कर घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। मृत महिला की उम्र 30-35 वर्ष बताई जा रही है। इसी बीच लोगों ने पुलिस को सूचना दे दी। सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दलसिंहसराय विवेक कुमार शर्मा, तकनीकी शाखा के पदाधिकारी/ कर्मी एवं थानाध्यक्ष अंगारघाट मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लेते हुए एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल का वैज्ञानिक तौर से निरीक्षण में जुट गयी है।

## भाजपाइयों ने शालू को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा, औरंगाबाद।** बिहार बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में प्रदेश में आठवां एवं जिले में प्रथम स्थान हासिल करने वाली शालू कुमारी को भाजपाइयों ने अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर सम्मानित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ शालू के गांव दधपा पहुंचें। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि बिहार के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर में काफी सुधार हुआ है। इसी का नतीजा है कि गांव के विद्यार्थी भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। शालू ने बिना ट्यूशन-कोचिंग के स्वाध्याय के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। जो हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस मौके पर कुटुंबा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, दधपा निवासी शिव कुमार सिंह, अभय पासवान, प्रेम चंद्रवंशी, रामाधार चंद्रवंशी, रामबदन पासवान, मृत्युंजय पांडेय इत्यादि उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-फितर, विभिन्न जगहों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-फितर का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस्लाम धर्म में एक महीने के रोज़ों के बाद ईद-उल-फितर को अल्लाह की तरफ से इनाम के रूप में माना जाता है। इस मौके पर मस्जिदों और ईदगाहों में विशेष नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने आपसी शिकवे-गिले भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। घर-घर में मीठे पकवान, खासकर सेवइयां बनाई गईं। शहर की महराजगंज मस्जिद, इमादपुर जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, राजा बगीचा, हाजीपुर गोला, सदर बाजार मस्जिद, काजीचक, कासमा, सिमला, सिहुली, पांती, प्राणपुर, धनावां, पचार सहित विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। वहीं, इमादपुर, महराजगंज, बसारतपुर, केराप, फीता बिगहा सहित कई जगहों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. गुलाम शाहिद, मिनहाज फारोग, वार्ड पार्षद नूरूल होदा खान, राजद नेता शाहजादा शाही, कांग्रेस नेता एवं संभावित विधानसभा प्रत्याशी हस्सान सिद्दीकी, पूर्व मुखिया नेशात अहमद, जदयू नेता एवं विश्व सूत्री सदस्य ख्वाजा अतीक रज़्ज़ा सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया और लोगों को सम्मानित किया। पर्व को देखते हुए रफीगंज, कासमा और पौथु थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, प्रमुख मस्जिदों के पास पुलिस बल और दंडाधिकारी तैनात रहे। स्थानीय समाजसेवियों ने शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने के लिए प्रशासन को बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. हाशिम रजा, खाजा अतीक रज़ा, पंचायत समिति सदस्य इस्तियाक फरहान, मो. सैफ, डॉ. अशरफ, मौलाना अनवर आलम, मो. इकबाल अहमद, तनवीर, इरफान आलम सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सभी को ईद की बधाई दी।

# नववर्ष के स्वागत में छह दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



समस्तीपुर । श्रद्धा, साधना और शक्ति उपासना का नौदिवसीय महानुष्ठान चैत्र नव रात्र एवं नव संवतसर आरंभ के संयुक्त अवसर के उपलक्ष्य में सकल समाज के कल्याण हेतु शहर के आदर्शनगर स्थित मयंक ठाकुर के निर्माणाधीन विवाह भवन में कलश यात्रा कलश स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। इस बाबत जानकारी देते हुए भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि कथावाचक बाबा शिवदीप शास्त्री जी महराज द्वारा रविवार को श्री भागवत जी के महिमा का बखान किया गया। इससे पूरा आदर्शनगर मुहल्ला भगवान श्री नारायण के वचनों से गुंजायमान हो उठा। इस भक्तिमय कथा वाचन स्थल पर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु भक्ति का आनंद उठाते भागवत कथा में भाव विभोर दिखे। श्रीमद् भागवत कथा 6 अप्रैल तक शाम 6 बजे से रात्रि 9 बजे तक चलेगा। ठाकुर परिवार और मुहल्लावासियों की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के व्यवस्था में राजू ठाकुर, दीपक ठाकुर, मयंक ठाकुर, अजीत ठाकुर, गणेश ठाकुर, विनय ठाकुर, सुधीर कुमार पाण्डेय, राम विनोद ठाकुर, सुरेश ठाकुर, राजीव ठाकुर, रमेश ठाकुर, रंजीत कुमार ठाकुर, राज कमल ठाकुर सहित कई लोग शामिल रहे।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनी ईद, ईदगाहों में पुर अकीदत अता की गई नमाज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** परस्पर भाईचारा, सौहार्द व प्रेम का त्योहार ईद हर्षोल्लास के साथ शान्ति पूर्ण माहौर में संपन्न हो गया। सड़क पर नमाज नहीं पढे जाने के शोर और वक्फ बोर्ड बिल संशोधन को लेकर असंतोष के बीच लोगों ने एक बार फिर भारतीयता की अमिट परंपरा को साबित किया। नमाज सडकों पर भी पढी गयी, मगर इसको लेकर जिले में कहीं से किसी प्रकार के अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। जहां सडक पर नमाज पढी जा रही थी वहां लोग आराम से नमाज खत्म होने की प्रतीक्षा करते दिखे। इस दौरान कई जगहों पर वक्फ बोर्ड बिल संशोधन के विरोध में नमाजियों ने बाजू पर काली पट्टी बांध कर नमाज अदा की। इस क्रम में एसपी अशोक मिश्रा के नेतृत्व में जिले भर में शरारती तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए एहतियातन पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी। जगह जगह खास कर ईदगाहों व उसके आसपास के इलाकों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किये गये थे। इस दौरान लोग वक्फ बोर्ड बिल संशोधन को लेकर नाखुश दिखे। कुछ लोगों से संवाददाता ने बात की तो हाजी मो तमन्ने ने बातचीत के दौरान कहा उन्होंने बताया की केन्द्र सरकार वक्फ बोर्ड बिल संशोधन के बहाने मुस्लिमों की वक्फ की संपत्ति हड़पकर अपने मित्र अडानी को सौपना चाहती है। श्री तमन्ने ने कहा कि देखिए न, कश्मीर में क्या हुआ सभी को पता है। शोर तो खूब हुआ कि 370 हटा दिया गया। खूब तमाशा हुआ, मगर हुआ क्या? सिर्फ एक वह धारा हटाई गई जिसमें गैर कश्मीरी लोगों को कश्मीर में जमीन खरीदने से मनाही थी। जिसका परिणाम हुआ कि अडानी वहां जमीन खरीदने में सफल रहे। यह सरकार कहती कुछ है, करती कुछ और है। जो कहती है वह कभी नहीं करती। सौगात ए मोदी के बारे में पूछे जाने पर इसे पीएम मोदी का दिखावा करार देते हुए कहा कि यह मुस्लिम समुदाय का हितैशी होने का दिखावा करती है। मुंह में कुछ और दिल में कुछ और रखने वाले दोहरे चरित्र से हम सभी वाकिफ हैं।

# रामनवमी को लेकर सामूहिक पूजा कमिटी की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज शहर के बडी दूर्गा देवी स्थान परिसर मे रामनवमी पर्व को लेकर सामुहिक पूजा कमिटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें 6 अप्रैल को रामनवमी पर्व के दिन भव्य जूलूस-झांकियां निकालने की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता वैश्य समाज के प्रखंड अध्यक्ष शंकर शौंडिक एवं संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दिलीप उर्फ कारू प्रसाद ने किया। इस बैठक के दौरान रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार भी शामिल हुए और कार्यक्रम की तथा रूट चार्ट की जानकारी लिया। शंकर शौण्डिक, दिलीप उर्फ कारु, संतोष गुप्ता सहित अन्य लोगों ने बताया कि रफीगंज शहर के सभी जगहों का जूलूस बडी दूर्गा देवी स्थान एकत्रित होकर, काली स्थान तक जायेंगे। वहां से वापस आकर थाना परिसर में अखाडा खेलकर पुनः देवी स्थान से होते नगर भ्रमण के दौरान झांकियां निकलेगी। इस दौरान मेन बाजार, स्टेशन रोड, महराजगंज रोड होते हुये बस स्टैंड आकर समाप्त होगी। महावीरी अखाड़ा महराजगंज का जूलूस न्यू एरिया जाकर राजा बिगहा पुल से लोहार पटी से मुरली चौक से होते हुये बडी दूर्गा देवी स्थान आकर अखाडा मे मिलेगे। माडीपुर एवं कियाखाप का जूलूस बडी दूर्गा देवी स्थान आयेगी। इसके लिये सदस्यों को जिम्मेवार दी गयी। इस अवसर पर प्रदीप उर्फ बाबू प्रसाद, राजू गूप्ता, रंजीत मिश्र, संजय योगी, रवीन्द्र कुमार, शिवनन्दन प्रसाद, बिनय कुमार, सूरज, प्रकाश कुमार, आदित्य कुमार, कौशल कुमार, अरूण विश्वकर्मा, प्रदीप कुमार, राजू गूप्ता, दिलीप कुमार, बिनय कुमार, गोलू कुमार, अंकित, अमन , राजेश कुमार,अमीर कुमार, सुरेश प्रसाद सोनी, सूरज कुमार गुप्ता, सूरज कुमार बडी दूर्गा देवि स्थान, लोहार पटी देवी स्थान, किराना पटी, नरसिंह स्थान, महावीरी अखाडा महराजगंज के रामनवमी पूजा कमिटी के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## मैट्रिक मे अच्छा नंबर लाने पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश कुमार पासवान ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के केराप पंचायत के मखदुमपुर निवासी शिक्षक अरुण पासवान के पुत्र एकलव्य कुमार का मैट्रिक परीक्षा में 466 एवं पुत्री ज्योति कुमारी का 337 नंबर लाकर प्रथम श्रेणी से प्रखंड में परचम लहराया। अच्छा अंक लाने पर मुखिया प्रतिनिधि ने अपने भांजा-भगिनी को मिठाई खिला कर प्रोत्साहित किया। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र मे भी मेधावी छात्र है। परिश्रम करने पर छात्रो को सफलता मिलेगा । इस अवसर पर अरुण पासवान, संजीव कुमार पासवान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# काव्य गोष्ठी के दौरान साहित्यसेवियों ने किया सपनों का संसार का लोकार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**समस्तीपुर।** कुसुम पाण्डेय स्मृति साहित्य संस्थान के तत्वावधान में केन्द्रीय विद्यालय समस्तीपुर के निकट स्थित कुसुम सदन के प्रांगण में रविवार को आयोजित काव्य गोष्ठी में बड़ी संख्या में दूर दूर से पधारे रचनाकार सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सबसे पहले डॉ रामेश गौरीश ने उपस्थित सभी साहित्यसेवियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेश कुमार तथा संचालन प्रवीण कुमार चुन्नू ने किया। सुप्रसिद्ध रचनाकार राज कुमार राय राजेश मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पाण्डेय ने मार्च महीने में उत्पन्न हिन्दी साहित्य के आधार स्तम्भ डॉ मदन मोहन पाण्डेय, फणीश्वर नाथ रेणु, मदन वात्स्यायन, महेंद्र मिश्र, महादेवी वर्मा, सच्चिदानन्द हीरानन्द वात्स्यायन अज्ञेय, भवानी प्रसाद मिश्र, डॉ मुरली धर श्रीवास्तव, डॉ शैलेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, साहिर लुधियानवी के कृतित्व तथा व्यक्तित्व पर विशद् चर्चा करते हुए उनके प्रति भावभीनी श्रद्धा सुमन अर्पित की। स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद डॉ राम सूरत प्रियदर्शी के सरस्वती वंदना साथ काव्य गोष्ठी परवान चढा। कार्यक्रम के दौरान नरेन्द्र कुमार सिंह त्यागी की नवीनतम कृति जद में जहान, निगाहों में आसमान तथा डॉ राम सूरत प्रियदर्शी की कृति सपनों का संसार का समवेत रुप से लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर राज कुमार राय राजेश, रामाश्रय राय राकेश, राज कुमार चौधरी, प्रवीण कुमार चुन्नू, शिवेंद्र कुमार पाण्डेय, राम लखन यादव, शुभम कुमार, डॉ रामसूरत प्रियदर्शी, विष्णु कुमार केडिया, दीपक कुमार श्रीवास्तव, डॉ अशोक कुमार सिन्हा, डॉ परमानंद लाभ, आचार्य परमानंद प्रभाकर, डॉ गंगा प्रसाद आजाद सतमलपुरी, स्मृति झा, ज्योति कुमारी, सन्त सुखी चन्द सत्यवादी, नरेंद्र कुमार सिंह त्यागी, आदि की रचनाएं खूब पसंद की गई। कुमारी शैलजा कनिष्ठा के धन्यवाद ज्ञापन से गोष्ठी का समापन किया गया।

# अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी महासभा की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज, औरंगाबाद।** रफीगंज में अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी महासभा की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि कुटुंब प्रमुख धर्मेंद्र सिंह चंद्रवंशी, चुनाव प्रभारी सुरेंद्र सिंह रहे। इस बैठक का अध्यक्षता महासभा का जिला अध्यक्ष कौशल कुमार चंद्रवंशी जबकि संचालन रिशु सिंह चंद्रवंशी एवं आशुतोष सिंह चंद्रवंशी ने किया। इस बैठक में आगामी चुनाव 13 अप्रैल को टाउन हॉल औरंगाबाद में होने वाला है जिसमें निर्णय लिया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में सक्रिय सदस्य बनाएं और अपना नामांकन पर्चा भरे। जिसमें युवा जिला अध्यक्ष के लिए रमेश कुमार उर्फ रिशु सिंह ने अपना पर्चा भरा। वही रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष के लिए नामांकन का पर्चा रंजन सिंह चंद्रवंशी ने भरा। इस बैठक में बहुत से लोग जीवन सदस्य के साथ-साथ साधारण सदस्य के लिए सदस्यता ग्रहण किया और बहुत उत्सुकता के साथ एकजुट रहने का शपथ लिया। इस बैठक में अशोक सिंह शिक्षक, सरोज कुमार चंद्रवंशी, सुनील कुमार चंद्रवंशी, रणजीत सिंह चंद्रवंशी, धर्मदेव सिंह चंद्रवंशी ,प्रवीण कुमार चंद्रवंशी, गुलशन कुमार, छोटू सिंह चंद्रवंशी, पिंटू सिंह चंद्रवंशी ,राजा राम चंद्रवंशी, सुरेंद्र प्रसाद, वीरू चंद्रवंशी के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## बाबा साहेब की मनाई जाएगी जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** मदनपुर धर्मशाला प्रांगण में सोमवार को शिक्षा सेवक संघ मदनपुर इकाई की बैठक श्रीराम रजक की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन जनेश्वर राम ने किया। बैठक में प्रमंडल अध्यक्ष राम केवल रजक, जिला मिडिया प्रभारी उदय शिकारी, जिला सचिव राम सुरेश चौधरी, प्रखंड सचिव रामबचन चौधरी ने बैठक को संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस मौके पर शिक्षा सेवकों से पटना स्थित बापू सभागार में 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती में शामिल होने एवं सफल बनाने पर पर चर्चा किया गया। इस दौरान परदेशी राम, सुनील रजक, अरुण कुमार,अरविन्द कुमार, दिनेश कुमार, श्याम रजक, संतोष रिकियासन, राजा राम, वीरेंद्र रजक, नागेंद्र कुमार, बसंत चौधरी, चंचल कुमारी, इंदु देवी, पूनम कुमारी, उषा कुमारी सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# धरना स्थल पर किसानों ने मनाया ईद मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**रफीगंज।** प्रखंड परिसर में धरना-स्थल पर ही किसानों ने ईद मिलन समारोह का आयोजन किया, जहां किसान नेता लडू खां ने सभी को गले मिलकर ईद की बधाई दी और किसानों को सम्मानित किया। किसान मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले 76 दिनों से धरना-प्रदर्शन जारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता लडू खां ने की, जबकि संचालन सिद्धी यादव और डॉ. तुलसी यादव ने किया। इस दौरान नेताओं ने उत्तर कोयल नहर से पानी लाने की मांग को दोहराया, क्योंकि जलस्तर गिरने से फसलें प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जब तक किसानों की मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, भोला वर्मा, डॉ. शिवनंदन यादव, सुधीर कुमार चंद्रवंशी, लालधारी चौधरी, शिवसंत शर्मा, कमलेश कुमार, कामेश्वर यादव, गनौरी यादव, बुदुल यादव, सूर्यदेव यादव, उमेश यादव, खेलावन सिंह, अवधेश यादव, अर्जुन यादव, अजय यादव, सुरेंद्र यादव समेत विभिन्न इलाकों के किसान शामिल रहे।

# विद्युत तार बदलने के दौरान मजदूर झुलसा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर थानाक्षेत्र के मेला सैरात परिक्षेत्र सड़क मार्ग में बिजली के तार चेंज करने के दौरान एक मजदूर 11 हजार वोल्टेज प्रवाहित तार की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया और सीधे नीचे जमीन पर जा गिरा। जिससे वह बुरी तरह से जख्मी हो गया। आनन-फानन में अनुमंडलीय अस्पताल राजगीर में इलाज के लिए भर्ती किया गया। जख्मी मजदूर की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी 30 वर्षीय मुन्ना कुमार के रूप में की गई। जख्मी की इलाज कर रहे मेडिकल ऑफिसर सपना गुप्ता ने बताया कि मरीज 40 फीसदी से ज्यादा झुलस गया है और जिनकी आपात प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए पावापुरी विम्स रेफर किया जा रहा है। जख्मी मजदूर मुन्ना के साथ घटनास्थल पर काम कर रहे अन्य साथी मजदूरों में शामिल यूपी के कमलेश कुमार ने बताया कि काम करा रहे कंपनी के साईट इंचार्ज द्वारा चालू बिजली के दौरान बिजली के पोल पर चढ़ा दिया गया। मुन्ना मजदूर के पोल पर चढते हीं वो 11 हजार वोल्टेज प्रवाहित तार के संपर्क में आ गया, जिससे झुलस गया। झुलसते हुए वो सीधे नीचे जमीन पर आ गिरा। मजदूर कमलेश ने आगे बताया कि यह घटना कंपनी के लापरवाही के कारण हुई है। इस घटना की जिम्मेदार कंपनी है। बिजली विभाग राजगीर के एसडीओ मो इंतजार अहमद ने बताया कि कुंड क्षेत्र तक कवर्ड तार चेंज करने के दौरान मजदूर की इस घटना पर विभाग ने चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि कवर्ड तार चेंज करने का काम आउटसोर्सिंग के तहत विक्रांत एनर्जी कंपनी द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि काम के बाद लाईन चालू कराया गया।

## ईद की खुशियां मनाने हजारों मील दूरी तय कर पहुंचे घर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड में उल्लास के साथ प्रेम और भाईचारा का पर्व ईद मनाया गया। ईदगाह में नमाज के बाद लोगों ने विभिन्न मस्जिदों में नमाज अता किया। ईद की खुशियां अपने घरों में परिवार के साथ मनाने के लिए लोगों ने हजारों मील की दूरियां तय की। प्रखण्ड मुख्यालय के चमन मोहल्ले के एवं इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर प्रो. (डॉ.) तनवीर अहमद अहमदाबाद से ईद मनाने घर आए हैं।

# शिव मनुष्यों को जीने की सिखाते हैं कला : शिवपूजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय सलैया के परिसर में सोमवार को एक दिवसीय शिव गुरु चर्चा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिव जगतगुरु है, आदि गुरु हैं, शिव गुरु ही नहीं गुराधिपति भी हैं। विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। दूर दराज से आए हुए हजारों की संख्या में उपस्थित शिव शिष्य परिवार को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख शिवपूजन सिंह ने कहा कि चैती नवरात्र के अवसर पर आयोजित शिव गुरु की परिचर्चा में लोगों का आने का उद्देश्य मात्र एक ही है कि वे मेरे गुरु शिव जगत के प्रत्येक व्यक्ति का अपना गुरु हो। इसी उद्देश्य को लेकर शिव शिष्य परिवार के द्वारा चर्चा का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र की बेला में जिस प्रकार गांव से लेकर शहरों में मां की आराधना में लोग लीन होकर मां की पूजा अर्चना कर उनसे आशीर्वाद की कामना करते हैं। उसी प्रकार नवरात्र की बेला में शिव शिष्य परिवार अपने गुरु के गांव-गांव में जाकर अलख जगा कर अपने गुरु से दया की याचना करते हैं। शिव शिष्य बनने के विद्या के जनक इस काल खंड के महामानव हरिद्रानंद के द्वारा बताए तीन सूत्र दया, चर्चा, नमः शिवाय करने मात्र से लोग शिव का शिष्य बना कर अपने लौकिक पारलौकिक मनोरथ स्वतः सिद्ध कर रहे हैं। उनके द्वारा दिए गए तीन सूत्र के बदौलत आज करोड़ों लोग शिव के दया का पात्र बने हैं। यही कारण है कि शिव चर्चाओं में लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। कार्यक्रम का आयोजन वीरेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर दिलीप कुमार, विनय, शारदा प्रसाद, सुनील प्रसाद, भोला सिंह, मुन्ना सिंह, चंद्रकांता, बबीता, सुनीता, अमृता सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे। इस मौके पर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार गुप्ता के द्वारा आगंतुकों को शिव चर्चा करने को लेकर आभार प्रकट किया गया।

# शांतिपूर्ण माहौल में अता की गई ईद उल फितर की नमाज

## लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई, सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** ईद उल फितर (इस्लाम) और मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार होता है। इसे ईद उल फितर कहा जाता है। मुसलमानों के द्वारा रहमतों और बरकतों का महीना रमजान खत्म होने पर अल्लाह के तरह से ईद उल फितर त्योहार मुसलमानों के लिए एक बड़ा तोहफा के रूप में दिया जाता है। इसमें खुशी और आंनद का एक अर्थ भी है। इस दिन मुसलमानों के द्वारा रमजान का एक महीना का उपवास खत्म होता है। इस लिए इस दिन को ईद उल फितर का त्योहार कहा जाता है। वही रविवार की साम चाँद दिखने के बाद सोमवार को ईद उल फितर शांति सौहार्द एवं भाईचारे हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। ईद को लेकर तेघड़ा प्रखंड के विभिन्न मस्जिद एव ईदगाह में सुबह ईद उल फितर की नमाज अता किया गया। नमाज के बाद लोग एक दूसरे से गये मिलकर बधाई देते दिखे। छोटे बच्चे में सुबह से ही काफी खुशी और चहल पहल दिखने को मिला। खासकर बरौनी नगर परिषद पुरानी ईदगाह, रहमानी ईदगाह गंज, जमा मस्जिद बरौनी में सोमवार की सुबह काफी संख्या में लोग ईदगाह पहुंचकर ईद का नमाज अदा किया। वही कई जगहों पर हमारे हिन्दू भाई ने एक दूसरे से लगे लगाकर ईद के मुबारकबाद देते दिखे। जगह जगह ईद मिलन समारोह रख कर लोगों को सेवाई खिलाते दिखे वहीं समाजसेवी फूल कुमार चौधरी ने ईद के मौके पर लोगो को शरबत पिलाया। जो भाईचारे का संदेश दिखा।बरौनी जमा मस्जिद के इमाम मौलाना मुफ्ती कयाम उद्दीन कासमी ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी भाईचारे का त्योहार है हमे इस त्योहार को आपस मे मिलजुल कर मनाए आपसी मुहब्बत और प्यार एक दूसरे को बाते खास कर ईद के त्योहार में अपने मादरे वतन और हमारे गैर मुस्लिम भाइयो को इस त्योहार में खास कर बुलाये और ईद जैसे पवित्र त्योहार में एक दूसरे से गले मिलकर आपसी भाईचारे का मिसाल पेश करे। और नामज के दुआ में मुल्क में आपसी भाईचारे, बने रहे इसके लिए दुआ किया गया। नमाज में काफी भीड़ देखते हुए फुलवारिया थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह बरौनी रेल थानाध्यक्ष, बरौनी आरपीएफ फोर्स, अपने पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ईदगाह परिसर के आसपास काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। वही फुलवारिया थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह, रेल थानाध्यक्ष, आरपीएफ जवानों ने ईद की नमाज अदा किए मुसलमान भाईयो को ईद की बधाई देते दिखे। ईद के दिन कई जगह लोगो के द्वारा ईद मिलन समारोह किया गया लोग रुक रुक कर सेवई खाते दिखे और एक दूसरे से गले मिलते हुए ईद की बधाई दी। वही समाजसेवी मोहम्मद लालबाबू में ईद की बधाई देते हुए कहा कि ईद आपसी भाईचारे का त्यौहार है लोग इस त्यौहार को आपसी भाईचारा से मनाएं एक दूसरे से गले मिले चाहे वह हिंदू हो मुस्लिम हो या अन्य किसी धर्म का हो यह त्यौहार सबके लिए है इसलिए हम सब मिलकर इस त्यौहार को मनाएं।

### ईद को लेकर बलिया में हर्षोल्लास का माहौल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** अनुमंडल क्षेत्र के बलिया, डंडारी और बेगूसराय के ग्रामीण एवं शहरी इलाकों में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर तीनों प्रखंडों के शहरी एवं ग्रामीण इलाकों की ईदगाहों में हजारों लोगों ने ईद की नमाज अता की। नमाज के बाद क्षेत्र में सैकड़ों स्थानों पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां राजनीतिक दलों से जुड़े नेता, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को ईद की बधाई दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया।

### आपसी प्रेम और सौहार्द का पर्व ईद सम्पन्न

**बखरी।** सोमवार को बखरी प्रखंड क्षेत्र में ईद का पर्व हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। बखरी प्रखंड के सभी ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने श्रद्धा भाव से ईद की नमाज अदा की। ईद पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

रविवार शाम चांद दिखने के बाद से ही पूरे इलाके में खुशी का माहौल था। ईद पर्व के सफल आयोजन को लेकर बखरी प्रखंड विकास पदाधिकारी महेश चंद्र ने बताया कि क्षेत्र में पर्व सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस प्रशासन ने सख्त निगरानी रखी। बखरी थाने के सभी पुलिस पदाधिकारी अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद दिखे, वहीं एसआई उदय शंकर कुमार क्षेत्र में लगातार गश्त करते रहे। मजिस्ट्रेट ओमप्रकाश यादव ने बताया कि पूरे क्षेत्र में ईद का त्योहार उत्साहपूर्वक मनाया गया। चकहमीद, शकरपुरा, मक्खाचक, मोहनपुर, अकहा, सलौना, पढनटोली सहित विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की गई। इस अवसर पर बखरी एसडीएम सन्नी कुमार सौरभ और डीएसपी कुंदन कुमार ने लोगों को ईद की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि यह पर्व आपसी प्रेम और सौहार्द को बढ़ावा देने वाला है। जानकारों के अनुसार, रमजान के पूरे महीने के दौरान लोग इबादत में लीन रहते हैं और अल्लाह की रहमत पाने के लिए पांच वक्त की नमाज अदा करते हैं। ईद के मौके पर विशेष नमाज अदा कर खुदा का शुक्र अदा किया जाता है और गरीबों के बीच फितरा बांटा जाता है।

## एक नजर

### आग लगने से किसानों की 40 एकड़ में लगी फसल बर्बाद



**डंडारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी विधानसभा के डंडारी मंडल के सुघरण गाँव में भीषण आग लगने से करीब 40-50 एकड़ में फैली गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस घटना में लगभग 20-30 परिवारों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। घटना की सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक आग की लपटें दूर तक फैल चुकी थीं। घटनास्थल पर पहुंचे भाजपा के निवर्तमान विधायक प्रत्याशी रामशंकर पासवान ने पीड़ित किसानों से मुलाकात की और अधिकारियों से बातचीत कर सभी प्रभावित किसानों के लिए उचित मुआवजे की मांग की। इस दौरान भाजपा बेगूसराय के जिला महामंत्री रामप्रवेश साहनी, डंडारी मंडल अध्यक्ष विजय तांती, जिला प्रवक्ता सुमित कुमार गुड्डू, नीतीश कुमार, शिवकिशोर सिंह, पूर्व जिला मंत्री राजेश राय, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष गौतम राठौर, जिला मंत्री अभिषेक पासवान, पुरुषोत्तम प्यारे, युवा मंडल अध्यक्ष सुशांत राजपूत, भाजपा कार्यकर्ता कुंदन मिश्रा और सिकंदर ठाकुर समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से शीघ्र मुआवजा और राहत सहायता प्रदान करने की मांग की है।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया गया सम्मानित

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी प्रखंड के घाघरा पंचायत स्थित करकौली गांव के ज्ञान गंगा एकेडमी के छात्रों ने बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। सोमवार को सभी सफल छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रखंड उप प्रमुख रूबी देवी और घाघरा पंचायत के पैक्स अध्यक्ष बलराम सिंह कुशवाहा ने छात्रों को मेडल और शील्ड प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में उपस्थित बलराम सिंह कुशवाहा ने बताया कि इस संस्थान से कुल 14 छात्र-छात्राएं परीक्षा की तैयारी कर रहे थे, जिनमें सभी ने शानदार प्रदर्शन किया। टॉप करने वाले छात्रों में रवि किशन, अंजलि कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रेम कुमार, भास्कर कुमार, संगम कुमारी, अमन कुमार, हेमंत कुमार और सत्यम कुमार शामिल हैं। वहीं, अन्य सभी छात्रों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मान समारोह में जय प्रकाश कुशवाहा, बबलू यादव, लालो महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संस्थान के संस्थापक वकील कुमार और शिक्षकों अमित कुमार, अमर कुमार, राजीव कुमार, जिशन कुमार, चंदन कुमार, ललित कुमार ने भी छात्रों को उनकी सफलता के लिए बधाई दी और भविष्य में और बेहतर करने की प्रेरणा दी।

## अगलगी की घटना में कई घर राख

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नावकोठी।** महेशवाड़ा पंचायत के बभनगामा वार्ड संख्या 13 में हुई अगलगी में एक दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रबिन्द्र पासवान के भूसकार? में आग लगी। धीरे धीरे फैलकर आसपास के उमेश पासवान, विकेस पासवान, रबिन्द्र, राम भजन, रामचंद्र, अमित, मुकेश , टीपू, रूस्तम आदि के घर में पकड़ लिया। घर में रखा अनाज, कपड़े, चौकी, खटिया, बिछावन आदि जल गए। इसमें लगभग दस लाख रुपए क्षति का अनुमान लगाया गया। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां तथा ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मुखिया अजय सहनी आदि ने पीड़ित से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## नाबालिग के साथ अप्राकृतिक यौनाचार, आरोपित दारोगा सस्पेंड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बखरी।** नावकोठी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक (एसआई) अरविंद शुक्ला पर नाबालिग के साथ अप्राकृतिक यौनाचार का संगीन आरोप लगा है। इस मामले में बखरी पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी दारोगा को निलंबित कर दिया है और उसे हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

रविवार रात करीब 9 बजे नावकोठी थाने के एसआई अरविंद शुक्ला ने पीड़ित किशोर को उसके पिता को जेल से छुड़वाने का झांसा देकर अपने किराए के घर बुलाया। आरोप है कि वहां उसने पीड़ित के साथ जबरदस्ती अश्लील हरकतें की और अप्राकृतिक यौनाचार किया। किसी तरह बचकर निकले पीड़ित ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और पीड़ित का परिवार थाने पहुंचा और हंगामा करने लगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए बखरी डीएसपी कुंदन कुमार मौके पर पहुंचे और आरोपी एसआई को हिरासत में ले लिया।

पीड़ित के पिता को चार दिन पहले एक मारपीट के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी एसआई ने किशोर को उसके पिता की रिहाई में मदद का झांसा देकर बुलाया था।

बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए बखरी डीएसपी के नेतृत्व में जांच की जा रही है। पीड़ित की शिकायत के आधार पर आरोपी एसआई के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। आरोपी पुलिसकर्मी ने खाकी वर्दी को शर्मसार कर दिया है। पुलिस विभाग ने आश्वासन दिया है कि दोषी को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलाने के लिए हर संभव कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

## जलेस के संस्थापक महासचिव की जन्मशती पर स्मरण संवाद का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जनवादी लेखक संघ (जलेस) बेगूसराय द्वारा सुप्रसिद्ध शब्द-साधक और जलेस के संस्थापक महासचिव डॉ. चन्द्र बली सिंह की जन्मशती के अवसर पर एक स्मरण-संवाद का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्थानीय पावर हाउस रोड स्थित ब्रह्मदेव राय भवन में संपन्न हुआ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के जिला अध्यक्ष एवं जीडी कॉलेज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र साह ने की, जबकि सचिव राजेश कुमार ने संचालन किया।

इस अवसर पर जनवादी लेखक संघ बिहार के सचिव कुमार विनीताभ ने जलेस की स्थापना के समय की साहित्यिक, सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख किया। उन्होंने डॉ. चन्द्र बली सिंह के संगठन निर्माण में योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि वे ऐतिहासिक भौतिकवाद, वर्ग-संघर्ष और वैज्ञानिक समाजवाद के सिद्धांतों के प्रति आजीवन समर्पित रहे। उनका मानना था कि समाज में साहित्य भी निष्पक्ष नहीं होता, बल्कि उसमें भी वर्ग-संघर्ष परिलक्षित होता है।

डॉ. चन्द्र बली सिंह ने 'लोकदृष्टि और हिन्दी साहित्य' एवं 'आलोचना का जनपक्ष' जैसी महत्वपूर्ण आलोचनात्मक कृतियों की रचना की। वे 1982 से 1987 तक जलेस के महासचिव और 1987 से 1997 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में संगठन की सेवा करते रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. राजेन्द्र साह ने कहा कि डॉ. सिंह 'सादा जीवन, उच्च विचार' के प्रतीक थे। वे अपने समकालीन आलोचकों रामविलास शर्मा और नामवर सिंह के साथ घनिष्ठ मित्रता रखते हुए भी अपने संगठन और विचारधारा के प्रति निष्ठावान थे। उनका मानना था कि 'निष्पक्ष व्यक्ति वही हो सकता है, जिसके पास कोई दृष्टि न हो'। उन्होंने जोर देकर कहा कि 'जिंदगी और कलम के बीच का फासला लेखक के कद को छोटा कर देता है।'

कार्यक्रम में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर चौरसिया ने डॉ. सिंह के जीवन और कृतित्व पर लिखित पाठ प्रस्तुत किया। इस अवसर पर दीपक कुमार, रामानंद सागर, रमेश प्रसाद सिंह, मनोज साह, कमल वत्स बबलू, रणजीत यादव सहित कई साहित्यप्रेमी मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में जिला किसान कौंसिल के अध्यक्ष सुरेश यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## होमगार्ड बहाली में नवगछिया की अनदेखी, अभ्यर्थियों ने किया एनएच जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** बिहार सरकार द्वारा होमगार्ड बहाली के जिला रोस्टर में नवगछिया को शामिल नहीं किए जाने के खिलाफ अभ्यर्थियों में भारी आक्रोश देखने को मिला। सोमवार को जिले के नवगछिया अनुमंडल के तेतरी जीरोमाइल पर सैकड़ों अभ्यर्थियों ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग (एनएच)-31 को अवरुद्ध कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ईद की छुट्टी के बावजूद बड़ी संख्या में नवगछिया अनुमंडल के विभिन्न हिस्सों से आए होमगार्ड अभ्यर्थियों ने एनएच-31 को जाम कर धरना दिया। इससे न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्ग बल्कि नवगछिया-भागलपुर मुख्य सड़क पर भी आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। सूचना मिलते ही नवगछिया अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) और पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) सदल-बल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की। हालांकि, अभ्यर्थी अपनी मांग पर अड़े रहे और सरकार से नवगछिया को भागलपुर जिले की होमगार्ड बहाली में शामिल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार पर अनदेखी और संबंधित विभाग पर उदासीनता का आरोप लगाते हुए कहा कि इससे नवगछिया के सैकड़ों अभ्यर्थियों का सपना टूट गया है। अभ्यर्थियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इसी बीच बिहार विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक एवं बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेन्द्र ने अभ्यर्थियों की मांग को सही और न्यायसंगत करार दिया है। उन्होंने राज्य सरकार से त्वरित कार्रवाई करने की अपील की, ताकि नवगछिया क्षेत्र के युवाओं को भी होमगार्ड भर्ती में अवसर मिल सके। प्रशासनिक अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों से अपील की है कि वे शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांग रखें और यातायात बाधित न करें। हालांकि, खबर लिखे जाने तक अभ्यर्थी सड़क जाम हटाने को तैयार नहीं थे।

### नवरात्र को लेकर की जा रही पूजा-अर्चना

**अररिया।** बसंत नवरात्र को लेकर विश्व प्रसिद्ध मां खड्गेश्वरी महाकाली मंदिर में रोजाना विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है. खासकर महिला भक्त काफी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं. मां खड्गेश्वरी के साधक नानू बाबा ने बताया कि वासंतिक नवरात्र के पहली पूजा से ही काली मंदिर में रोजाना विशेष पूजा- अर्चना व पुष्पांजलि की जा रही है. जिसमें सैकड़ों की तादाद में भक्तगण भाग ले रहे हैं. बाबा ने यह भी बताया कि आगामी रविवार को मा रामनवमी पूजा है. साथ ही शुक्रवार, शनिवार व रविवार यह तीनों दिन मां खड्गेश्वरी काली मंदिर में महाभोग का आयोजन किया जायेगा. बसंत नवरात्र को लेकर काली मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया।

## गेहूं फसल में नहीं लगी आग, खबरें भ्रामक : डीएम

### सौ एकड़ भूमि में फसल जलने की खबर को प्रशासन ने बताया गलत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** हाल ही में शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड अंतर्गत सलहा सैदपुर बरारी-2 पंचायत में आग लगने की खबरों को प्रशासन ने भ्रामक एवं तथ्यहीन बताया है। डीएम तुषार सिंगला ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर स्पष्ट किया कि कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा 100 एकड़ भूमि में तैयार गेहूं की फसल जलने की खबरें चलाई गईं, जो पूरी तरह गलत हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी शाम्हो द्वारा जांच कराई गई। जांच में पाया गया कि खेत में लगी फसल पहले ही कट चुकी थी, और वहां केवल पराली (फसल के अवशेष) बची थी, जिसमें आग लगी थी। घटना के संबंध में डीएम ने बताया कि सलहा सैदपुर बरारी-2 पंचायत के तौफीर बहियार गांव में लगभग 20 से 25 एकड़ खेत में गेहूं की फसल कटने के बाद बची पराली में आग लगी। लेकिन इस आग को स्थानीय प्रशासन, दमकल विभाग और ग्रामीणों की मदद से जल्द ही बुझा लिया गया। हालांकि, आग के प्रभाव से आसपास की मक्का की फसल को कुछ नुकसान हुआ है, जिसकी क्षतिपूर्ति के लिए प्रशासन आवश्यक कदम उठा रहा है।

डीएम ने जनता और मीडिया से अपील की कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और केवल प्रमाणिक जानकारी पर ध्यान दें। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## युद्ध की बलि चढ़ता है वर्षों का विकास

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बरौनी।** ग्रामीण क्षेत्र में आकाश गंगा रंग चौपाल एसोसिएशन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव 'रंग-संगम 2025' के चौथे दिन नाटक 'एक और युद्ध शांति के लिए' का मंचन किया गया। बाल रंगमंच आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी, बेगूसराय द्वारा प्रस्तुत इस नाटक का परिकल्पना व निर्देशन गणेश गौरव ने किया, जबकि प्रस्तुति संयोजन ऋषिकेश कुमार ने किया। नाटक के सशक्त संवाद, आंगिक अभिनय और संगीत ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

नाटक की मुख्य थीम थी कि युद्ध स्वयं ही एक समस्या है, इसका कोई हल नहीं। चाहे परिवार के भीतर हो या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, युद्ध सिर्फ विनाश और पछतावा ही लाता है। महाभारत से लेकर आधुनिक युग तक, सत्ता, स्वार्थ और ज़मीन के लिए हुए संघर्षों ने अपनों को अपनों से लड़ाया। नाटक ने संदेश दिया कि युद्ध केवल वर्षों की मेहनत और विकास को नष्ट कर देता है और नई पीढ़ियों को उनके अधिकारों से वंचित कर देता है।

नाटक में दिखाया गया कि कैसे पारिवारिक झगड़े और अंतरराष्ट्रीय संघर्षों में समानता है। आज जमीन के लिए भाई-भाई की हत्या कर रहा है, पुत्र पिता की हत्या कर रहा है और देशों की सीमाओं पर वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध लड़े जा रहे हैं। कलाकारों ने अपने प्रभावशाली अभिनय और संवादों से शांति का संदेश दिया।

महोत्सव के अंतर्गत ही शांतिपुर रंगपीठ, पश्चिम बंगाल द्वारा विश्वजीत विश्वास के निर्देशन में 'सतघरिया' नाटक का मंचन किया गया। नाटक की कहानी मनपत्थल गांव के हरिजन टोला की महिला चनपिया की थी, जिसने अपनी रोजी-रोटी और सुरक्षा के लिए छह बार विवाह किया। हर विवाह में उसकी शर्त यही रही कि उसे खेतों में मजदूरी करनी होगी।

लेकिन इस बार, 40 वर्षीय थकी-मांदी चनपिया ने अपने होने वाले पति नटोआर के साथ सुरथपुरा के हटिया जाने का फैसला किया, इस उम्मीद में कि कोई जमीन मालिक उसे मजदूरी के लिए चुन लेगा, जिससे नटोआर उससे विवाह कर सके। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अंततः चनपिया ने एक बेघर व्यक्ति गैबीनाथ को पति के रूप में चुना और समाज के सभी नियमों को तोड़ते हुए उसे अपनी झोपड़ी में ले गई। इस नाटक में कलाकारों ने बेहतरीन अभिनय किया। चनपिया के रूप में नीलिमा विश्वास, नटोआर दोशाद और धनपत प्रशांत बिद्यंता ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अन्य कलाकारों में तृषित मैत्रा, अमित महतो, जयंत दास, समित महतो, मिठू रानी गोस्वामी, प्रणति धानी, रिमी खातून, अंजना महतो और रानित प्रमाणिक शामिल थे।

इस अवसर पर लाइफ लाइन हॉस्पिटल, बरौनी के निदेशक डॉ. हेमंत कुमार, नगर परिषद बीहट की मुख्य पार्षद बबीता देवी, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय वाराणसी के निदेशक प्रवीण गुंजन, पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय, उपमुख्य पार्षद ऋषिकेश कुमार और संजय कुमार ललन की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्घाटन गणेश गौरव और डॉ. कुंदन कुमार के संयोजन में किया गया। शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दामिनी मिश्रा ने दी, जबकि अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में अमर ज्योति, आनंद कुमार, बलराम बिहारी, राजू कुमार, लालू बिहारी, महेश, अंकित, संतोष, दिनेश दिवाना, निधि, आंचल, अंजलि, साक्षी और संस्कृति की भागीदारी रही।

## टारगेट कोचिंग सेंटर के 50 से अधिक छात्रों ने प्रथम श्रेणी प्राप्त कर बढ़ाया गौरव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मीरगंज (पूर्णिया)।** बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 2025 में नगर पंचायत मीरगंज स्थित टारगेट कोचिंग सेंटर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस कोचिंग संस्थान के 80 छात्रों में से 50 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त कर संस्थान का नाम रोशन किया है।

**संजीव और पवन ने 445 अंक हासिल कर किया टॉप**

परीक्षा परिणामों के अनुसार, कोचिंग सेंटर के संजीव कुमार और पवन कुमार ने 445 अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान हासिल किया। अन्य सफल छात्र-छात्राओं में शिवशंकर कुमार (438), सतीश कुमार (433), साजिद आलम (424), ललित कुमार (416), शिवम् कुमार (414), जय प्रकाश कुमार (410), आदित्य कुमार (406) और सत्यम कुमार (402) अंक प्राप्त कर कोचिंग सेंटर को गौरवान्वित किया।

टारगेट कोचिंग सेंटर विगत कई वर्षों से कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। संतोष सर की देखरेख में संचालित यह संस्थान प्रखंड स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में नई अलख जगा रहा है।

**सफलता के पीछे दिन-रात की मेहनत**

संस्थान के संचालक अमित कुमार ने बताया कि उनकी टीम जमीनी स्तर से छात्रों को टॉपर बनाने में लगातार मेहनत करती है ताकि प्रखंड और जिले का नाम रोशन हो सके। उन्होंने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और कहा कि आगे भी इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने का प्रयास जारी रहेगा।

**छात्रों की सफलता से अभिभावक गदगद**

छात्रों की इस शानदार उपलब्धि से उनके अभिभावक भी बेहद खुश हैं। उन्होंने टारगेट कोचिंग सेंटर के शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि संस्थान के मार्गदर्शन से ही उनके बच्चों ने इतनी बड़ी सफलता प्राप्त की है।

## एकमा में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद, नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को दी बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**एकमा (सारण)।** एकमा नगर पंचायत बाजार सहित प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में सोमवार को ईद-उल-फितर का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और जामा मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए श्रद्धालु एकत्रित होने लगे। नमाज के दौरान सभी ने देश, समाज और आपसी भाईचारे की तरक्की के लिए अल्लाह से दुआ मांगी। नमाज के बाद नेशनल एथलीट विकास राठौर, रसूलपुर मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद, नगर पंचायत मुख्य पार्षद प्रतिनिधि दीपक राज, जन सुराज नेता विकास कुमार सिंह, राजद नेता अवधेश यादव, सुभाष यादव, जितेंद्र यादव और कन्हैया यादव सहित विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद की नमाज के बाद हिंदू समाज के लोग भी ईदगाहों व मस्जिदों में पहुंचे और मुस्लिम भाइयों को गले मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मेलों में बच्चों और युवाओं ने खूब खरीदारी की और पर्व का आनंद उठाया। त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एसडीपीओ राजकुमार, एकमा अंचल पुलिस निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, थानाध्यक्ष उदय कुमार और रसूलपुर थानाध्यक्ष प्रभात कुमार सहित पुलिस बल लगातार गश्त पर रहा और शरारती तत्वों पर नजर बनाए रखी। एकमा सीओ राहुल शंकर, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार और नगर पंचायत एकमा बाजार की मुख्य पार्षद श्वेता रानी के पति दीपक राज ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की बधाई दी और पर्व को शांति व आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। एकमा, हंसराजपुर, गोपाली, गंजपर, चनचौरा, परसागढ़, महम्मदपुर, रसूलपुर, चकमीरा, रामपुर, कर्णपुरा, योगियां, कटोखर और कलान सहित विभिन्न गांवों की ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा की गई। पूरे क्षेत्र में सौहार्द्र और उत्साह का माहौल रहा। दिनभर सेवइयां और मिठाइयों का दौर चलता रहा। इस प्रकार, एकमा में ईद का पर्व पूरी श्रद्धा, शांति और आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### नवाह परायण श्रीराम कथा का शुभारंभ



**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के उसरी स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में रामनवमी सेवा समिति द्वारा श्रीरामचरितमानस एवं नवाह परायण श्रीराम कथा की शुरुआत रविवार से किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश से आई हुई कथा वाचिका श्री मानस मोहिनी संध्या दीदी द्वारा श्री राम चरित्र के वर्णन से कथा की शुरूआत की गई। कथा के प्रथम दिन रविवार की रात्रि उन्होंने श्री राम के जन्म होने का उद्देश्य के बारे में उपस्थित लोगों को बताया और उन्हें बताया कि राम का जन्म धर्म की रक्षा हेतु अयोध्या में हुआ था तथा महाराज दशरथ के वह पुत्र के रूप में अयोध्या में जन्म लिए। राम चारों भाइयों में सबसे बड़े थे तथा वह मर्यादा पुरुषोत्तम थे।यह कार्यक्रम आगामी 6 अप्रैल तक चलेगा जिसमें श्रीरामचरितमानस एवं नवाह परायण श्रीराम कथा होगा।

### शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मना ईद

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रमजान के समापन पर सोमवार को बड़े धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ प्रखंड क्षेत्र के सभी मस्जिदों, ईदगाहों और मदरसों में ईद के शुभ अवसर पर शांति पूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। प्रखंड कार्यालय और थाने के सभी पदाधिकारी तथा पुलिस कर्मी संवेदनशील स्थानों पर मजिस्ट्रेट तैनात थे। सुबह से ही नमाज पढ़ने के लिए बच्चे, युवा और वृद्ध व्यक्ति नये नये पोशाक पहन कर घर से निकल पड़े थे। नमाज पढ़ने वाले स्थानों पर मेला जैसा दृश्य था। वहाँ पर बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले, मिठाई, चाट चाउमीन, बैलून, खिलौने सहित अन्य प्रकार की स्टॉलें लगाई गई थी। नमाज अदा करने के लिए सभी मस्जिदों, ईदगाहों और मदरसों में अलग अलग समय निर्धारित किया गया था। बीडीओ राहुल कुमार, सीओ दिव्य प्रकाश, थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण शांति व्यवस्था बनाने के लिए तैनात थे। नमाज के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली। नमाज अदा करने के बाद सभी एक दूसरे से गले लग कर बधाईयाँ दी। मुस्लिम भाईयों के साथ हिन्दू भाई भी गले मिल कर ईद मुबारक की बधाईयाँ दे रहे थे। वहीं सिवईयां खाकर मुंह मीठा कर रहे थे।



### हसनपुरा के ईदगाहों व मस्जिदों में पढ़ी गई ईद की नमाज

**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत के सभी ईदगाहों व मस्जिदों में सोमवार को ईद उल फितर की नमाज पढ़ी गई। इसके पहले छोटे बड़े बुजुर्ग सभी नए नए कपड़े पहन समय के मुताबिक ईदगाह व मस्जिद पहुंच गए थे। जहां उलेमाओं द्वारा नमाज अदा करवाई गई। उसके बाद एक दूसरे के गले मिल ईद की खुशी जाहिर करते हुए मुबारकबाद दिया। वहीं हसनपुरा स्थित मखदूम साहब समीप ईदगाह में मौलाना नाहिद अहमद द्वारा नमाज के बाद ईद के बारे में जिक्र बयान किया। यह नजारा उसरी, हसनपुरा, शेखपुरा, निजामपुर, खाजेपुर, सरैया, सेमरी, मुस्लिम टोलापुर, अरंडा, नवादा टोला, करमासी, लहेजी, गायघाट, विश्वंभरपुर आदि गांवों के मस्जिदों व ईदगाहों में सुबह से ही भिड़ देखने को मिलो। वहीं बता दें कि ईद का चांद आसमान में रविवार को देखने के बाद बाजारों में रात भर चहलकदमी देखी गई। हर तरफ ईद उल फितर की बधाई व खुशी व्हाट्सएप आदि से लोग एक दूसरे को मुबारकवाद देते रहे। वहीं स्थानीय प्रशासन काफी मुस्तैद दिखा गया।



### एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग अंधेरे में

**सिसवन/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के वार्ड नंबर 13 में बीते एक सप्ताह से ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग अंधेरे में रह रहे हैं। ग्रामीणों द्वारा बार-बार विभाग से गुहार लगाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। बताया जाता है कि बीते एक सप्ताह पहले से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है।

### जर्जर पुल दे रहा खतरे का संकेत

**नौतन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बाबा मोड़ स्थित नहर का पुल जर्जर हो गया है जो आए दिन खतरे का संकेत दे रहा है। इस जर्जर पुल के बारे में बताया जाता है कि यह पुल विगत दस वर्षों से जर्जर हालत में ही चल रहा है जिसपर आज तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। पुल से लगभग पांच हजार की जनसंख्या से जुड़ी हुई है इस पुल से आए दिन छोटी बड़ी वाहनों तथा लोगों का आवागमन बना रहता है, लेकिन आज नहर पुल से बड़ी वाहनों का आवागमन बंद हो चुका है आए दिन इस रस्ते थे जिले के अधिकारी 6 जनप्रतिनिधि इस पुल से गुजरते है लेकिन पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए भी नजरअंदाज करते है। पुल से संबधित लोगों को आवश्यकता के अनुसार किसी सामग्री को ले जाने में अहम परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल की समस्या को लेकर कई बार सांसद, विधायक, प्रशासन से निर्माण कार्यों को लेकर कहा गया परंतु अभी तक सभी के द्वारा अश्वासन ही मिलता रहा लेकिन आज तक पुल का निर्माण कार्य नहीं हुई।

### वेद के द्वारा संसार की उन्नति संभव

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आर्य समाज के स्थापना के 150 जयंती पर नरकटियागंज के आर्य समाज मंदिर में आयोजित विश्व कल्याण महायज्ञ के तीसरे दिन के प्रातः कालीन सत्र में भोपाल मध्य प्रदेश से पधारी हुई अंतराष्ट्रीय स्तर के वेद कथा वाचक आचार्य दीप्ति आर्य ने कहा कि आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य वेद का प्रचार प्रसार है। आर्य समाज के संस्थापक ऋषि देव दयानंद सरस्वती ने वेदों के पठन पाठन एवं स्वाध्याय पर बल देते हुए उसका पढ़ना और सुनना आर्य समाज का परम धर्म है। वेद के मंत्र के स्वाध्याय को बताते हुए आचार्य दीप्ति आर्य ने कहा कि मनुष्य मात्र के कल्याण के साथ चलने के लिए वेद की आज्ञाओं का पालन करना चाहिए। जब-जब वेद की आज्ञाओं का उल्लंघन होता है तब तक संसार में अज्ञान और युद्ध की स्थिति बनती है। इसलिए अच्छे मार्ग पर चलते हुए जीवन का कल्याण करते हुए अपने मानव धर्म का पालन करते हुए अच्छे लोगों की संगति करनी चाहिए। उनकी सफलता हमेशा अच्छे विचारों से आती है और अच्छे विचार हमेशा अच्छे संगति से आती है। वही वेद मार्ग का असली संदेश है। आर्य समाज की 150 जयंती पर जयंती पर आयोजित विश्व कल्याण महान यज्ञ में आज यजमान अटल भारतीय एवं सुधीर कुमार सपत्नी रहे। यज्ञ के पश्चात ऋषि लंगर का आयोजन किया गया ।मौके पर रामेश्वर प्रसाद आर्य, राजेश कुमार आर्य, गुड्डू कुमार,रवि रंजन कुमार, अमरेश कुमार आर्य, सुमन कुमार आर्य, मुन्ना कुमार, रवि सिंह, प्रशांत कुमार, देव्पल आर्य, विवेक आर्य, मनोज कुमार, देव प्रकाश, भागमती देवी, दीक्षित आर्य, कोमल आर्य ,बबीता देवी, प्रीति आर्य, प्रियंका भारती, ममता देवी, शीला देवी, नीता देवी, अनमोल अनुष्का आदि लोग उपस्थित थे ।



# अकीदत के साथ सारण जिले भर में मनायी गयी ईद

## नमाज अदा करने के बाद मुल्क में सुख, शांति व तरक्की के लिए दुआओं में उठे हाथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**छपरा (सारण)।** रमजान माह की इबादतों और रोजे के बाद ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को जबरदस्त रौनक लेकर आया। इस बार यह त्योहार देश भर में एक ही दिन मनाया गया। जिले भर में जोश व खरगोश व अकीदत के साथ ईद मनायी गयी। ईद-उल-फितर के मौके पर शहर और देहात की ईदगाहों और जामा मस्जिदों में भारी तादाद में लोगों ने नमाज पढ़ी और एक दूसरे को मुबारकबाद दी। सुबह होते ही ईद की नमाज की तैयारियां शुरू हो गईं और लोग नमाज पढ़ने पहुंचे। नमाज के लिए जब सफें (लाइन) लगीं तो हर खास व आम एकसाथ कंधे से कंधा मिलाकर जब खड़े हुए तो अमीर-गरीब, बड़े-छोटे का अंतर मिट गया। रविवार को चांद नजर आते ही लोगों ने सोशल मीडिया पर बधाईयों का सिलसिला शुरू कर दिया था। सामाजिक कार्यकर्ता व राजनीतिक शख्सियतों ने भी जहां लोगों को बधाई दी। वहीं हिंदू भाईयों ने भी अपने मुसलमान इष्ट मित्रों को मुबारकबाद पेश कर गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूती प्रदान की। समाज में भाईचारा व आपसी समझ मजबूत होने की कामना की. उन्होंने कहा रोजेदारों की इबादत के बाद पवित्र रजमान महीने का समापन उत्सव मनाने का अवसर है। हम कामना करते हैं कि इस अवसर पर हमारे समाज में भाईचारा और आपसी समझ बढ़े।

**खूब भेजे गये बधाई संदेश**

ईद के अवसर पर छपरा शहर के विभिन्न मुहल्लों समेत एकमा, रसूलपुर, परसागढ़, दिघवारा, रिविलगंज, मांझी नगरा, सोनपुर, बनियापुर, लहलादपुर, तरैया, अमनौर, मसरख, मढ़ौरा, दरियापुर, परसा, मकेर इसुआपुर, पानापुर आदि स्थानों पर लोगों ने घूम-घूम कर और एक दूसरे के घर जा कर ईद की मुबारकबाद व बधाईयां दीं। देर शाम तक सेवाईयां खाते-खिलाते रहे व दावतों का दौर चलता रहा। वहीं सोशल मीडिया का भी जम कर इस्तेमाल हुआ। व्हाट्सएप, फेसबूक, ट्विटर और मैसेंजर पर भी लोग पर्सनल और ग्रुप में बाधाईयां, शेर, फोटो, टेम्पलेटस आदि पोस्ट करते रहे। इसमें बच्चे, टीन एजर्स के साथ ही बड़े बुजुर्ग भी शामिल रहे।

**प्रशासन रहा मुस्तैद**

ईद के मौके पर जिला प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस ने शहर से गांव तक फ्लैग मार्च कर भाईचारे के साथ त्यौहार मानाने की अपील की। पूर्व में डीएम अमन समीर व एसपी डॉ कुमार आशीष ने शहर समेत पूरे जिला में नमाज अदा करने वाले स्थानों पर फोर्स और दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त करने के आदेश दिए थे। मस्जिद और ईदगाहों के साथ रास्तों में भी फोर्स की तैनाती की गयी थी। पुलिस की मुस्तैदी की वजह से कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं आयी। लोगों ने पूरी खुशी और सुकून के साथ नमाज अदा कर पारंपरिक उल्लासपूर्ण व आपसी भाईचारे के वातावरण में ईद मनाया।

## नगर व ग्रामीण इलाकों में पढ़ी ईद की नमाज

### मुल्क में अमन व भाईचारे की मांगी दुआएं



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर से लेकर गांव तक सोमवार की सुबह मुस्लिम समुदाय के लोगो ने ईद की नमाज पढ़ी। मुस्लिम भाइयों ने एक माह का रोजा रखने के बाद अमन व शांति के साथ ईद की नमाज अदा किया। ईद की नमाज नगर के विभिन्न मस्जिदों समेत ग्रामीण क्षेत्र के ईदगाह व मस्जिदों में हर्षोल्लास के साथ पढ़ी गई। ईद की नमाज को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था भी की गई थी।

पुलिस ने नगर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नमाज के दौरान पेट्रोलिंग भी की गई। नमाज के बाद बच्चों से लेकर बुजुर्ग शाम तक एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देते रहे। नगर के मुख्य मार्ग स्थित ईदगाह में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने पहुंचकर ईद की नमाज अदा किया। ईदगाह मस्जिद के इमाम हाफिज रहीमुद्दीन आलम ने नमाज से पहले लोगों को कहा कि ईद अखलाक व मोहम्मद मोहब्बत का पैगाम देता है, और रोजा हमें अपने नफ्ज को काबू करने का हिदायत देता है। जैसे पूरे 1 माह हम सभी लोग हिंदू मुस्लिम भाईचारे को बढ़ावा दिया। वैसे ही पूरे साल अखलाक व मोहब्बत के साथ जिंदगी गुजारे, यही सबसे बड़ी इंसानियत है। उन्होंने कहा कि अपना शहर शुरू से ही आपसी भाईचारे का गवाह बना रहा है। इसी तरह से सभी लोग एक साथ मिलजुल कर रहे हैं। वहीं अंजुमन इस्लामिया की तरफ से उपस्थित पत्रकार, पुलिस प्रशासन व नगर परिषद प्रशासन एवं सामाजिक कार्यकताओं समेत तमाम नगरवासियों को ईद की मुबारकबाद दी गई। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं ईदगाह मस्जिद के समीप शिकारपुर थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, ईओ उपेंद्र कुमार सिन्हा, बीडीओ सुरज कुमार, सीओ सुधांशु शेखर, सभापति प्रतिनिधि सत्यम श्रीवास्तव, उपसभापति प्रतिनिधि संतोष राज, वार्ड पार्षद कृष्ण प्रसाद देवीलाल, पार्षद प्रतिनिधि हरिशंकर प्रसाद, गोलू वर्मा, केतन कुमार, जेपी, समाजसेवी वर्मा प्रसाद, भोला शर्मा, कन्हैया अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। लौरिया प्रतिनिधि के अनुसार लौरिया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाह में सोमवार को ईद की नमाज अदा की गई। बसवरिया देवराज,कंधवलिया,बगही, लिपनी, देउरवा तेलपुर,सहित अन्य गांव में आसपास के क्षेत्र के हजारों की संख्या में अमन चैन की दुआएं मांगी गई। बसवरिया देवराज गांव में पहुंचे राजद के पूर्व अध्यक्ष अखिलेश राज,मो सब्बीर उर्फ मुन्ना भाई,मो समर, तौफिक नेहाल, राजकुमार ठाकुर उर्फ राजू ठाकुर, दिगपाल साहू ,आदि ने एक दुसरे को गले लगाकर बधाई दी।

# 91 फेरों में चलेगी पाटलिपुत्र-बलिया-पाटलिपुत्र मेमू विशेष गाड़ी

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की हो रही अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05297/05298 पाटलिपुत्र-बलिया-पाटलिपुत्र मेमू विशेष गाड़ी का संचलन पाटलिपुत्र एवं बलिया से 01 अप्रैल से 30 जून तक 91 फेरों के लिये किया जायेगा.05297 पाटलिपुत्र-बलिया मेमू विशेष गाड़ी 01 अप्रैल से 30 जून तक पाटलिपुत्र से सुबह 08.15 बजे प्रस्थान कर परमानन्दपुर से 08.51 बजे, दिघवारा से 09.15 बजे, छपरा से 10.45 बजे, गौतम स्थान से 10.58 बजे, मांझी से 11.08 बजे, बकुलहा से 11.18 बजे, सुरेमनपुर से 11.27 बजे, बजे छूटकर बलिया दोपहर 12.45 बजे पहुंचेगी.वापसी यात्रा में 05298 बलिया-पाटलिपुत्र मेमू विशेष गाड़ी 01 अप्रैल से 30 जून तक बलिया से दोपहर 01.00 बजे प्रस्थान कर सुरेमनपुर से अपराह्न 02.16 बजे, मांझी से 02.34 बजे, गौतम स्थान से 14.53 बजे, छपरा से अपराह्न 03.20 बजे, दिघवारा से शाम 04.20 बजे, परमानन्दपुर से शाम 04.44 बजे छूटकर पाटलिपुत्र शाम 05.55 बजे पहुंचेगी.यह गाड़ी मेमू रेक से चलाई जायेगी.

**91 फेरों में चलेगी पटना-थावे-पटना विशेष गाड़ी**

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 03215/03216 पटना-थावे-पटना विशेष गाड़ी का संचलन पटना एवं थावे से 01 अप्रैल से 30 जून तक 91 फेरों के लिये किया जायेगा.03215 पटना-थावे विशेष गाड़ी 01 अप्रैल से 30 जून तक पटना से दोपहर 12.10 बजे प्रस्थान कर फुलवारी शरीफ से 12.22 बजे, पाटलिपुत्र से 12.45 बजे, दिघवारा से अपराह्न 01.52 बजे, मढ़ौरा से अपराह्न 03.32 बजे, मसरख से 03.48 बजे, सिधवलिया से शाम 04.32 बजे, रतनसराय से शाम 04.47 बजे तथा गोपालगंज से शाम 05.07 बजे छूटकर थावे शाम 05.40 बजे पहुंचेगी.

# देश के संस्कारों व संस्कृति को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा संघ : सांसद सिग्रीवाल

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को नमन कर मनाया हिन्दू नवसंवत्सर



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिले का प्राथमिक वर्ग, एकमा खंड का प्रशिक्षण शिविर ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल परिसर में चल रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के जिला प्रचारक महेश जी, जिला कार्यवाह संजीव जी, जिला संपर्क प्रमुख बलवंत जी, खंड कार्यवाह आलोक जी सहित अन्य स्वयंसेवक व पदाधिकारी का कुशल निर्देशन मिल रहा है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान संध्या काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार को नमन करते हुए वर्ष नवसंवत्सर हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा मनाई। इस अवसर पर संघ के उद्देश्यों व राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार को उनके जन्म दिवस पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। सांसद श्री सिग्रीवाल आरएसएस शिविर में शाम की प्रार्थना सभा में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सांसद जनार्दन सिंह ने अपने संबोधन में संघ की अनुशासनप्रियता व राष्ट्र भक्ति को सराहा। उन्होंने कहा कि संघ देश के संस्कारों व संस्कृति को सहेजने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि हेडगेवार ने युवावस्था में स्वतंत्रता संग्राम में भाग लिया और बाद में हिंदू समाज को संगठित करने व उसकी रक्षा के उद्देश्य से आरएसएस की स्थापना की। आरएसएस का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर राष्ट्र को मजबूत बनाना व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। शाम में प्रशिक्षण सत्र के दौरान बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुए। इस अवसर पर उनके साथ भाजपा नेता ब्रजेश सिंह रमण, सिवान जिला प्रभारी लालबाबू कुशवाहा, छपरा पश्चिमी जिला उपाध्यक्ष चैतेंद्र नाथ सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला, मुकेश कुमार सिंह, संजीत कुमार ओझा बंटी, अविनाश चंद्र उपाध्याय, हेम नारायण सिंह, उमाशंकर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, त्रिलोकी सिंह, जय किशोर सिंह, चितरंजन सिंह, वीरेश सिंह, चंद्रशेखर सिंह, मनमोहन पांडेय आदि अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने गणवेश में स्वयंसेवकों को संघ की परंपरा व आदर्शों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के अंत में प्रार्थना सभा व ध्वज नमन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# रामपुर में आग लगने से झोपड़ी जली

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के बरवा बरौली पंचायत अंतर्गत रामपुर गाव में आग लगने से एक झोपड़ी जल गई है। घटना रविवार की शाम की है। आगलगी की इस घटना में एक गाय के बछड़ा की झुलसकर मौत हो गई है। वही एक गाय गंभीर रूप से जख्मी है।

घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि रविवार की शाम फूलदेव पासवान के घर मे बिजली के शॉट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आसपास में अफरा तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों के कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तबतक एक झोपड़ी व उसमे रखा हुआ समान जलकर राख हो गया। घटना की पुष्टि करते हुए मुखिया प्रतिनिधि शेख बादल व वार्ड सदस्य दिग्विजय सिंह ने बताया कि घटना की सूचना पर पीड़ित परिवार का हाल जाना गया है। घटना की सूचना शिकारपुर थाना व अंचल प्रशाशन को दे दी गई है। वही पीड़ित फूलदेव पासवान ने बताया कि मवेशी जलने व जख्मी की सूचना पशु चिकित्सक को दी गई लेकिन सोमवार की दोपहर तक पशु चिकित्सक नही पहुचे है। इधर भ्रमणशील पशु चिकित्सक ने बताया कि घटना की जानकारी उन्हें नही है। मामले की जानकारी ली जा रही है। वही दूसरी तरफ रविवार की देर रात्रि रेलवे अस्पताल के पीछे स्लीपर लकड़ी गोदाम के पास झाड़ी में आग लग गई। घटना की सूचना पर पहुचीं अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। सीओ सुधांशु शेखर ने बताया घटना की रामपुर में आगलगी की जानकारी मिली है। राजस्व कर्मचारी को जांच का निर्देश दिया गया है। सभी जरूरी दस्तावेजो प्राप्ति के उपरांत पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता दी जाएगी।

## आयी गर्मी, अगलगी शुरू, लोगों को सतर्क रहने की जरुरत

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गर्मी का मौसम आ गया है अब अगलगी शुरू हो गई है। अब लोगों को सतर्क रहने की जरुरत है। बतादे कि सोमवार के दिन नगर पंचायत स्थित नन्दनगढ़ के ऊपरी हिस्सा पर अचानक आग लगने से नन्दनगढ़ घूमने आए पर्यटकों में अफरा तफरी का माहौल हो गया। स्थानीय लोगो ने बताया कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नही है। पर ऐसा लगता है किसी अनजान ब्यक्ति द्वारा धूम्रपान करके वही गढ के उपर फेंक दिया गया था। जिससे आग लग गई थी। वही मौके पर स्थानीय लोगो नेअग्निशमन के कर्मियों को फोन कर सूचित किया। तो तत्काल अग्निशमन की गाड़ियां अनुमंडल कार्यायल नरकटियागंज और नगर पंचायत लौरिया अग्नीशमन कमीयी के आने के बाद गढ के ऊपरी हिस्सा पर लगी आग पर काबु पाया जा सका। इधर बेलवा लखनपुर पंचायत के अशोक स्तंभ के समीप बांगर सरेह में गेंहू के फसल में अचानक आग लग जाने से करीब तीन किसानों के गेंहू का फसल जलकर नुकसान हुआ है। वही किसान भूषण ठाकुर ने बताया कि हमारा करीब तीन कठ्ठा गेंहू जलकर बर्बाद हो गया है। वही अनुरुद्ध ठाकुर और बब्लू ठाकुर का करीब एक एक कट्ठा गेंहु जलने की खबर है। इस आग की खबर अग्निशमन कर्मियों को मिली तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वही बेलवा लखनपुर पंचायत के पैक्स अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर उर्फ राजू ठाकुर ने बताया कि आग लगने की सूचना जैसे मुझे मिली मैंने तुरंत अग्निशमन के कर्मियों को फोन कर सूचित किया। तत्काल अग्निशमन की गाड़ियां मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया जा सका।

# जिले भर में अकीदत से अदा की गयी ईद की नमाज

## डीएम-एसपी ने विभिन्न क्षेत्रों का किया भ्रमण



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ईद-उल-फितर को जिले में शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय, पुलिस अधीक्षक डॉ. शौर्य सुमन सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों ने शहर के जंगी मस्जिद, कोतवाली चौक, द्वार देवी चौक, मनुआपुल, हरिवाटिका चौक सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी से विधि-व्यवस्था से संबंधित फीडबैक लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस क्रम में जिलास्तर पर विधि व्यवस्था संधारण के निमित्त समाहरणालय सभागार में फंक्शनल कंट्रोल रूम तथा पुलिस विभाग द्वारा संचालित कंट्रोल रूम में जाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कंट्रोल रूम के वरीय प्रभारी पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रतिनियुक्त सभी मजिस्ट्रेट एवं पुलिस पदाधिकारी से पल-पल विधि-व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली जा रही है। जिले में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से ईद का त्योहार मनाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक गतिविधि पर नजर बनाकर रखी जाय। छोटी-से-छोटी खबर को ध्यान से सुनकर उसे नोट करें और सम्बंधित पदाधिकारी को इसकी जानकारी दें। विधि-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले तत्वों के विरुद्ध त्वरित गति से निरोधात्मक कार्रवाई की जाय।

# टारगेट ट्यूटोरियल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत स्थित टारगेट ट्यूटोरियल साइंस क्लासेज में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे इंटरमीडिएट और मैट्रिक के परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्र, छात्राओ और उपस्थित बच्चों के अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रबंधक रिंकू श्रीवास्तव ने बताया कि लौरिया में प्रतिवर्ष हमारे संस्थान के बच्चे इंटरमीडिएट और मैट्रिक के परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करते हैं।

वही छात्र व छात्राओं के मनोबल बढ़ाने के लिए संस्थान उन्हें सम्मानित करता है। सम्मानित हुए छात्र और छात्राओं को प्रतीक चिन्ह,मेडल तथा कॉपी कलम देकर सम्मानित किया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हमारे शिक्षण संस्थान में पढ़ने वाले बच्चें को पैसे की कमी कभी बाधा नही बनता है। उन्हें हमलोग अपने तरफ से पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए सभी शिक्षक जीतोड़ मेहनत करते रहते हैं। ताकि बच्चे अपने लक्ष्य से भटके नही। बच्चों के अपने कैरियर चुनने में हमलोग उसके रास्ते ही नही बल्कि आगे पढ़ने में पूरा समर्थन भी करते हैं। मौके पर संस्थान के शिक्षक इशरार अहमद, इंजीनियर सीके ओझा, नीरज कुमार, सुजीत कुमार ठाकुर, राकेश कुमार, आदर्श कुमार, सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। वही सम्मान पाने वाले छात्रों में सर्वप्रथम विश्वजीत कुमार 450 अंक, अदिति 441 अंक, दीप शिखा 430 अंक, आंशु 439 अंक, प्रियांशु 423 अंक, दिव्या 402 अंक, नितेश 410 अंक, श्वेता 403 अंक, पाने वाले छात्राओं का नाम शामिल हैं।

## शिक्षक गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा पर दे विशेष ध्यान : नागेंद्र

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर महावीर पुरम में त्रिदिवसीय वार्षिक आचार्य कार्यशाला का शुभ उद्घाटन डाइट के प्रोफेसर नागेंद्र राय, विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन, विद्यालय विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी समिति के सचिव कौशलेंद्र प्रताप, कोषाध्यक्ष ज्ञानप्रकाश और प्रधानाचार्य कमलेश नारायण सिंह द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती भारत मां के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया. कार्यक्रम के प्रारंभ में आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर समिति के सचिव कौशलेंद्र प्रताप द्वारा किया गया.आगत अतिथियों का परिचय प्रधानाचार्य कमलेश नारायण सिंह द्वारा कराया गया.तीन दिन तक चलने वाले वार्षिक कार्यशाला की प्रस्तावना विभाग निरीक्षक राजेश कुमार रंजन ने रखा.

# गणगौरः सुहाग व समर्पण का पर्व, राजस्थानी महिलाओं ने ईसर-गौर को रिझाया



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** राजस्थानी परंपरा में गणगौर एक प्रमुख लोकपर्व है, जो सुहागिन महिलाओं और कन्याओं के लिए विशेष महत्व रखता है। धुलेटी के दिन से आरंभ होकर 18 दिनों तक चलने वाले इस पर्व में महिलाएं प्रतिदिन प्रातःकाल ईसर (भगवान शिव) और गौर (मां पार्वती) की पूजा करती हैं। इसे सुहाग का पर्व भी कहा जाता है। इसी परंपरा को निभाते हुए छपरा में राजस्थानी समाज की महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर, रंग-बिरंगे परिधान पहनकर, लोकगीत गाकर और घूमर नृत्य कर ईसर-गौर का श्रृंगार कर उन्हें रिझाया। सोमवार को चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया के दिन गणगौर विसर्जन से पूर्व कई घरों में उद्यापन भी किया गया। इस मौके पर गौर ए गौर माता खोल ए किनवारी, बाहर उबी थारी पूजन आली... और लाड़ कुंवर सो बीरो माँगा, राई सी भोजाई... जैसे पारंपरिक लोकगीतों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया।

**पति की लंबी उम्र और मनचाहे वर की कामना का पर्व**

गणगौर व्रत मुख्यतः राजस्थान में मनाया जाता है, जिसमें महिलाएं अपने पति की दीघार्यु और कुंवारी लड़कियां मनचाहे वर की प्राप्ति के लिए माता गौरी का पूजन करती हैं। यह व्रत सुहागिनें अपने पति को बताए बिना रखती हैं।

**गणगौर व्रत से जुड़ी पौराणिक कथा**

श्याम बिहारी अग्रवाल ने बताया कि गणगौर पर्व से जुड़ी एक रोचक कथा प्रचलित है। कथा के अनुसार, एक बार भगवान शंकर और माता पार्वती नारद मुनि के साथ भ्रमण पर निकले। वे एक गांव पहुंचे, जहां उनके आगमन की सूचना मिलते ही स्त्रियां उनकी आवभगत की तैयारियों में जुट गईं। कुलीन घरों की महिलाएं पकवान बनाकर लाने वाली थीं, लेकिन उससे पहले ही गरीब घरों की महिलाओं ने श्रद्धा और समर्पण के साथ अपनी भेंट अर्पित कर दी। माता पार्वती ने उनकी भक्ति देखकर उन पर सुहाग रस छिड़क दिया। बाद में जब कुलीन घरों की स्त्रियां भेंट लेकर आईं, तब भगवान शिव ने माता पार्वती से पूछा कि अब उनके लिए क्या है? माता पार्वती ने कहा कि जो सच्ची श्रद्धा लेकर आई हैं, वे स्वतः इस सुहाग रस से धन्य हो जाएंगी। कहते हैं कि यह दिन चैत्र शुक्ल तृतीया का था और तभी से यह परंपरा चली आ रही है।

**गणगौर विसर्जन के साथ संपन्न होगा पर्व**

चैत्र शुक्ल तृतीया के दिन गणगौर व्रत का समापन विसर्जन के साथ होता है। इस दिन सुहागिनें और कन्याएं नदी या तालाब में गणगौर का विसर्जन कर अपने व्रत को पूर्ण करती हैं। गणगौर पर्व न केवल सुहाग का प्रतीक है, बल्कि यह स्त्री शक्ति, श्रद्धा और समर्पण का भी प्रतीक है।

# सूर्योपासना के महान चैती छठ व्रत पर चार दिवसीय देव छठ मेला आज से

## सभी तैयारियां पूरी, अर्घ्य के बाद स्थायी डेरा नहीं डाल सकेंगे श्रद्धालु

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद जिले के ऐतिहासिक, धार्मिक और पौराणिक स्थल देव में सूर्योपासना के महान चैती छठ व्रत के अवसर पर चार दिवसीय देव छठ मेला से शुरू हो रहा है। इसको लेकर चैती छठ मेला देव का जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को स्थलीय निरीक्षण किया एवं संबंधित पदाधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा देव सूर्यकुण्ड एवं रूद्र कुंड छठ घाट, देव मेला क्षेत्र के सभी आवासन स्थलों, यातायात की सुविधा, सभी ड्रॉप गेट एवं बैरीकेडिंग, देव सूर्य मंदिर की व्यवस्था एवं मेला क्षेत्र के सभी मार्गों का गहन निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि


तैयारियों का जायजा लेते जिलाधिकारी

देव छठ मेला में तैनात सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं आरक्षी सेवा भावना से ड्यूटी करेंगे। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के साथ मृदुल व्यवहार बनाए रखना है। व्रतियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसका ख्याल रखेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालु सूर्यकुंड तालाब परिसर में अर्घ्य के बाद स्थायी डेरा नहीं डाल सकेंगे। अगर कोई व्रती ऐसा करते हैं तो उन्हें आग्रहपूर्वक गंतव्य स्थान तक पहुंचाना है। उन्होंने सूर्यकुंड तालाब एवं सूर्यमंदिर परिसर में श्रद्धालुओं से शांतिपूर्ण माहौल कायम करने रखने की अपील की है। छठ मेले को लेकर सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। इस दौरान जिला पदाधिकारी द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को छठ महापर्व के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवासन, यातायात, पार्किंग आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मंदिर परिसर और उसके इर्द-गिर्द भगवान भास्कर के दर्शन-पूजन के दौरान विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए महिला पुलिसकर्मियों के साथ विशेष पुलिस बल को प्रतिनियुक्त किया गया है। देव मेला क्षेत्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं जिससे पूरे मेला क्षेत्र की निगरानी की जायेगी। पूरे मेला परिसर में 24 घंटे पुलिस पदाधिकारी और दंडधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ मेला स्थल पर मेडिकल कैंप भी लगेगा जिसमें पारा मेडिकल टीम आवश्यक दवाओं, ओआरएस के घोल आदि के साथ 24 घंटे तैनात रहेगी। गौरतलब है कि चैती छठ व्रत के दौरान देव आकर छठ व्रत करने की विशिष्ट धार्मिक और आध्यात्मिक महत्ता है। लोक मान्यता है कि यहां प्रति वर्ष दो बार कार्तिक और चैत माह में छठ व्रत के दौरान छठव्रतियों तथा श्रद्धालुओं को भगवान भास्कर की उपस्थिति की रोमांचक अनुभूति होती है। यहां का कथित त्रेतायुगीन सूर्य मंदिर वास्तुकला का न केवल अप्रतिम उदाहरण है बल्कि देशी-विदेशी करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का केन्द्र भी है।

# पोखर में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत, पसरा मातमी सन्नाटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार के औरंगाबाद जिले में दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां मुफस्सिल थाना क्षेत्र में नेहूटी गांव के पोखर में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई-बहन थे। मृतकों में प्रमोद प्रसाद गुप्ता के सात वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार एवं विनोद प्रसाद गुप्ता के पांच वर्षीय पुत्र राजकुमार शामिल है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि दोनों गांव से दक्षिण दिशा की ओर पानी टंकी के समीप पोखर पर खेल रहे थे, इसी दौरान प्रिंस का पैर फिसल गया और पोखर में जा गिरा और डूबने लगा जिसे बचाने के लिए राजकुमार भी पोखर में कूद गया, जहां तालाब के गहरे पानी में डूबने से दोनों की मौत हो गई। काफी देर तक जब दोनों घर नही पहुंचे तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। इस दौरान जब परिजन पोखर की ओर पहुंचे तो प्रिंस का शव तालाब में दिखा। वहीं पास में राजकुमार का भी शव मिला। दोनों बच्चों का शव पोखर से बाहर निकाला गया। हालांकि जिंदा



सदर अस्पताल में गमगीन परिजन

समझकर परिजन आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजन शव से लिपटकर चीत्कार उठें। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि पोखर में डूबने से दो मासूमों की मौत हुई है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## सौहार्दपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील

**अंबा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** ईद, छठ और रामनवमी पर्व को लेकर रविवार को अंबा थाना परिसर में शांति समिति के बैठक आयोजित की गई। इस दौरान थानाध्यक्ष राहुल राज ने बैठक में उपस्थित समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन से शांति एवं सौहार्दपूर्वक माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रशासन असामाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए है। आपसी सौहार्द बिगाड़ने वाले उपद्रवियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# मुरादें पूरी करता है देव तीर्थ : भगवान भास्कर का अनूठा धाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** भारत के प्राचीन तीर्थस्थलों में देव सूर्य मंदिर अपनी विशेषता और अलौकिक महिमा के कारण विशिष्ट स्थान रखता है। त्रेतायुग में स्थापित यह पवित्र धाम न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले दिव्य स्थान के रूप में भी प्रसिद्ध है। यह मंदिर सदियों से श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित करता आया है। विशेष रूप से कार्तिक एवं चैती छठ के अवसर पर यहां भक्तों की अपार भीड़ उमड़ती है, जब वे भगवान भास्कर की आराधना कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



### राजा ऐल और दिव्य चमत्कार की कथा

जनश्रुति के अनुसार त्रेतायुग में राजा ऐल एक गंभीर चर्मरोग श्वेत कुष्ठ से ग्रस्त थे। एक बार शिकार के दौरान वे देव के वन प्रांत में भटक गए और प्यास से व्याकुल होकर एक छोटे से सरोवर तक पहुंचे। जैसे ही उन्होंने पानी को स्पर्श किया, उनके शरीर पर चमत्कारी प्रभाव हुआ और जहां-जहां पानी लगा, वहां से उनका रोग समाप्त हो गया। यह देखकर राजा ऐल अचंभित रह गए और पूरे शरीर को सरोवर के जल से भिगो लिया। रात्रि विश्राम के दौरान उन्हें स्वप्न में भगवान भास्कर का दिव्य संदेश प्राप्त हुआ, जिसमें उन्हें निर्देश दिया गया कि वे सरोवर से सूर्यदेव की प्रतिमा निकालकर वहां एक भव्य मंदिर का निर्माण कराएं। राजा ऐल ने इस आदेश का पालन करते हुए मंदिर और सूर्यकुंड का निर्माण कराया। यद्यपि यह मंदिर आज भी विद्यमान है, किंतु कहा जाता है कि मूल प्रतिमा का स्थान अभी तक अज्ञात है। वर्तमान में जो मूर्ति मंदिर में प्रतिष्ठित है, वह भी अत्यंत प्राचीन प्रतीत होती है।

### भगवान विश्वकर्मा द्वारा निर्मित अद्भुत मंदिर

एक अन्य कथा के अनुसार इस मंदिर का निर्माण स्वयं देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा ने एक ही रात में किया था। मंदिर की संरचना उसकी नक्काशी और पत्थरों की अद्भुत शिल्पकला इसे असाधारण बनाती है। पूरे देश में जितने भी सूर्य मंदिर हैं, वे सभी पूर्व दिशा की ओर मुख करके बने हैं ताकि सूर्योदय के समय भगवान भास्कर की किरणें सीधे मूर्ति पर पड़ें। लेकिन देव सूर्य मंदिर की विशेषता यह है कि यहां सूर्यदेव की मूर्ति पर उनकी प्रथम किरणें नहीं, बल्कि अस्ताचलगामी सूर्य की किरणें पड़ती हैं। यह रहस्य वैज्ञानिकों और श्रद्धालुओं के लिए आज भी आश्चर्य का विषय बना हुआ है।

### छठ पर्व पर विशेष महत्ता

छठ पर्व के दौरान इस मंदिर की महत्ता और भी बढ़ जाती है। छठ पूजा के दौरान भक्तजन यहां पर विशेष रूप से एकत्र होते हैं और भगवान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते हैं। मान्यता है कि इस समय सूर्यदेव की उपस्थिति और कृपा की अनुभूति अधिक तीव्र होती है, जिससे श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### देव सूर्य मंदिर : श्रद्धा और आस्था का प्रतीक

देव सूर्य मंदिर न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और पौराणिक इतिहास का भी प्रतीक है। यहां आने वाले श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा प्राप्त करने के साथ-साथ इस दिव्य धरोहर को निहारकर आध्यात्मिक शांति का अनुभव करते हैं। मंदिर का स्थापत्य, लोककथाएं और इसकी दिव्यता इसे भारत के अन्य सूर्य मंदिरों से अलग और विशिष्ट बनाती है। जो भी भक्त यहां श्रद्धा और विश्वास के साथ आता है, उसकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसलिए, यह पवित्र तीर्थस्थल सिर्फ एक मंदिर ही नहीं, बल्कि आस्था, विश्वास और चमत्कार का प्रतीक भी है।

# सत्यचंडी धाम को पर्यटन के मानचित्र पर लाने का होगा प्रयास : सुशील सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** दो दिवसीय सत्यचंडी धाम महोत्सव रायपुरा में भव्य और दिव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सत्यचंडी के पूजन से प्रारंभ किया गया। पुजारियों द्वारा सुबह 8 बजे मां की विधिवत पूजन किया। वहीं गांधी मैदान औरंगाबाद से सत्यचंडी तक धूमधाम से शोभायात्रा निकाली गई। महोत्सव का उद्घाटन पूर्व सासंद सुशील कुमार सिंह एवं विधायक आनंद शंकर सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आयोजन समिति




के द्वारा आगंतुकों मोमेंटो, अंग वस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मां सत्यचंडी की पुरानी पहचान है। यहां जिस भाव से लोग जाते हैं। मां उसी भाव से आशीर्वाद देती है। मंदिर के विकास व इसे पर्यटन का दर्जा दिलाने को लेकर प्रयास किया जाएगा। यह जिले के साथ- साथ राज्य के लिए एक धार्मिक धरोहर है। सदर विधायक आनंद शंकर सिंह ने सभी लोगों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आयोजन समिति ने भव्य तरीके से महोत्सव का आयोजन किया है। जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वह कम है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इस धाम का स्वरूप भी बदलेगा। इस धाम के विकास के लिए मैं प्रयासरत हूं। विधायक ने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि यह धाम मेरे गांव में है। इस अवसर पर को-ऑपरेटिव अध्यक्ष संतोष सिंह, उप प्रमुख बादशाह यादव, संतोष कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## थार से युवक को घसीटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के पॉश इलाके इग पथ गली में तेज रफ्तार थार ने कार सवार युवकों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवकों ने थार सवार को कुछ कहा तो उसने गाड़ी बैक कर के उसके ऊपर चढ़ाने की कोशिश की। इस दौरान थार सवार ने युवक को गाड़ी की बोनट पर 40 मीटर तक घसीटा। इसमें उसकी पीठ और हाथ की चमड़ी उधड़ गई। युवक के सिर और पैर में भी गंभीर चोटें आई हैं। उसके पैर की हड्डियां भी टूट गईं।

# प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेगा अपराध नियंत्रण : एसपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के नेतृत्व में जिले में मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप 53 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान हत्या के प्रयास में 16 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मद्य निषेध मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं अन्य शीर्ष मामलों में 27



लोगों को गिरफ्तार किया गया। 835 वाहनों की जांच की गई जिसमें शमन की राशि 18000 रूपये वसूले गए। वहीं इस दौरान एक पिकअप पर लदा 1280लीटर स्प्रिट बरामद किया गया। पकड़े गए लोगों में 13 लोगों को आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण, महिला अत्याचार निवारण एवं जनसुनवाई प्राथमिकता के आधार पर जारी रहेगा। इस जद में जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# दो हत्यारोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** मॉब लिचिंग के आरोप में एनटीपीसी खैरा थाना की पुलिस द्वारा दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान पथरा गांव निवासी सैयर खान एवं रागिब साबिर के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात पथरा गांव के ग्रामीणों ने दो युवकों को चोर समझकर हंगामा खड़ा कर दिया। हंगामा सुनकर अन्य ग्रामीण भी वहां पहुंचे और युवकों की पिटाई करने लगे जिससे रोहतास जिले के डालमियानगर थाना क्षेत्र के मोनिया बिगहा गांव निवासी पिंटिस कुमार की मौत हो गई। जबकि उसी गांव का रहने वाला गोलू सोवर गंभीर रूप से घायल हो गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मॉब लिचिंग के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

# चैती छठ की तैयारी को लेकर बैठक का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** संतान की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और परिवार की खुशहाली के लिए चैती छठ व्रत आज से शुरू हो रहा है। 1 अप्रैल को नहाय-खाय के साथ महिला पुरुष व्रत का संकल्प लेंगे और लगातार 36 घंटे तक निर्जला व्रत रखने के बाद भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ व्रती पारण करेंगे। इसकी तैयारी को लेकर शाहपुर ठाकुरबाड़ी स्थित सूर्य एवं



शिव विकास समिति औरंगाबाद की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अदरी नदी किनारे स्थित छठ घाट की अच्छे से साफ-सफाई कर ली गई है। तालाब की भी सफाई कर उसमें साफ पानी भर दिया गया है। पर्याप्त रोशनी के लिए लाइट की व्यवस्था कर दी गई है। छठ व्रतियों को किसी तरह की कोई समस्या न हो इसके लिए समिति हर संभव प्रयास कर रही है। मौके पर समिति के सचिव रामप्रवेश मेहता, उपाध्यक्ष अमित कुमार, अर्जुन राम, विजय मेहता, राजू मेहता, सुरेश मेहता आदि मौजूद रहे।

# तालाब को किया विषाक्त, लोगों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** भगवान सूर्य की स्थली उमगा उमंगेश्वरी में हजारों वर्ष पौराणिक धार्मिक अध्यात्मिक सूर्य कुंड तालाब है, जिसमें हजारों छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान करतें हैं। उस तालाब में मछली पालक द्वारा मुर्गी बिट्स, लाही और केमिकल्स डाल देने से तालाब का पानी विषाक्त और प्रदूषित हो गया है। तालाब में विषाक्त पानी हो जाने से मछलियां मर गई है जिससे दुर्गंध फैल रहा है। मछली पालक के इस हरक़त से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इस मामले से प्रशासन को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों व सामाजिक कार्यकर्ता राकेश सिंह का कहना है कि मछली पालक को यह जानकारी है कि दो दिन बाद छठ पूजा है और छठव्रती भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रदान करेंगे। इसके बावजूद उसने यह हरकत किया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मछली पालक पर कार्रवाई तथा तालाब की साफ-सफाई की मांग की है।

# हर्षोल्लास से मनाई गई ईद, नमाज अता कर मांगी अमन-चैन की दुआएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले भर में रमजान के पवित्र महीने की समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस खास मौके पर मुस्लिम समुदाय ने सुबह-सुबह ईदगाह में एकत्र होकर विशेष नमाज अता की और खुदा से मुल्क में अमन-चैन, बरकत और तरक्की की दुआएं मांगी। इससे ईद का चांद दिखते ही पूरे शहर में खुशी की लहर दौड़ गई। देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही, लोग नए कपड़ों, मिठाइयों और तोहफों की खरीदारी में व्यस्त नजर आए। वहीं, सुबह होते ही मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की नमाज के लिए लोग जुट गए। नमाज अता करने के बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। सोशल मीडिया पर भी ईद की बधाइयों का सिलसिला जारी रहा। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ

औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील सिंह ने भी ईद के मुबारक मौके पर सभी लोगों को बधाई दी।

पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह ने भी सभी को ईद की मुबारकबाद दी और पर्व को आपसी भाईचारे के माहौल में मनाने की अपील की। इस अवसर पर मोहम्मद कैसर अली, पप्पू, आसमाउद्दीन अंसारी, मुन्ना अंसारी, मुस्ताक, सदर साहब, रहीम, डॉक्टर मुस्ताक अहमद, मुन्ना, रिंकू, पूर्व विधायक प्रतिनिधि रामेश्वर सिंह, नबीनगर नगर पंचायत के जदयू अध्यक्ष प्रदीप सिंह, शिव शंकर सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष बारून उपेंद्र कुमार यादव, मीडिया प्रभारी और पैक्स अध्यक्ष केदार यादव आदि मौजूद रहे।





### मदनपुर प्रखंड संवाददाता के अनुसार

इलाके के विभिन्न जगहों पर ईद उल फितर का त्योहार पूरे हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। ईदगाह से निकलते ही एक दुसरे से गले मिले और मुबारकबाद दिए और एक दुसरे को मिठाईयां खिलाए। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रशासन ने चाक-चौबंद व्यवस्था की है। सभी स्थानों पर नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और धार्मिक नेताओं ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पूरे क्षेत्र में ईद का त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस दौरान बीडीओ अवतुल्य कुमार आर्य, थानाध्यक्ष राजेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष सूर्यवंश सिंह, एसआई कन्हैया सिंह, पीएसआई सुरेन्द्र कुमार, रोहित कुमार, अजय पासवान, शिवराम हेम्ब्रम, ऐश्वर्या प्रिया, श्रीकांत पाण्डेय सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे।

### ओबरा संवाददाता के अनुसार

ओबरा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। ओबरा के मस्जिद एवं कब्रिस्तानों में नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस मौके पर बीडीओ मोहम्मद युनुस सलीम, जिला पार्षद प्रतिनिधि शिव प्रकाश यादव, मुखिया प्रतिनिधि गोबिंद अग्रवाल, वेद प्रकाश, मोहम्मद इरफानूल हक, मोहम्मद मुख्तार एहसानुल हक समेत कई लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की शुभकामना देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नमाज अता करने के बाद लोग एक दूसरे से मिलकर ईद की बधाई दी। इस मौके पर मुखिया मास्टर अंजुम, औरंगजेब आलम, वारसी हुमायूं, अकबर मोहम्मद, जावेद सिद्दीकी, रिजवान अली समेत बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित हुए। इस दौरान कारा मनोरा, बेल भरूब, डिहरा एवं सुर्खी के साथ कई जगहों पर ईद का त्यौहार धूम धाम से मनाया गया तथा एक दूसरे से मिलकर ईद की मुबारक दी। सभी जगहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस की तैनाती दिखी। प्रशासन ने शांति व्यवस्था को लेकर फ्लैग मार्च कर शांतिपूर्वक ईद मनाने को अपील की।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

CMYK